* ओड़िशा संस्करण

05 नवंबर, 2023
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, अष्टमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 17


छत्तीसगढ़ में चुनाव से पहले भाजपा नेता की हत्या, प्रचार से लौटते समय नक्सलियों ने धारदार हथियार से मारा






आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 05 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in



# अखिलेश की राह चले नीतीश, तो खतरे में इंडी अलायंस का वजूद

## ■ सुशासन बाबू ने वामपंथियों के मंच से कांग्रेस के खिलाफ उगला जहर

## ■ मध्यप्रदेश के चुनावी मैदान में भी उतारे प्रत्याशी, परेशान हैं कांग्रेस नेता

**लोकसभा चुनाव में विपक्ष को एकजुट करने की कवायद पांच राज्यों में, खास कर मध्यप्रदेश में हो रहे विधानसभा चुनाव में बिखरती दिख रही है। मध्यप्रदेश में विपक्ष के 'इंडी' गठबंधन के तीन बड़े सियासी दल, यानी कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और जदयू आपस में उलझते दिख रहे हैं। हाल में सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कांग्रेस पर धोखेबाजी का आरोप लगाया, तो अब जदयू की तरफ से कांग्रेस पर करारा हमला किया गया है। नीतीश कुमार ने पटना में आयोजित वामपंथी दलों की रैली के मंच से खुलेआम कह दिया कि कांग्रेस को विपक्षी गठबंधन से कोई मतलब नहीं है। उसके नेता विधानसभा चुनाव में इतने व्यस्त हैं कि उन्हें गठबंधन की कोई परवाह ही नहीं है। इतना ही नहीं, नीतीश की पार्टी ने मध्यप्रदेश में 10 उम्मीदवारों को उतार कर कांग्रेस का सिरदर्द बढ़ा दिया है। अखिलेश के आरोप के जवाब में कांग्रेस ने सपा को अपनी 'औकात' में रहने को ही नहीं कहा, बल्कि उसके एक कद्दावर नेता रवि वर्मा को अपनी पार्टी में शामिल कराने का एलान किया है। लेकिन नीतीश के हमले का अब तक कांग्रेस की तरफ से कोई जवाब नहीं आया है। इसके बावजूद अब यह लगभग तय हो गया है कि ताम-झाम के साथ बना विपक्षी दलों का इंडी गठबंधन अब सिर फुटौव्वल का अखाड़ा बन गया है। इन तीन दलों की तकरार के बीच अब 2024 के आम चुनावों में एकजुट विपक्ष का उतरना दूर की कौड़ी ही लग रहा है। क्या कहा है नीतीश कुमार ने और इसका क्या हो सकता है परिणाम, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कांग्रेस पर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेसी नेता व्यस्त हैं, गठबंधन पर कोई काम नहीं हो रहा है। नीतीश कुमार का साफ कहना है कि अभी गठबंधन को लेकर कोई बात नहीं हो रही है, न ही कोई काम चल रहा है, क्योंकि कांग्रेस के नेता पांच राज्यों के चुनाव में व्यस्त हैं। चुनाव खत्म होने के बाद ही इस गठबंधन को लेकर कोई बातचीत होगी। नीतीश कुमार ने खुद को सभी को साथ लेकर चलने वाला नेता बताया। वह पटना में भाकपा और वामदलों द्वारा आयोजित एक रैली में शामिल हुए। इस दौरान मंच से उन्होंने कांग्रेस को कटघरे में खड़ा कर दिया। नीतीश कुमार ने कहा है कि अभी कांग्रेस पार्टी गठबंधन पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। उसका ध्यान सिर्फ पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव पर है।

नीतीश कुमार का यह बयान कुछ-कुछ अखिलेश यादव के बयान से मिलता-जुलता है कि अभी तक इस गठबंधन को लेकर कुछ भी स्पष्ट नहीं है। अखिलेश यादव ने मध्यप्रदेश विधानसभा चुनावों में कांग्रेस से मिली दुत्कार के बाद कहा था कि उन्हें अगर पता होता कि यह गठबंधन मध्यप्रदेश चुनाव के लिए नहीं है, तो वह यहां बैठक के लिए आते ही नहीं। अब नीतीश कुमार ने भी कुछ ऐसी ही बात कही है।

कांग्रेस पर हमला बोलते हुए नीतीश कुमार ने इंडी गठबंधन से निकलने की बात तो नहीं कही, लेकिन यह जरूर कह दिया कि वह सभी को लेकर चलना चाहते हैं। तभी सभी को एकजुट कर रहे हैं। उन्होंने खुद को समाजवादी बताते हुए कहा कि उनका भाकपा से पुराना रिश्ता है। वामपंथियों और समाजवादियों को एक होकर आगे चलना है। अब एक बार पांचों राज्यों के विधानसभा चुनाव खत्म हो जायें, उसके बाद इस गठबंधन के भविष्य पर चर्चा होगी।





### नीतीश कुमार के रोल को हाइजैक कर रहे राहुल गांधी

भाजपा के खिलाफ गठबंधन खड़ा करने में नीतीश कुमार का सबसे बड़ा रोल रहा, लेकिन मौका मिलते ही कांग्रेस ने उन्हें किनारे कर दिया। राहुल गांधी ने पूरा गठबंधन हाइजैक कर लिया है। यहां तक कि इस गठबंधन को खड़ा करने वाले नीतीश कुमार से पूछे बिना ही गठबंधन का नामकरण आइएनडीआइए यानी इंडी अलायंस कर दिया था। इस बात से नीतीश कुमार काफी नाराज हुए थे और गठबंधन की ओर से आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में हिस्सा लिये बगैर ही लौट आये थे। हालांकि, उन्होंने नाराजगी की बातों को नकार दिया था, लेकिन उसके बाद से नीतीश कुमार के बयान बताते हैं कि उन्हें ही इस गठबंधन में कोई भाव नहीं दिया जा रहा है, जबकि उनके दम पर ही यह खड़ा हुआ। वहीं, अखिलेश यादव साफ कह चुके हैं कि मध्यप्रदेश में उनके 40 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। जब लोकसभा चुनाव आयेगा तब देखा जायेगा।

बता दें कि नीतीश कुमार ने भाजपा के खिलाफ सभी दलों को इकट्ठा करने के लिए पूरा जोर लगा दिया था। उनकी मेजबानी में इस गठबंधन की घोषणा से पहले ही पटना में एक बैठक आयोजित की गयी थी। इसके बाद बैठक मुंबई और फिर बेंगलुरु में हुई। इसी बैठक के दौरान उनकी मर्जी पूछे बगैर राहुल गांधी ने गठबंधन के नाम की घोषणा कर दी थी, जिसके बाद गठबंधन की ओर से साझा बयान जारी किया गया था। उस बयान में भी नीतीश कुमार को किनारे करने की झलक दिखी थी, जब उनके द्वारा एजेंडा के तौर पर शामिल करायी गयी जातीय जनगणना की मांग पर सभी दल सहमत नहीं हो सके थे। बाद में साझा बयान के दौरान इस मुद्दे को ही गायब कर दिया गया। इसके बाद राहुल गांधी ने गठबंधन की तरह ही जातीय जनगणना की मांग को भी हाइजैक करने की कोशिश की है और वह लगातार जातीय जनगणना पर मुखर होकर बयानबाजी कर रहे हैं।

### इंडी गठबंधन के भविष्य पर प्रश्नचिह्न

इस गठबंधन का हिस्सा द्रमुक ने सनातन पर हमले किये, तब भी इंडी गठबंधन की ओर से उनका न तो समर्थन किया गया और न ही विरोध। यह जरूर हुआ कि उदयनिधि स्टालिन के बयान के बाद इंडी गठबंधन की भोपाल में जो रैली होने वाली थी, वह चुनावों की वजह से कांग्रेस के दबाव में रद्द कर दी गयी। उधर राजद के नेताओं की सनातन और हिंदू विरोधी बयानबाजी पर भी नीतीश कुमार समेत सभी दल खामोश रहे हैं। इसके बाद अखिलेश यादव ने खुलेआम इस गठबंधन के खिलाफ बयान दिये, तो अब नीतीश कुमार के तेवर भी सामने आ गये। इस बीच, अखिलेश यादव ने भी साफ कर दिया है कि वह इंडी गठबंधन में होकर भी उत्तर प्रदेश की 80 में से 65 लोकसभा सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेंगे। उन्हें किसी दल के साथ की जरूरत नहीं। इसी तरह पंजाब से लेकर दिल्ली तक आम आदमी पार्टी और कांग्रेस की खींचतान सामने आ ही चुकी है। ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में वामदलों के साथ काम करने को इच्छुक नहीं हैं। ऐसे में बहुत कम जगहें ऐसे बची हैं, जहां यह इंडी गठबंधन बिना विवादों के हो। ऐसे में यह कयास लगाया ही जा सकता है कि भाजपा को रोकने के लिए बना इंडी गठबंधन शायद ही कोई कमाल कर पाये।

## राजनीतिक हलचल

# रिटायरमेंट की बात दिमाग से निकाल दीजिए, मैं कहीं नहीं जा रही : वसुंधरा राजे

**राजस्थान** की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने शनिवार को झालरापाटन विधानसभा सीट से अपना नामांकन भर दिया। नामांकन भरने के बाद उन्होंने मीडिया से बता करते हुए बड़ा बयान दिया जिसके बाद राजनीतिक हलकों में चहल-पहल शुरू हो गयी। इस दौरान राजे ने जनता के बीच शुक्रवार को दिए बयान को स्पष्ट किया। वसुंधरा राजे ने मीडिया से बात करने के दौरान कहा कि उन्होंने जनता के बीच रिटायरमेंट की बात इसलिए की थी , क्योंकि जनता और उनके बेटे दुष्यंत के बीच अच्छा समन्वय दिख रहा था। राजे ने कहा कि मैंने एक मां के तौर पर यह बात कही थी। मुझे यह अच्छा लगा कि दुष्यंत और झालावाड़ के लोगों के बीच इतनी अच्छी बॉन्डिग हो गई है। उन्होंने आगे कहा कि वह अभी नामांकन भर कर बाहर निकली हैं, ऐसे में रिटायरमेंट की बात को आप लोग अपने दिमाग में ना रखे। मैं कहीं नहीं जा रही हूं।



### क्या कहा था वसुंधरा राजे ने

बता दें कि वसुंधरा राजे दो दिन से झालावाड़ में हैं। पहले दिन उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र झालावाड़ में प्रवीण शर्मा स्टेडियम में जनसभा की थी। इस दौरान उन्होंने अपने सांसद बेटे दुष्यंत सिंह का भाषण सुनने के बाद कहा कि 'मेरे बेटे की बात सुनने के बाद मुझे लगता है कि अब रिटायरमेंट ले लेना चाहिए। राजे ने इस दौरान आगे यह भी कहा था कि' आप सभी ने उसे इतनी अच्छी तरह प्रशिक्षित किया है कि मुझे उसे आगे बढ़ाने की जरूरत नहीं है। सभी विधायक यहां हैं और मुझे लगता है कि उन पर नजर रखने की कोई जरूरत नहीं है। क्योंकि वे अपने दम पर लोगों के लिए काम करेंगे।' राजे के इस बयान को उनके ओर से राजनीति से संयास लेने के मुद्दे से जोड़कर देखा जा रहा था।

## धर्मांतरण और भ्रष्टाचार मुद्दे पर योगी ने कांग्रेस को सुनायी खरी- खरी

# छत्तीसगढ़ की तरह यूपी में होता तो बदमाशों का तेल निकाल दिया जाता: योगी आदित्यनाथ

**छत्तीसगढ़** में विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच जनसभा करने के लिए बीजेपी के कई दिग्गज नेता दौरे कर रहे हैं। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ भी पहुंचे। जहां उन्होंने प्रदेश में मौजूदा कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा।

दरअसल, चुनावी दौरे में स्टार प्रचारक यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ भानुप्रतापपुर में बीजेपी प्रत्याशी के लिए जनसभा करने के लिए पहुंचे। जहां योगी आदित्यनाथ ने धर्मांतरण मुद्दे पर छत्तीसगढ़ सरकार के लिए धर्मांतरण और भ्रष्टाचार मुद्दे पर यूपी से तुलना की।

### छत्तीसगढ़ सरकार पर साधा निशाना

उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भानुप्रतापपुर में छत्तीसगढ़ सरकार पर जमकर हमला बोला। योगी ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार पर पहले खनिज का आरोप लगा था और खनिज के आरोप पर भ्रष्ट्राचार करने की वजह से कटघरे में खड़ा होना पड़ा था। यहां से घोटालो की लगातार शिकायत मिल है। इनके एक साथी ने बिहार में चारा घोटाला किया था और इन्होंने यहां पर गोबर घोटाला कर लिया है। उत्तरप्रदेश मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार राम नवमी



के उत्सव पर लाठी चार्ज करवाती है। त्यौहारों को शांति पूर्ण मनाने नही देती है। दूसरी तरफ लव जिहाद के उपद्रवियों को संरक्षण देते हुए प्रोत्साहित करने का काम करती है।

### बदमाशों का तेल निकाल दिया जाता

भ्रष्टाचार और धर्मांतरण वाले मामले में कहा कि उत्तर प्रदेश में हमने ऐसे लोगो के खिलाफ कानून बनाया है। यदि कोई दुस्साहस करता है तो उनका तेल निकाल दिया जाता है। यहां की सरकार धर्मांतरण करवाने वाले को परिश्रय देने का काम करती है। भोले भाले आदिवासियों को भड़काकर उन्हें अपनी व्यवस्था के खिलाफ भड़काने का काम करती है। हमारी सरकार आएगी तो हम व्यवस्था सुधार देंगे। सभी के घरों में नल से जल पहुंचाकर देंगे और गरीबो का मकान मकान बनाकर देंगे, ये हमारा आपसे वादा है।

# राहुल गांधी का सवाल : देश में सिर्फ एक जाति 'गरीब' तो खुद को ओबीसी क्यों कहते हैं पीएम मोदी

**कांग्रेस नेता** राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सवाल किया है कि यदि वह कहते हैं कि देश में सिर्फ एक ही जाति 'गरीब' है तब वह खुद को बार-बार ओबीसी क्यों कहते हैं? गांधी ने शनिवार को बस्तर जिले के जगदलपुर जिला मुख्यालय में चुनावी रैली को संबोधित करते कहा कि भाजपा के नेता आदिवासियों को वनवासी इसलिए कहते हैं क्योंकि वह आदिवासियों



को दिखाना चाहते हैं उनकी जगह कहां होनी चाहिए। राज्य में 90 सीटों के लिए हो रहे विधानसभा चुनाव के लिए सात और 17 नवंबर को दो चरणों में मतदान होगा।

कांग्रेस नेता ने आदिवासी बाहुल्य बस्तर जिले में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, "अपने भाषण में प्रधानमंत्री ने कहा की हिंदुस्तान में एक ही जाति है। वह हिंदुस्तान का गरीब है। वह कह रहे हैं कि इस देश में ना दलित है, ना आदिवासी है और ना पिछड़े हैं। हम सब जानते हैं कि इस देश में आदिवासी हैं, आदिवासी भाषाएं हैं, आदिवासी संस्कृति हैं और आदिवासी इतिहास है। यहां दलित हैं, दलितों के साथ अपमान किया जाता है, उन्हें हर रोज तंग किया जाता है। पिछड़ों को जो हक मिलना चाहिए वह नहीं मिलता। लेकिन हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री कहते हैं कि हिंदुस्तान में सिर्फ एक जाति है, वह गरीब है। यदि एक ही जाति है तो फिर आप अपने आप को ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) क्यों कहते रहते हैं। हर भाषण में क्यों कहते रहते हैं कि मैं ओबीसी हूं।"

www.epaper.azadsipahi.in

05 नवंबर, 2023
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, अष्टमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 17

नेपाल में 6.4 तीव्रता का भूकंप, 157 की मौतः पश्चिम रुकुम-जाजरकोट सबसे ज्यादा प्रभावित।






### गृह मंत्रालय की सूचना पर बिरसा मुंडा जेल में पड़ा था इडी का छापा

# जेल के अंदर मीटिंग, सेटिंग और पार्टी

- छापेमारी में इडी को मिले कई सबूत
- इडी अधिकारियों पर नक्सलियों, अपराधियों से हमला, ट्रैप कर फंसाने और गवाहों पर दबाव की साजिश रची जा रही

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने शुक्रवार को यूं ही रांची के बिरसा मुंडा जेल में छापेमारी नहीं की थी। केंद्रीय गृह मंत्रालय से प्राप्त सूचना के आधार पर इडी की टीम ने छापेमारी की। सूत्रों की मानें तो वहां जेल मैनुअल की धज्जियां उड़ रही हैं। जेल में मीटिंग, सेटिंग और पार्टी चल रही है। जेल में अवैध रूप से लोगों को बुला कर मीटिंग होती है। इडी अधिकारियों और उसके गवाहों पर हमला की साजिश रची जा रही है। वहां बर्थ-डे पार्टी मनायी जा रही है। सबूतों को मिटाने के लिए जेल में लगे सीसीटीवी कैमरे और रजिस्टर के साथ छेड़छाड़ की जा रही है। सूत्रों की मानें तो इडी को छापेमारी में इन सब बातों के पक्के सबूत हाथ लगे हैं।

**छवि, प्रेम समेत कई हैं जेल हैं :** राज्य में बीते दो साल से प्रवर्तन निदेशालय (इडी) सक्रिय है। मनरेगा घोटाले की जांच से शुरू हुआ मामला, साहिबगंज में अवैध खनन, भूमि घोटाला, विधायक कैश कांड आदि तक पहुंच गया। इन मामलों में निलंबित आइएएस पूजा सिंघल, छवि रंजन, पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश, कारोबारी विष्णु अग्रवाल समेत एक दर्जन लोग जेल में बंद हैं।




### जेल नियमों की उड़ायी जा रही हैं धज्जियां

जानकारी के मुताबिक जेल में बंद मनी लॉड्रिंग के आरोपी अधिकारियों की मदद से जेल नियम की धज्जियां उड़ा रहे हैं। जेल में बंद आरोपी एप्पल के फेस टाइम एप के जरिए बाहर के लोगों के संपर्क में आये थे। जेल में प्रेम प्रकाश के बाहरी सहयोगियों का आना-जाना लगा रहता है। प्रेम प्रकाश समेत कई आरोपियों को जेल नियम के विरुद्ध सुविधाएं दी जा रही हैं। इससे जुड़े सीसीटीवी फुटेज नष्ट किये जाने की जानकारी इडी को मिली है।

### गृह मंत्रालय ने किया इडी को आगाह

सूत्रों के अनुसार हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्रालय की टीम रांची आयी थी। गृह मंत्रालय की टीम को इस बात की भनक लगी थी कि जेल में बंद मनी लांड्रिंग के आरोपी और नक्सली इडी अधिकारियों के विरुद्ध साजिश रच रहे हैं। गृह मंत्रालय ने इस बारे में इडी को आगाह किया। सूत्रों का यह भी कहना है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के द्वारा इस संबंध में एक पत्र भी राज्य पुलिस को भेजा गया है, जिसमें इडी अफसरों की सुरक्षा को लेकर निर्देश दिया गया है। इसके बाद से इडी के अधिकारियों को सीआइएसएफ की सुरक्षा दी गयी है।

### नक्सलियों और आपराधिक गिरोह से हमले की साजिश

सूत्रों की मानें तो जेल में इडी अधिकारियों के खिलाफ साजिश रची जा रही है। इडी के अधिकारियों को नुकसान पहुंचाने के लिए जेल में बंद मनी लॉड्रिंग के आरोपी नक्सली से लेकर गैंगस्टर तक से संपर्क में हैं। इडी का दावा है कि एजेंसी के अधिकारियों को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सलियों से मदद मांगी जा रही है। सूत्रों की मानें तो इडी को सूचना थी कि जेल में बंद आरोपी प्रेम प्रकाश ने नक्सलियों से इडी के अधिकारियों पर हमला कराने की बात कही थी, लेकिन नक्सलियों ने ऐसा करने से मना कर दिया, जिसके बाद जेल में बंद प्रेम प्रकाश ने जेल में बंद बड़े गैंगस्टर अमन साव से भी संपर्क किया था, ताकि यह प्लान धरातल पर उतर सके। इडी के दो अधिकारी प्रेम प्रकाश के रडार पर थे, जिन्हें वह रास्ते या जांच से हटाने का हरसंभव प्रयास कर रहा था।

### महिला से ली जा रही मदद

जेल में बंद आरोपी इडी अधिकारियों को ट्रैप करने और झूठे मामले में फंसाने के लिए महिला की मदद ले रहे थे। सूत्रों की मानें तो इसके लिए एक महिला को तैयार भी कर लिया गया था, जिससे अधिकारियों को ट्रैप कर फंसाया जा सके। उन पर झूठा मुकदमा दर्ज कराया जा सके। इस मामले में इडी द्वारा कई अहम तथ्य और साक्ष्य जुटाये गये हैं। सूत्र बताते हैं कि इस साजिश में अवैध खनन और जमीन घोटाले में शामिल प्रेम प्रकाश समेत कई दूसरे कैदियों की भूमिका थी। सूचना यह भी है कि जेल में बंद आरोपियों को जेल प्रशासन और बाहर से भी मदद पहुंचायी जा रही थी। इडी अब उस महिला के बारे में जानकारी जुटा रही है।

### जेल में मनी बर्थडे पार्टी, हुईं बैठकें

सूत्रों के मुताबिक इडी को जेल में छापेमारी के दौरान कई सबूत हाथ लगे। जेल में हाल ही में मनी लांड्रिंग के एक आरोपी के बर्थडे में पार्टी हुई थी। वहीं, आरोपियों की कई लोगों के साथ बैठकें भी हुई थीं, जिन्हें अवैध रूप से जेल में प्रवेश कराया गया था। सूत्रों के मुताबिक रांची पुलिस के एक अधिकारी ने प्रेम प्रकाश और अमित अग्रवाल से मुलाकात की थी। उस अधिकारी से इडी के अधिकारियों के खिलाफ साजिश रचने के लिए मदद मांगी गयी थी। इस बातचीत से संबंधित एक ऑडियो भी इडी के हाथ लगी है। इडी ऑडियो क्लिप की जांच कर रही है। उधर, इडी के गवाहों पर दबाव बनाने की भी साजिश चल रही थी। इडी को इस बाबत सबूत भी मिले हैं। इडी ने इन सभी बातों से केंद्रीय गृह मंत्रालय को अवगत कराया है। इडी इस बारे में कई लोगों से पूछताछ भी कर सकती है।

# 80 करोड़ गरीबों को अगले पांच साल तक मुफ्त राशन : मोदी

- प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ के दुर्ग में की घोषणा
- कांग्रेस और मुख्यमंत्री बघेल पर साधा निशाना

आजाद सिपाही संवाददाता



**दुर्ग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को छत्तीसगढ़ के दुर्ग में कहा कि केंद्र सरकार 80 करोड़ गरीब परिवार को मुफ्त राशन योजना का फायदा अगले पांच साल तक बढ़ायेगी। चुनावी रैली में पहुंचे मोदी ने राज्य की कांग्रेस सरकार पर 9500 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि चहेतों को नौकरी देने के लिए यहां पीएससी घोटाला हुआ। कांग्रेस ने महादेव के नाम को भी नहीं छोड़ा। दुबई में बैठे सट्टेबाजों के करोड़ो रुपये जब इडी ने पकड़े, तो यहां के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आखिर क्यों बौखला गये? इन घोटालेबाजों के साथ उनके क्या संबंध हैं?

प्रधानमंत्री ने कहा कि आप यहां सरकारी दफ्तरों में जाते हैं तो एक ही बात बोलते हैं कि 30 टका कक्का, आपका काम पक्का। कांग्रेस की हर घोषणा में 30 टके का खेल पक्का है। इस सरकार से छत्तीसगढ़ छुटकारा चाहता है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ भाजपा की पूरी टीम ने आपके सपनों को सच बनाने वाला संकल्प पत्र जारी किया है। भाजपा के संकल्प पत्र के आगे कांग्रेस का झूठ का पुलिंदा भी है। कांग्रेस की प्राथमिकता है भ्रष्टाचार से अपनी तिजोरियां भरना। अपने चहेतों को नौकरियां बांटना, आपके बच्चों को नौकरियों से बाहर करना। मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने तो महादेव के नाम को भी नहीं छोड़ा है। दो दिन पहले ही रायपुर में बहुत बड़ी कार्रवाई हुई है, रुपयों का बहुत बड़ा ढेर मिला है। लोग कह रहे हैं कि ये पैसा सट्टेबाजों का है, जुए का खेल खेलने वालों का है, जो उन्होंने छत्तीसगढ़ के गरीबों और नौजवानों को लूट कर जमा किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के रिपोर्ट कार्ड में घोटालों की कमी नहीं है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार ने 9 हजार 500 करोड़ रुपये के घोटाले किये। मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ को लूटने का कांग्रेस ने कोई भी मौका नहीं छोड़ा है। लेकिन मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद ऐसे घोटालों की सख्ती से जांच की जायेगी। आपका पैसा लूटने वालों को जेल भेजा जायेगा। उनसे पाई-पाई का हिसाब लिया जायेगा।










# बच्चों के साथ पोखर में कूद कर महिला ने की आत्महत्या

- मामला हैदरनगर थाना क्षेत्र के पसियाडीह टोला का
- घरेलू विवाद के कारण उठाया कदम

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल के हैदरनगर थाना अंतर्गत करीमडीह गांव के पसियाडीह टोला निवासी जवाहिर राम की पत्नी निर्मला देवी (30) ने घरेलू विवाद में अपने तीन बच्चों के साथ मोकहर कला के समीप पोखरा में कूद कर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों ने सभी को पोखरा से बाहर निकाला। उन्हें तत्काल हैदरनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। चिकित्सक डॉ मंजूर आलम ने महिला निर्मला देवी, उसकी आठ वर्षीय बेटी लाडली कुमारी और छह वर्षीय बेटे करण कुमार को मृत घोषित कर दिया, जबकि 4 वर्षीय पुत्र गुड्डू कुमार की स्थिति खतरे से बाहर है। गुड्डू का प्राथमिक उपचार कर छोड़ दिया गया है।

उधर, घटना के बाद से गांव में मातम पसरा हुआ है। घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि निर्मला के घर में अक्सर लड़ाई-झगड़ा होता था। उसके पति जवाहिर राम समझा-बुझा कर मामले को शांत करता था। दो दिन पहले जवाहिर मजूरी के लिए सिंकदराबाद चला गया। निर्मला शनिवार की सुबह आठ बजे अपने तीनों बच्चों को लेकर घर से मोकहर कला गांव की ओर निकली थी।

उसने अपने बच्चों को पोखरा में फेंका और खुद भी कूद गयी। इसकी सूचना ग्रामीणों को मिली। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए आखिरी में फेंके गये बच्चे को बचा लिया, लेकिन महिला और दो बच्चों को नहीं बचा सके।

### अयोध्या में अक्षत पूजन आज, निवेदन पत्रक भेजा जायेगा

**लखनऊ (आजाद सिपाही)।** 5 नवंबर को अयोध्या में होनेवाले अक्षत पूजन के बाद पूजित अक्षत के साथ एक निवेदन पत्रक भी देश के पांच लाख गांवों में भेजा जायेगा। इसके माध्यम से श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट रामभक्तों से 22 जनवरी को सुबह 11 से 01 बजे के बीच अपने-अपने स्थानों पर अनुष्ठान करने और शाम को दीपोत्सव मनाने की अपील करेगा। पत्रक में भक्तों को राममंदिर की संरचना और सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी जायेगी। पत्रक में अपील की जा रही है कि 22 जनवरी के शुभ दिन प्रभु श्रीराम के बाल रूप नूतन विग्रह को, श्रीराम जन्मभूमि पर बन रहे नवीन मंदिर के भूतल के गर्भगृह में विराजित करके प्राण प्रतिष्ठा की जायेगी। इस समय अयोध्या में अभूतपूर्व आनंद का वातावरण होगा।




# जापान ने चीन को हराया, फाइनल में पहुंचा

- दोनों टीमों के बीच हुआ संघर्षपूर्ण मुकाबला
- भारत और कोरिया में कोई एक टीम फाइनल में पहुंचेगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** महिला एशियन हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी में शनिवार को तीन मुकाबले हुए। पहला मुकाबला पांचवें और छठे स्थान के लिए मलेशिया और थाइलैंड के बीच हुआ। मलेशिया ने थाइलैंड को 1-0 से हराया और टीम पांचवें स्थान पर रही। वहीं, दूसरा मुकाबला सेमीफाइनल का जापान और चीन के बीच हुआ। दोनों टीमों के बीच संघर्षपूर्ण मुकाबला हुआ। जापान ने चीन को 2-1 से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया। तीसरा मुकाबला सेमीफाइनल का भारत और कोरिया के बीच शुरू हुआ। खबर लिखे जाने तक भारत ने पहले हॉफ में 2-0 से बढ़त हासिल कर ली है। इन दोनों में जो टीम जीतेगी, वह फाइनल में पहुंचेगी और जापान के साथ उसका मुकाबला होगा।

मलेशिया और थाइलैंड के बीच हुए पहले मुकाबले में मलेशिया की खिलाड़ी सियाफी नुरमिजातुला को प्लेयर ऑफ द मैच और थाइलैंड की खिलाड़ी खोंगाविचइन को राइजिंग स्टार का पुरस्करा मिला। वहीं सेमीफाइनल के पहले मुकाबले में जापान की खिलाड़ी तनाका आकियो को प्लेयर ऑफ द मैच और केवी जूनन को राइजिंग स्टार का खिताब मिला। उधर, भारत और कोरिया के बीच मैच शुरू हो चुका है। भारतीय टीम की खिलाड़ी पूरे जोश के साथ मैदान में उतरी हैं। भारतीय टीम अभी तक एक भी मैच नहीं हारी है। खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। खबर लिखे जाने तक दोनों टीमों के बीच मैच चल रहा था। रविवार को दो मैच होंगे। पहला मैच तीसरे और चौथे स्थान के लिए सेमफाइनल हारने वाली टीमों के बीच होगा। वहीं, दूसरा मैच फाइनल का होगा।

## थाना प्रभारी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्र का जयनगर थाना प्रभारी उमानाथ सिंह, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी बीरेंद्र कुमार ने लोकसभा 2024 चुनाव की तैयारी को लेकर मतदान केंद्र का दौरा किया। पंचायती राज पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि जो जर्जर स्थिति में मतदान केंद्र है और जहां पहुंच पथ नहीं है वैसे मतदान केंद्र चिन्हित कर प्रतिवेदन दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जायेगा। उन्होंने कहा आगामी लोकसभा में ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को अनिवार्य मतदान करने के लिए प्रेरित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है या वह कहीं अन्य जगह चले गये हैं उसके सत्यापन का कार्य करते हुए फॉर्म 7 भरवा कर उनका नाम सूची से विलोपित करें। उन्हें फॉर्म 6 को लेकर कहा कि सभी योग्य मतदाताओं का फॉर्म 6 भर कर मतदाता सूची में उनका नाम जोड़ा जायेगा।

## डीएवी में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कक्षा एलकेजी से दूसरी तक के बच्चों के बीच रंगोली प्रतियोगिता का कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें बच्चों ने दीपावली के शुभ अवसर के लिए सुंदर-सुंदर रंगोली बना कर सभी को आकर्षित किया। कक्षा एलकेजी और यूकेजी समूह के बच्चों ने आकर्षक फूलों व पत्तों से रंगोली बनाये। उसमें प्रथम स्थान पर अवनीश शंकर, सुहासिनी कुमारी, युवान कुमार और अश्मि पाठक रहीं। द्वितीय स्थान पर श्रीहन शांडिल्य, वाणी गुप्ता, प्रणव सिन्हा, आद्रिता भदानी रहीं। वहीं तृतीय स्थान प्रीत राज, आभाष कुमार, आदर्श कुमार, आलोक राज ने प्राप्त किया। कक्षा पहली व दूसरी समूह के बच्चों ने रंग-बिरंगे रंगों से रंगोली बनाये जिसमें प्रथम स्थान इंद्रजीत कुमार, माधव किशोर, हर्षित सिंह व तेजस प्रताप सिंह ने प्राप्त किया तो दूसरा स्थान अवनी सिन्हा, विवान सिंह, अथर्व सिंह व सान्वी सिन्हा ने प्राप्त किया और तृतीय स्थान आरव कुमार, रौनव कुमार, अनाया तहरीन, तृषा सोनकर ने पाया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका रिया शर्मा ने निभाई। प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने बच्चों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि रंगोली को अलग-अलग प्रदेशों में अलग अलग-नाम से जाना जाता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सी सीए इंचार्ज श्वेता सिंह और विद्यालय की शिक्षिका लक्की पाठक, वंदना दुबे, लक्ष्मी कुमारी, संध्या कुमारी, शिल्पी कुमारी व कीर्ति कुमारी ने अपना महत्त्पूर्ण योगदान दिया।

## सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के सतगावां से कोडरमा आने के दौरान मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त होने से तीन लोग घायल हो गये। स्थानीय लोगों की सहायता से इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। घायलों की पहचान सतगावां निवासी रामबालक प्रसाद सिंह (उम्र 60 वर्ष, पिता लाल मणि सिंह), मसनोडीह निवासी आकाश कुमार (उम्र 18 वर्ष, पिता हरि तुरी) और गीता देवी (उम्र 30 वर्ष, पति शंकर तुरी) के रूप में हुई। सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रामबालक प्रसाद को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया है। वहीं दो अन्य घायलों का इलाज सदर अस्पताल कोडरमा में चल रहा है।

## डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन मैनेजमेंट प्लान की बैठक



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियां को लेकर डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन मैनेजमेंट प्लान की बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को मतदान केंद्रों और मतदाता सूची से संबंधित कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि अभी मतदाता विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है, सभी बीएलओ के माध्यम से मतदाता का नाम मतदाता सूची में जोड़ने का कार्य करें, मतदाता सूची में किसी प्रकार की त्रुटियां हैं, उनका निराकरण करें। साथ ही सभी मतदान केंद्रों पर सारी प्रकार की सुविधा उपलब्ध है, यथा बिजली, पानी, शौचालय इत्यादि का आकलन करें, इस हेतु सभी सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी और थाना प्रभारी को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि चुनाव से संबंधित कार्यों की सूचना स्थानीय जनप्रतिनिधियों को अवश्य रूप से दें और उनके बूथ लेवल एजेंट से संपर्क स्थापित करते हुए मतदाता सूची में नाम जोड़ने हटाने से संबंधित कार्यों में सहयोग लें। उपायुक्त ने कहा कि आगामी वर्ष चुनाव का वर्ष है और चुनाव से संबंधित सारे कार्य कर लेना है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष 77 अतिरिक्त नये मतदान केंद्र बनाये गये हैं और उन सभी मतदान केंद्र पर सारी सुविधाओं का आकलन करने की बात कही। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर फोर्स की जरूरत का आकलन कर रिपोर्ट उपलब्ध करायेंगे। साथ ही संवेदनशील मतदान केंद्रों पर रिपोर्ट उपलब्ध करायेंगे। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीना, अपर समाहर्ता अनिल तिर्की, उप निर्वाचन पदाधिकारी जयपाल सोय, सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, थाना प्रभारी व अन्य मौजूद रहे।

## समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण विभाग की समीक्षा किया गया। उपायुक्त ने राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि इस योजना से संबंधित जितने भी आवेदन प्राप्त हुए हैं उन सभी बच्चियों को योजना का लाभ देते हुए राशि का भुगतान करेंगे। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना को लेकर कहा योजना का वृहद स्तर पर प्रचार प्रसार करें। विवाह निबंधन का प्रचार प्रसार करें। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी व अन्य मौजूद रहे।

## दीपावली और छठ पर्व को लेकर सफाई का निर्देश

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने आगामी दीपावली और छठ पर्व को लेकर साफ-सफाई हेतु आवश्यक बैठक की। उपायुक्त ने नगर प्रशासक नगर परिषद् झुमरी तिलैया, नगर पंचायत कोडरमा, डोमचांच से छठ घाटों के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने सभी नगर प्रशासक को निर्देशित करते हुए कहा की सभी छठ घाटों की समुचित साफ सफाई करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही पानी की सफाई प्राथमिकता के आधार पर करेंगे। छठ घाट में किनारे चारों ओर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करें। साथ ही छठ पर्व व्रतियों के आने वाले रास्ते की भी साफ सफाई करेंगे। सभी छठ घाटों के पास गोताखोर की प्रतिनियुक्ति करने को कहा गया। बिजली, पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। छठ घाटों में अस्थाई चेंजिंग रूम की व्यवस्था करेंगे। अस्थाई शौचालय की भी व्यवस्था करने को कहा गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीना, नगर प्रशासक नगर परिषद् झुमरी तिलैया, नगर पंचायत कोडरमा, डोमचांच व अन्य मौजूद रहे।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में प्रतियोगिता का आयोजन

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** सीसीए कार्यक्रम के तहत सेक्रेड हार्ट स्कूल में शनिवार को जूनियर मास्टर शेफ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में पानी, पावन, धरती और आकाश हाउस के बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का विषय बिना आग के खाना पकाना था। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला सदन पवन हाउस, सर्वश्रेष्ठ क्रिएटिव डिश मेकर धरती हाउस से रिया कुमारी, सर्वश्रेष्ठ डिश मेकर: धरती हाउस से सार्थक कुमार, सर्वश्रेष्ठ पौष्टिक व्यंजन निमार्ता धरती हाउस से हर्षिका कुमारी थी। यह कार्यक्रम सीसीए इंचार्ज हंसपाल की देखरेख में हुआ। निर्णायक की भूमिका रजनी बाला ने निभाई। इस दौरान बच्चों ने कई तरह के स्वादिष्ट व्यंजन बनाये जिसका उपस्थित लोगों ने जमकर लुत्फ उठाया। विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने बच्चों की प्रतिभा को साराहा और कहा की ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों को कई प्रकार की जानकारियां मिलती हैं।

## विधायक अंबा प्रसाद ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री आलमगीर आलम, विधायक दीपिका पांडे सिंह के साथ मुलाकात कर राज्य में जातीय जनगणना, विस्थापन आयोग का गठन करने समेत आंदोलनरत कृषक मित्रों, स्वयंसेवक एवं जेटेट पास सभी की समस्याओं का स्थायी समाधान करने का अनुरोध किया।



इस संबंध में विधायक अंबा प्रसाद ने बताया कि उक्त सभी मामलों को लेकर मैं पहले भी मुख्यमंत्री से मिली हूं और प्रभावित लोग अक्सर मेरे आवास पर इन मामलों को लेकर आते रहे हैं। विधायक ने कहा, मुख्यमंत्री से मिल कर उन्हें सभी बातों से अवगत कराया। मुझे आश्वस्त किया गया है कि इनकी समस्या का निराकरण जल्द होगा। साथ ही पुलिस और वन विभाग की नियुक्ति, स्वास्थ मित्रों की सेवा को लेकर बात हुई, जिस पर जल्द महागठबंधन सरकार अग्रतर कार्य करेगी। अंबा प्रसाद ने कहा कि स्वयं सेवक संघ की समस्या के निवारण के साथ अच्छा नामांकरण भी होगा।

# पेलोडर की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत

**शव को रखकर ग्रामीण और मजदूरों ने कराया काम बंद**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कटकमदाग।** प्रखंड अंतर्गत बनादाग कोल साइडिंग में शुक्रवार देर रात एक मजदूर की मृत्यु हो गई, जिसके बाद मजदूरों ने हत्या का आरोप लगा कर कोल साइडिंग के काम को बंद कर दिया। बताया जाता है कि मृतक बंधन प्रसाद कुशवाहा का ड्युटी के दौरान शुक्रवार रात्रि करीब एक बजे लोडिंग कार्य कर रहे पेलोडर की चपेट में आने से मौत हो गई। अन्य मजदूरों का कहना है की मृतक जब पेलोडर की चपेट में आया तो किसी को पता नहीं चले यह सोचकर उसके शव को कोयले के साथ कोयला ढुलाई करने वाली ट्रेन में डाला जा रहा था तभी किसी ने देख लिया और हो हल्ला मचाया तथा शोर सुनकर पेलोडर का चालक भाग गया। जैसे ही इस बात की सुचना मृतक के परिजनों तथा ग्रामीणों को मिली सभी कोल साइडिंग में आकर काम को बंद करा दिया तथा शव को रख कर मुआवजा तथा नौकरी की मांग लेकर वही बैठ गए। इधर कटकमदाग थाना पुलिस भी दल बल के साथ घटनास्थल पर मुस्तैद रही। परिजनों के द्वारा कंपनी से तीन मांग की गई जिसमें मृतक मजदूर को पच्चास लाख रुपए का मुआवजा, मृतक के पुत्र को नौकरी तथा मृतक की पत्नी को आजीवन पेंशन दे। कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी तथा ग्रामीणों व परिजनों के साथ वार्ता की गई जिसमें तय किया गया की कंपनी तत्काल मृतक के परिजनों को पच्चास हजार रुपए अंतिम संस्कार व क्रिया क्रम के लिए दिया तथा दस लाख रुपए का चेक मुआवजा के रूप में दिया गया। ग्रामीणों व परिजनों के साथ कंपनी का वार्ता होने तथा उपरोक्त मांगों को मानने के बाद परिजन शव उठाने को तैयार हुए। कंपनी में कार्यरत अन्य मजदुरों ने कहा की अपनी जान जोखिम में डालकर कम तनख्वाह में काम करते हैं पर हम मजदुरों के लिए कंपनी के तरफ से कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। मजदुरों ने कहा की ना तो हमें बैठने की जगह है ना ही भोजन आदि करने की जगह। मजदुरों ने कंपनी से सभी के लिए दुर्घटना बीमा कराने की मांग की।

## पाइप चोरी के आरोपी को मिली सशर्त जमानत

**छह सप्ताह के भीतर 18 लाख के भुगतान का निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जयनगर।** थाना क्षेत्र में विगत महीने सतडीहा ग्रामीण जलापूर्ति योजना का 127 पीस पाइप चोरी का जयनगर थाना कांड संख्या 156/23 दर्ज किया गया था। पुलिस ने गत माह पाइप बरामदगी के बाद इसमें संलिप्त कुछ आरोपियों को गिरफ्तार भी किया था। हालांकि गिरफ्तारी के अगले दिन ही इन आरोपियों को पुलिस के द्वारा नियमानुसार कार्रवाई नहीं किए जाने का हवाला देकर छोड़ने का आदेश हुआ था। इसके पश्चात पुलिस ने कोर्ट से निकलते ही इन आरोपियों को दूसरे मामले में गिरफ्तारी दिखाई थी। इधर पुलिस फैक्ट्री संचालक को गिरफ्तार करने के प्रयास में जुटी थी। बता दें कि तिलैया के गझंडी रोड में संचालित अंजनी सूत्र प्राइवेट लिमिटेड से पुलिस ने चोरी का पाइप बरामद किया था। फैक्ट्री में पाइप को गलाने की तैयारी की जा रही थी, जिसे पुलिस ने छापामारी कर बरामद कर जयनगर थाना लाया था। इधर फैक्ट्री के संचालक अंकित केडिया को उच्च न्यायालय ने सशर्त जमानत दी है। हाई कोर्ट ने फैक्ट्री संचालक को संबंधित संवेदक के नाम सूरजमल ओंकारमल के विजय भुजानिया के नाम 18 लाख रुपए का डिमांड ड्राफ्ट निचले अदालत में 6 सप्ताह के अंदर जमा करने और पुलिस को अनुसंधान में पूरा सहयोग करने सहित अन्य शर्तों पर अग्रिम जमानत को मंजूरी दी। मामले की जांच पूरी होने तक अंकित केडिया को अपना मोबाइल नंबर नहीं बदलना है।

## खेलने के दौरान बच्चे के कपड़े में लगी आग

**बचाने गयी महिला झुलसी**

**सदर अस्पताल से फिर गायब मिले डॉक्टर प्रमोद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के नवलशाही थाना क्षेत्र के बंदरचाक में शनिवार को ज्वलनशील पदार्थ के चपेट में आने से एक 3 वर्षीय बच्चा और 21 वर्षीय महिला आग की चपेट में आने से झुलस गये। घटना के बाद परिजनों के द्वारा दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया। घायलों में राहुल कुमार साव (उम्र 3 वर्ष, पिता उमेश साव) और सीता देवी (उम्र 21 वर्ष, पति दीपक साव) शामिल है। घटना को लेकर घायलों के परिजन ने बताया कि शनिवार की सुबह घर में चूल्हे पर खाना बन रहा था। इस दौरान बच्चा चूल्हे से एक लकड़ी में आग लगाकर खेल रहा था। इसी दौरान चूल्हे के समीप एक डब्बे में रखा तरल ज्वलनशील पदार्थ में अचानक आग लग गई। जब तक घर वाले कुछ समझ पाते तब तक बच्चे के पूरे कपड़े में आग लग चुकी थी। बच्चे को बचाने के क्रम में महिला सीता देवी भी झुलस गई। वहीं आग से झुलसने के बाद जब दोनों घायल सदर अस्पताल पहुंचे तो इमरजेंसी में डॉक्टर गायब मिले। इस बाबत सदर अस्पताल के कर्मियों ने नाम नहीं छापने के शर्त पर बताया कि इमरजेंसी में डॉक्टर प्रमोद कुमार की ड्यूटी लगी है। ज्ञात हो कि विगत दिनों गुपचुप खाने से बीमार होने की घटना के वक्त भी उक्त डॉ प्रमोद दो घंटे विलंब से अस्पताल पहुंचे थे। तब डीसी समेत अन्य अधिकारी भी सदर अस्पताल पहुंचे थे लेकिन फिर भी डॉक्टर के सेहत पर कोई फर्क नहीं पड़ रहा।

### कोल कंपनी के खिलाफ 207 दिन से लगातार धरना पर बैठे ग्रामीण

# गोंदलपुरा कोल ब्लॉक को रद्द करने की मांग

**पूर्व सांसद सह झारखंड राज्य विस्थापित संघर्ष मोर्चा के कामरेड भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने आंदोलन को दिया समर्थन**

आजाद सिपाही संवाददाता




**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत गोंदलपूरा के ग्रामीणों ने गोंदलपुरा कोल ब्लॉक आवंटन को रद्द करने की मांग को लेकर गोंदलपुरा गांव के ग्रामीणों ने 207 दिन से कॉल ब्लॉक रद्द करने की मांग को लेकर धरना पर बैठे हैं। जिसका समर्थन हजारीबाग के पूर्व सांसद सह झारखंड राज्य विस्थापित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने दिया है। उन्होंने कहा कि ो हर हाल में हक और अधिकार दिलाने के लिए हम आंदोलन को पूरी तरह समर्थन करते हैं। आगे उन्होंने कहा कि किसानो की जमीन किसी भी कीमत में कंपनी को नहीं दी जायेगी, अगर कंपनी किसानों के साथ जोर जबरदस्ती करेगी तो हम बाध्य होकर सड़क से सदन तक आंदोलन करने को बाध्य होंगे। आंदोलन 12 अप्रैल 2023 से जारी है। 7 नवंबर को महापरिवर्तन रैली में हजारों की संख्या में हजारीबाग पहुंचेंगे रैली में अदानी कोल गोंदलपुरा कॉल ब्लॉक का आवंटन रद्द करने, भूमि अधिकरण अधिनियम को लागू करने, विस्थापन आयोग का गठन, एनटीपीसी द्वारा किसानों की अपेक्षा, डालमिया, हिंडालको, कॉल इंडिया के अनुषांगिक कंपनी द्वारा ओने पौने दामों में किसानों का जमीन अधिग्रहण, जल, जमीन, जंगल की लूट व्याप्त है। भ्रष्टाचार, विकास के कार्यों में लूट आदि मुद्दे को लेकर 7 नवंबर को हजारीबाग में आयुक्त उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल के समक्ष विशाल प्रदर्शन किया जायेगा। आज गोंदलपूरा मैं चल रहे आंदोलन में पहुंचे झारखंड राज्य विस्थापित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष सह पूर्व सांसद कामरेड भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, राज्य सचिव कामरेड महेंद्र पाठक, झारखंड विस्थापित संघर्ष मोर्चा और महिला आयोग के पूर्व सदस्य डॉक्टर वासवीकिंड, कुशवाहा समाज अध्यक्ष सोहनलाल मेहता, प्रोफेसर मिथलेश दांगी, अनिरुद्ध कुमार, मुरलीधर दांगी, चंदन कुमार, अरुण कुमार, कृष्ण कुमार राणा, विकास महतो, कीर्तन महतो, दीपक कुमार, अशोक यादव, सहदेव गोप, उमेश यादव, विनोद महतो, यशोदा देवी, आरती देवी, फागून गोप, विक्रम कुमार, धनराज गोप, अर्जुन राणा के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## मुखिया ने बच्चों के बीच बांटे बैग और कॉपी



**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के डाड़ीघाघर पंचायत के मुखिया नंदकिशोर कुमार ने पंचायत के विभिन्न विद्यालयों में सरकार द्वारा मिली बैग व कॉपी का वितरण किया। मुखिया कुमार ने कहा कि पंचायत के मध्य विद्यालय डाड़ीघाघर में 145, प्राथमिक विद्यालय तुरी में 42, प्राथमिक विद्यालय सिमरतरी में 45 विद्यालयी बच्चों के बीच वितरण किया गया। मुखिया कुमार ने कहा कि सरकार का यह योजना से सरकारी विद्यालय के प्रति लोगों का आकर्षण बढ़ेगा। विशेषकर सुदुर वर्ती क्षेत्रो में बसे लोगों का आकर्षण बढ़ेगा। इसका बहुत बड़ा प्रभाव जंगली क्षेत्रो में पड़ रहा है। मौके पर पंचायत समिति सदस्य लीलावती देवी के अलावा मध्य विद्यालय डाड़ीघाघर में प्रभारी, प्रदीप कुमार, राजेश प्रसाद मेहता, अमिताभ पांडेय, तुरी में वीरेंद्र कुमार, सुबाष कुमार, जबकि सिमरातरी में प्रविल राम, जयनारायण मेहता समेत संबंधित विद्यालयों के अध्यक्ष उपस्थित थे।

## मुख्य सूचना आयुक्त बहाल करने की मांग

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** भारतीय नागरिक अधिकार रक्षामंच के प्रदेश अध्यक्ष चितरंजन प्रसाद गुप्ता ने झारखंड के राज्यपाल, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी को मांग पत्र भेजा है। इस मांग पत्र मे गुप्ता ने कहा है कि वर्तमान मे विपक्ष के नेता नही रहने के कारण 4 वर्षो से मुख्य सूचना आयुक्त, सूचना आयुक्त झारखंड सूचना आयोग का पद खाली था, लेकिन वर्तमान मे विपक्ष के नेता का अधिसूचना भारतीय जनता पार्टी झारखंड इकाई ने कर चूका है। विधान सभा झारखंड के द्वारा भी अधिसूचना हो चूका है। इसलिए अब जल्द सूचना आयुक्त, सूचना आयुक्त को बहाल करने और लोकायुक्त झारखंड का भी तत्काल भरा जाये। ताकि झारखंड मे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सके।

## चंद्रवंशी समाज ने मनायी जरासंध जयंती



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ के नावाडीह में चंद्रवंशी समाज ने चक्रवर्ती सम्राट जरासंध की जयंती शनिवार को मनायी। समारोह की अध्यक्षता अशोक राम तथा संचालन भीखा राम ने किया। चंद्रवंशी समाज के अध्यक्ष भीखा राम ने चक्रवर्ती सम्राट महाराज जरासंध के आदर्शो को विस्तार पूर्वक बताया। वही चंद्रवंशी समाज के उपाध्यक्ष अशोक राम ने कहा कि एकजूटता से ही समाज की आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक मजबूती संभव है। वक्ताओं ने महाराज के कृतियों पर चर्चा करते हुए समाज संगठित करने और उनके आदर्शो को अपनाने का संकल्प लिया। मौके पर विशेष रूप से चंद्रवंशी समाज के अध्यक्ष भीखा रवानी, उपाध्यक्ष अशोक रवानी, सचिव परमेश्वर रवानी, नवल किशोर वर्मा, राजेंद्र प्रसाद सिंह, भोला रवानी, नरेश रवानी, माथुर रवानी, धानेश्वर रवानी, सूरज रवानी, दिलीप रवानी, प्रकाश रवानी, ललन रवानी, बीरु रवानी, जवाहीर रवानी, राजू चंद्रवंशी, राजेश रवानी, कुंदन वर्मा, उदित वर्मा, गौतम वर्मा, धर्म रवानी, संजय वर्मा, विक्की रवानी, अनुज वर्मा, महेश रवानी, उमाशंकर प्रसाद, नरेश रवानी, सुमित रवानी, नवलेश रवानी, रामप्रसाद रवानी, विनय रवानी, दुर्गा रवानी, मनोज चंद्रवंशी, अर्जुन चंद्रवंशी, मुरली चंद्रवंशी, अनुश्रेया कुमारी, मो. यसोदा देवी, कंचन देवी, कौशल्या देवी, लक्ष्मी देवी, पार्वती देवी, सावित्री देवी, ममता देवी, सरोज देवी, पुष्पा देवी आदि उपस्थित थे।

## एक दिवसीय फुटबॉल मैच का समापन



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के जोभी सिमरा खेल मैदान में जन सहयोग केंद्र की ओर से किशोर-किशोरियों के लिए शनिवार को एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इसमें बिशाय, बेडम, मूरकी, जोभी सिमरा, हेसाकोचा, चुडकों कुल 6 किशोरियों और बिशाय, मूरकी, खरना, जोभी सिमरा कुल 4 किशोरों की टीमों ने भाग लिया। बतौर मुख्य अतिथि प्रमुख संतोष मंडल, जिप सदस्य रामप्रसाद, सांसद प्रतिनिधि मिथलेश पाठक, राजू यादव, पंसस मंझली देवी व अन्य शामिल हुए। अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र और बुके देकर किया गया। अतिथियों ने खेल की शुरूआत फुटबॉल किक मारकर किया। निर्णायक की भूमिका अशोक कुमार व अन्य ने निभाया। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि खेल हमें आपस में एक दूसरे से जोड़ता है और इससे आत्मविश्वास बढ़ने के साथ-साथ शारीरिक सक्रियता भी बनी रहती है। सुदूर ग्रामीण इलाकें में इतना भव्य आयोजन होना उसमें हजारों लोगों की उपस्थिति काबिलेतारीफ है। मौके पर जन सहयोग केंद्र के नरेंद्र कुमार महतो, रीता कुमारी, जमुना कुमार रवि, अजीत कुमार पासवान, सतेंद्र कुमार, रामाधीन तिवारी, चुनुलाल सोरेन, अनिल बास्के, छोटन टुडू व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## पदमा पुलिस ने जुआरियों को पकड़ा

**पदमा (आजाद सिपाही)।** पदमा थाना क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर पदमा थाना प्रभारी शिवदयाल सिंह ने शुक्रवार रात्रि चंपाडीह स्थित एक निजी होटल में छापामारी कर नौ जुआरियों को जुवा खेलते पकड़ लिया। इस मामले में शनिवार को मामला दर्ज करते हुए सभी जुवारियों को मुचकले की जमानत पर बेल दे दिया गया। ज्ञात हो कि इन दिनों क्षेत्र में जुआ का खेल जोरों पर रहता है और थाना प्रभारी की कार्रवाई से जुआ समेत अन्य अवैध धन्धा चलाने वालों में हड़कपम देखी जा रही है। इस कार्रवाई में पदमा थाना के आर्म बल मौजूद रहे।

## सांसद जयंत सिन्हा का बहेरा पंचायत सचिवालय में जन संवाद



**चरही (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा का बहेरा पंचायत में जन संवाद का आयोजन किया गया जिसका अध्यक्षता मुखिया देवकी महतो मंच संचालन आरिफ अंसारी ने किया इस कार्यक्रम का बतौर मुख्य आतिथि सांसद जयंत सिन्हा ने उपस्थित हुए इस जन संबाद में ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए अपने अपने बातों को राखा और सभी लोगों को बातो को सुनने के बाद आश्वासन दिया वही पंचायत के मुखिया देवकी महतो ने मांग किया कि महिलाओं के लिए एक भवन की अति आवश्यक जरूरत है, पंचायत भवन के बगल में जमिन भी उपलब्ध है इधर सिन्हा ने कहा कि मै अपने मद से बहेरा पंचायत के महिला दीदी लोगों के लिए भवन बनाने के लिए घोषणा कर्ता हूं और कहा मेरा हजारीबाग क्षेत्र चार जिला से जूडा है और तिस लाख जनता का प्रतिनिधित्व कर्ता है, झारखंड में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है यहां के अधिकारी बेलगाम हो चुका है। कोई भी कार्य को लेकर या ठेका को लेकर कमीशन लेने में सबसे आगे रहता है तो विकास कहा हो सकता है आने वाले दिनों में से लोगों को सबक सिखाना होगा इसके लिए सब तैयार रहेंगे चुनवा में मुंह तोड़ जवाब देना की जरूरत है।

## सीओ ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** आगामी लोकसभा चुनाव में 18 वर्ष और उससे अधिक शत प्रतिशत मतदान के योग्य नागरिकों का मतदाता सूची में नाम दर्ज करने, सुधार करने और मृत मतदाताओं का मतदाता सूची से नाम हटाने के विशेष अभियान के तहत केरेडारी सीओ सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी केरेडारी द्वारा प्रखंड के दुरस्त मतदान केंद्र 01 गोपदा 02 लोहरा सहित अन्य मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। साथ ही उपस्थित बीएलओ से इस संबंध में जानकारी प्राप्त किया और उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की जांच किया। इस दौरान अंचलाधिकारी ने सभी बीएलओ को मतदान केंद्र में विशेष शिविर में उपस्थित होकर अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करते हुए प्रपत्र 06, 07, 08 प्राप्त कर ओनलाइन करने के निर्देश दिये। अंचलाधिकारी द्वारा भी गोपदा और लोहरा गांव के ग्रामीणों से इस अभियान में शामिल होकर आगामी लोकसभा चुनाव में 80 प्रतिशत से अधिक मतदान अभियान में शामिल होने की अपील की गयी।

## रामगढ़ः बंद पड़ी खदानों में बढ़-चढ़ कर हो रहा मत्स्य पालन

# खदानों को चिह्नित कर लोगों को मत्स्य पालन से जोड़ें: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** कोयला प्रधान होने के कारण रामगढ़ जिले का बड़ा क्षेत्र खनन कार्य से जुड़ा है। खनन कार्यों के दौरान कई बड़े-बड़े गड्ढों का निर्माण होता है, जिनकी लंबाई औसतन 12:50 हेक्टेयर क्षेत्रफल के आसपास होती है। इन्हीं में एक है मांडू प्रखंड अंतर्गत आरा ग्राम में अवस्थित माइनिंग कोलपिट। मांडू प्रखंड अंतर्गत आरा ग्राम के निवासी शशिकांत महतो द्वारा बंद पड़े माइनिंग कोलपिट में मत्स्य पालन करने की पहल की गयी। जिसके उपरांत उन्होंने स्थानीय नवयुवकों को भी इसके प्रति जानकारी देकर उन्हें कार्यों से जोड़ा। जिला प्रशासन के सहयोग से 200 किलोग्राम मछली की अंगुलिकाएं संचयन करने के उपरांत साल भर में ही मछलियां 800 ग्राम से 1.5 किलोग्राम तक निकलने लगी और दूसरे साल तो इनका आकार 2 से 3 किलो तक बढ़ने लगा।





आज यहां से रेहू, कतला, मृगल और भारतीय मेजर कॉर्प 10 से 15 किलोग्राम तक निकाले जाते हैं। इसी का परिणाम है कि शशिकांत महतो के साथ नवयुवकों की टोली अब समूह बनाकर मत्स्यजीवी सहयोग समिति के तरह कार्य करने लगी है।

**केज मत्स्य पालन एक अधिक लाभ देनेवाली तकनीक है**

> आधुनिक मत्स्य की में केज मत्स्य पालन एक अधिक लाभ देने वाली तकनीक है। परंतु इस प्रकार बंद खदान में मत्स्य पालन अनूठा है और देश का शायद पहला ही केंद्र होगा जो कि वैज्ञानिकों को भी पुनः गहरी अनुसंधान के लिए प्रेरित कर रहा है, जो हर दावे को झूठा साबित करता है कि इस तरह से मत्स्य पालन किया जाना संभव नहीं है।

समूह की मेहनत और परिश्रम को देखकर जिला प्रशासन ने इन्हें इंटेंसिव फिश फार्मिंग के लिए 51 केज मत्स्य पालन के लिए केज संरचना बनाकर नयी सौगात दी अब इनके द्वारा केज मत्स्य पालन का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इन केजों में लगभग 120 से 180 टन मछलियां वर्तमान में तैयार है और केज के अलावे खदान से एक वर्ष में लगभग 5 टन मछलियों का शिकार माही भी करते हैं जिसे देखकर हर बड़े स्तर पर लोग मत्स्य पालन कर उद्यमी बनने की ओर अग्रसर हैं।

आरा क्षेत्र में बंद पड़े माइनिंग कोलपिट में मत्स्य पालन की सफलता को देखते हुए डीसी चंदन कुमार ने जिला मत्स्य कार्यालय को अन्य बंद पड़े मीनिंग कुल सीट को भी चिन्हित करने और स्थानीय लोगों को मत्स्य पालन के प्रति जागरूक करने और उनके रोजगार सुदृढ़ करने का निर्देश दिया गया है।

## चोरी की मोटरसाइकिल के साथ युवक गिरफ्तार

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक युवक को रामगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जबकि एक युवक भागने में सफल रहा। रामगढ़ थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर प्यार हसन ने गश्ती के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर बस स्टैंड के पास से शुक्रवार को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। जबकि एक युवक भागने में सफल रहा। गिरफ्तार युवक आइइएल गेट गोमिया बोकारो निवासी अमन कुमार भुइयां पिता स्व शंकर भुइयां ने पुलिस को बताया कि कुछ दिन पूर्व ही अपने साथ न्यू कॉलोनी बगीचा निवासी अभिषेक साव के साथ मिलकर बस स्टैंड से मोटरसाइकिल चोरी किये थे। चोरी की मोटरसाइकिल को बेचने का प्रयास किये थे। मगर पैसा सही नही मिला। इधर, पुलिस ने मामला दर्ज कर गिरफ्तार युवक को शनिवार को जेल भेज दी। वही फरार अभिषेक साव की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

## ट्रैक्टर ने टेंपो को मारी टक्कर, चालक घायल



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** शहर के झंडा चौक में शनिवार की सुबह करीब 6 बजे रामगढ़ में बालू गिरा कर ट्रैक्टर तेज गति से नइसराय की ओर जा रहा था। इस बीच शहर के झंडा चौक मोड़ के तहसील कार्यालय के पास ट्रैक्टर ने मालवाहक टेंपो को जोरदार टक्कर मार सड़क पर पलट गया। जबकि, टेंपो सड़क किनारे नाली में जा घुसा। ट्रैक्टर के चालक और टेंपो चालक गाड़ी में दब गए। स्थानीय लोगों ने गाड़ियों में दबे चालकों को बाहर निकाला। इस बीच गाड़ी के मालिक पहुंच कर अस्पताल ले गया। इधर, पुलिस से अवैध बालू की ढुलाई की कार्रवाई से बचने के लिए जल्दबाजी में ट्रैक्टर व टेंपो को सीधा कर लेकर चले गये। लोगों के मुताबिक चालक को गंभीर चोट लगी है, और ट्रैक्टर नइसराय क्षेत्र का बताया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस घटना स्थल पहुंची तो कोई दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी नहीं थी। वहीं, दुर्घटना को लेकर थाना में कोई शिकायत नहीं मिली है।

## शातिंधारा फाउंडेशन ने बच्चों को दिये वाटर बॉटल



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** शांतिधारा फाउंडेशन के सदस्यों ने दीपावली व छठ पूजा को लेकर शनिवार को गोलपार स्थित प्राथमिक विद्यालय के 85 बच्चों के बीच गिफ्ट ए स्माइल के तहत वाटर बॉटल का वितरण किया। मौके पर शांतिधारा फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष सुरेश पी अग्रवाल ने बताया कि बच्चों को स्कूल में स्वच्छ जल पीने को मिले, इसी उदेश्य से बच्चों को उपहार स्वरूप वाटर बॉटल दिया गया है। वाटर बॉटल मिलने के बाद बच्चों के चहरों पर खुशी देखी गयी। मौके पर सरोज कुमारी, एम बानो, जसवंती देवी, सुनीता देवी सहित कयी शिक्षिकाएं और ग्रामीण शामिल थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक



**चतरा (आजाद सिपाही)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त चतरा अबु इमरान की अध्यक्षता में गोपनीय कार्यालय कक्ष में मुख्य निर्वाचन कार्यालय झारखंड रांची के सिस्टम एनालिस्ट और निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी चतरा के साथ मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर बैठक की गयी। बैठक में 1 जनवरी 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए 27 नवंबर 2023 से 09 दिसंबर 2023 तक चलाये जा रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 अंतर्गत बिरहोर परिवारों का मतदाता सूची में पंजीकरण, न्यून गुणवत्ता फोटो और ब्लैक एण्ड वाईट व ब्लर फोटो रिप्लेस, इआरओ नेट पर इंट्री कार्य, 80 प्लस आयु वर्ग के मतदाताओं को चिन्हित कार्य, दिव्यांग मतदाता, इंपॉटेंट मतदाता, मार्किंग कार्य, फार्म 6, 7 और 8 प्राप्त करने से संबंधित कार्य मतदान केंद्र पर चलाये जा रहे विशेष अभियान से संबंधित विस्तृत जानकारी साझा की गयी।

## स्ट्रीट लाइट को लेकर विधायक प्रतिनिधि मिले नप पदाधिकारी से



**कुजू (आजाद सिपाही)।** मांडू विधायक प्रतिनिधि संजय शाह शनिवार को नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी मनीष कुमार से औपचारिक मुलाकात किया। मुलाकात के दौरान संजय शाह ने कार्यपालक पदाधिकारी को नगर परिषद क्षेत्र के 32 वार्डो में पांच हजार स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य प्रारंभ करने को लेकर बधाई दिया है। वही, बाकी बचे करीब तीन हजार लाइट जल्द से जल्द लगाने की मांग की है। वही, संजय शाह ने जानकारी देते हुए कहा कि मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल की पहल और किये गये अनुशंसा के कारण दीपावली और छठ पर्व को देखते हुए विभाग द्वारा क्षेत्र के सभी वार्डो में लाइट लगाया जा रहा है। उन्होंने नप पदाधिकारी को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने की बात कही। मौके पर देव रबानी, संजय चौहान, धीरज कुमार शामिल रहे।

## मुखिया ने विद्यार्थियों को बांटी पोशाक



**कुजू (आजाद सिपाही)।** कुजू दक्षिणी पंचायत मुखिया राकेश कुमार ने नव प्राथमिक विद्यालय चटनियां बस्ती के विद्यार्थियों के बीच पोशाक वितरित किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के एक और दो वर्ग के 30 विद्यार्थियों को दो सेट स्कूल ड्रेस, एक स्वेटर और जूता-मौजा का वितरित किया। इस अवसर पर मुखिया राकेश कुमार ने कहा कि बच्चो के बीच पोशाक व स्वेटर वितरण किये जाने से इस ठंड के मौसम में काफी राहत होगी। वही, उन्होंने बच्चो को रोजाना स्कूल आने के लिए प्रेरित किया। मौके पर प्रधानाध्यापिका संजू देवी, वार्ड सदस्य दीपू राणा, रमेश चौधरी, सीआरपी पवन सिंह, शिक्षक काशीनाथ महतो, संजू देवी, जयराम प्रजापति, जगदीश आडवाणी, छोटू भुइयां शामिल रहे।

## मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने किया 14 पीसीसी पथ का उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**हंटरगंज/ चतरा।** नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता शनिवार को एक दिवसीय दौरा पर हंटरगंज पहुंचे। इस दौरान मंत्री सत्यानंद भोक्ता हंटरगंज के गोड़वाली, बेला, डुमरी, गोसाईंडीह, जबड़ा, टंकु गांव में डीएमएफटी मद से बने 14 पीसीसी पथ का उद्घाटन फीता काटकर और पूजा अर्चना कर किया। इस दौरान हंटरगंज रामनारायण मेमोरियल कॉलेज में बनने वाले नये भवन सांईस भवन का शिलान्यास भी मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने किया। मौके पर डीग्री कॉलेज के प्राचार्य सह सांसद प्रतिनिधि प्रो. जैनेंद्र कुमार सिंह, मुखिया प्रतिनिधि समरेश सिंह उर्फ पिंटू सिंह, मंत्री प्रतिनिधि देव लाल यादव, बाढो भारती, रामकेश्वर यादव, पासवान, सांसद प्रतिनिधि निर्भय ठाकुर, विजय कुमार सिंह, गुप्तेश्वर कुमार सिंह, रजनीकांत सिंह, सरदार मनोज सिंह, मुखिया बबलू कुमार मेहता, भोला यादव,बृजकिशोर सिंह, असर्फी सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी ने किया मतदान बूथों का निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी चंदन कुमार के निर्देश पर शनिवार को उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता ने मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के नियमित चल रहे स्पेशल कैंप के दौरान शहर के कई बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत प्राप्त आवेदनों का जायजा लिया और लंबित आवेदनों को ससमय निष्पादित करने का निर्देश संबंधित बूथ के बीएलओ को दिया। साथ ही उन्होंने मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के विभिन्न प्रपत्रो के निष्पादन में आ रही कठिनाइयों को दूर करने संबंधित कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। वहीं, उन्होंने होम टू रोल अभियान को वृहद रूप से ससमय पूर्ण करने का भी निर्देश दिया। मौके पर सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सतेंद्र नारायण पासवान सहित अन्य उपस्थित थे।

## आम्रपाली परियोजना क्षेत्र के 91 लोगों ने किया रक्तदान

आजाद सिपाही संवाददाता



**टंडवा।** सीसीएल की आम्रपाली-चंद्रगुप्त परियोजना क्षेत्र द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 के तहत शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी उदघाटन महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह ने किया। इस शिविर में सर्व प्रथम जिला मुखिया संघ अध्यक्ष सह धनगड्डा मुखिया श अरविन्द कुमार सिंह ने रक्तदान किया और देखते देखते रक्तदान दाताओ की लंबी कतार लग गयी। सदर अस्पताल रांची के चिकित्सक और टीम के द्वारा रक्त संग्रह किया गया। जिसका इस्तेमाल थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चो के लिए किया जायेगा। इसमें सिविल सोसायटी ने सहयोग किया। जानकारी के अनुसार कुल 91 लोगो ने रक्त दान किया। रक्तदाताओ में अरविंद सिंह, रंजीत सिन्हा, महालक्ष्मी, सूर्यान्शु मुखर्जी, आम्रपाली चिकित्सक, रत्नेश शर्मा, अजय कुमार, समेत कई लोगो का नाम शामिल है। रक्त दाताओ को सीसीएल प्रबंधन ने मेडल और प्रषशती पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर कसियाडीह मुखिया सरिता देवी, मुखिया प्रतिनिधि गोपाल महतो, उतरी जिप सदस्य देवंती देवी, आरकेएमयु चंद्रगुप्त महिला अध्यक्ष रेशमा देवी समेत सीसीएल के कई अधिकारी मौजूद थे।

## मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर बैठक

# प्री फिल्ड फॉर्म की हुई समीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में मुख्य निर्वाचन कार्यालय झारखण्ड रांची के सिस्टम एनालिस्ट एसएन जमील द्वारा जिले के पदाधिकारियों, बीएलओ, सुपरवाइजर और कम्प्यूटर ऑपरेटर के साथ मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 से संबंधित बैठक की गयी। सर्वप्रथम प्री फिल्ड फॉर्म की समीक्षा की गयी जिसमें सिमरिया एवं चतरा विधान सभा की स्थिति बेहतर पायी गयी। बैठक में, 1 जनवरी 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए 27 नवंबर 2023 से 09 दिसम्बर 2023 तक चलाये जा रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 अंतर्गत बिरहोर परिवारों का मतदाता सूची में पंजीकरण, न्यूनतम गुणवत्ता फोटो और ब्लैक एण्ड वाइट व कलर फोटो रिप्लेस, इआरओ नेट पर इंट्री कार्य, 80 प्लस आयु वर्ग के मतदाताओं को चिन्हित कार्य, दिव्यांग मतदाता, इंपॉटेंट मतदाता, मार्किंग कार्य, फार्म 6, 7 और 8 प्राप्त करने से संबंधित कार्य की बिंदुवार समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में सभी बीएलओ को प्रशिक्षण देने की बात कही। बिरहोर परिवार को शत प्रतिशत मतदाता सूची में नाम शामिल करें। साथ ही शेड और फुटपाथ पर बेघर व्यक्ति को मतदाता सूची में शामिल करने हेतु कई जानकारियां भी उपस्थित पदाधिकारियों, बीपीआरओ और कंप्यूटर ऑपरेटर के साथ साझा किया और कहा कि किसी भी परिस्थिति में शेड, फुटपाथ और बेघर व्यक्ति का मतदाता सूची में नाम न छुटे। वहीं जिले के जेंडर रिशयों की भी समीक्षा की गयी। उन्होने सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को कहा कि अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत आने वाले मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण करें और बीपीओ व सुरपरवाइजर द्वारा किये जा रहे कार्यों का भी मॉनिटरिंग करें। फार्म 7 को लेकर कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि जिन मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है उनका मृत्यु प्रमाण पत्र के साथ फार्म भरें। इसमें किसी भी प्रकार लापरवाही न करें। मतदाता कार्ड वितरण कार्य को लेकर कहा गया कि सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी अपने अपने नजदीकी पोस्ट ऑफिस में जाकर देखेंगे कि पोस्ट ऑफिस में मतदाता कार्ड डंप तो नहीं पड़ा हुआ है और डाकिया के माध्यम से पोस्ट में पड़े मतदाता कार्ड का शत प्रतिशत वितरण करायें। इसके अलावे विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा कर कई सुझाव दिये गये। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी -सह-निदेशक डीआरडीए अरूण कुमार एक्का, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी -सह-अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेन्द्र उरांव, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी सुधीर कुमार दास, सभी सहायक निर्वाचक निर्वाचन पदाधिकारी-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी, बीपीआरओ और कंप्यूटर ऑपरेटर उपस्थित थे।

## बाल विद्या मंदिर में प्रतियोगिताओं का आयोजन



**कुजू (आजाद सिपाही)।** बाल विद्या मंदिर, आरा कोलियरी में कार्ड निर्माण और नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में वर्ग एलकेजी से दशम वर्ग के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक कार्ड निर्माण और नारा लेखन कर सबका मन मोह लिया। विद्यालय प्राचार्य रंजीत सिंह व प्रशासनिक पदाधिकारी गुरमीत धीमान ने संयुक्त रूप से कहा कि इस प्रकार के गतिविधियां कार्यक्रम में भाग लेने से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ता है और मानसिक तनाव में कमी आती है। बच्चों में सहयोग की भावना का विकास होता है। साथ ही, विभिन्न प्रकार की कलाओं को सीखने से उन्हें आगे अपने करियर को बनाने में आसानी होती है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए इन कार्यक्रमों से बहुत सहयोग मिलता है। मौके पर रंजन मिश्रा, दुलालचंद कुशवाहा, सुनीता कुमारी, भागीरथ प्रसाद, कोलेश्वर महतो, कुलदीप महतो, लक्की कुमार, बबिता कुमारी, सबिता कुमारी, अपराजिता कुमारी, रीता कुमारी, भुनेश्वर महतो मौजूद रहे।

## केंद्रीय भंडार ने मनाया सतर्कता जागरूकता सप्ताह

**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय भंडार बरकाकाना ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता रैली का आयोजन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपमहाप्रबंधक संजय सिंह व विशिष्ट अतिथि उपप्रबंधक निखिल कुमार उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियों ने जागरूकता रथ व रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में आर्य उच्च विद्यालय नया नगर बरकाकाना के छात्रों और शिक्षक ने भाग लिया। मुख्य अतिथि सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूक नागरिक बनकर सचेत रहे, सतर्क रहें और विकट परिस्थितियों में भी भ्रष्टाचार का विरोध कर राष्ट्र के प्रति समर्पित नागरिक का उदाहरण बने। वही विशिष्ट अतिथि कुमार ने बताया सतर्कता जागरूकता सप्ताह पिछले तीस अक्टूबर से पांच नवंबर तक चलाया जा रहा है, जिसके तहत क्रिकेट प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। मौके पर अभिषेक श्रीवास्तव, राजू गुप्ता, धीरज कुमार, नमो नारायण यादव, तहमीद अंसारी, सुभाष चक्रवर्ती, इस्लाम सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## जीवन जोड़ी कार्तिक मेला आज

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड के ग्राम बटुका हफुआ में जीवन जोड़ी कार्तिक मेला का आयोजन 5 नवंबर को आयोजित की जायेगी। इसकी तैयारी भी समिति के लोगों द्वारा जोरदार तरीके से पूरी कर ली गयी है। बताया जाता है कि जीवन जोड़ी मेला स्वतंत्रता सेनानी खैर मांझी के याद में की जाती है। इस मेले में युवक युवतियां परंपरा के अनुसार एक दूसरे को पसंद करते हैं जिसके बाद परिवारों से सहमति होने पर शादी करते हैं। इस मेले में हजारीबाग रामगढ़ रांची के लोग मेले देखने आते हैं। वही मेले के बहाने कई राजनीतिक पार्टी के नेता भी पहुंचते हैं और मेले का आनंद लेते हैं।

## रामगढ़ की संच स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता 5 से



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा संच समिति के तत्वावधान में एक दिवसीय अभ्युदय यूथ कल्ब खेल-कूद का आयोजन रविवार को आइएजी फुटबॉल मैदान में किया जायेगा। इसका उद्घाटन सुबह 11 बजे भुरकुंडा संच समिति, रामगढ़ अंचल समिति और भुरकुंडा क्षेत्र के समाजसेवियों द्वारा किया जायेगा। प्रतियोगिता की सफलता को ले शनिवार को संच की बैठक हुई। बैठक में भुरकुंडा संच समिति के संरक्षक योगेश दांगी ने कहा की झारखंड नाम यदि पुरे दुनिया भर में जाना जाता है तो उसकी वजह खेल ही है। उन्होंने कहा की वर्तमान समय में खेल-कूद का बड़ा महत्व है। आज एकल अभियान अभ्युदय यूथ क्लब के तत्वावधान में गांव में छिपे प्रतिभावान बच्चे-बच्चीयों को अपनी प्रतिभा निखारने का एक अच्छा सुअवसर प्राप्त हुआ है। यह बहुत महत्वपूर्ण कार्य एकल अभियान अभ्युदय यूथ क्लब के माध्यम से किया जा रहा है। उन्होंने कहा की अंतरराष्ट्रीय खेल-कूद कार्यक्रम में एकल विद्यालय ग्राम से 30 और अन्य विभिन्न गांव से 10 से 16 आयु वर्ग के बालक-बालिका भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में 100, 200, 400 मीटर दौड, उंची कूद, लम्बी कूद और कबड्डी में आदि खेल शामिल होंगे। प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को मेडल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया जायेगा। संच प्रमुख नागेश्वर महतो ने बताया की इस प्रतियोगिता के विजय प्राप्त करने वाले बच्चों को जिला स्तर में खेलने का मौका मिलेगा। वहीं जिला स्तर में विजय प्राप्त करने वाले बच्चे राज्य स्तर में खेलेंगे। जबकि राज्य स्तर में विजय प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को केंद्र स्तर के प्रतियोगिता नागपुर में हिस्सा लेने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया की चयनित खेलाडियों के प्रतियोगिता का पूरा खर्च संच समिति के द्वारा वहन किया जा जायेगा। प्रतियोगिता को सफल बनाने में भुरकुंडा संच समिति के संरक्षक योगेश दागी, संच समिति अध्यक्ष सनी कुशवाहा, सचिव विक्रम, कोषाध्यक्ष राजेश सोनी, सहसचिव विजय कुमार सहित अहम भूमिका में भुरकुंडा संच प्रमुख नागेश्वर महतो और पतरातू संच प्रमुख शांती देवी आदि जुटे हैं।

## विधायक ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य उप केंद्र का निरीक्षण



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य उप केंद्र टंडवा का वाचन निरीक्षण कर यहां के प्रभारी सुदीप कुमार के साथ और सभी पदाधिकारी के साथ बैठक की और स्वास्थ्य उपकेंद्र के सभी त्रुटियों में समाधान हेतु निर्देश दिया। जिसे गंभीरता से लेते हुये चिकित्सा प्रभारी ने आश्वस्त किया की अगले बार जब भी आप सभी आयेंगे स्वास्थ्य उप केंद्र में पूर्ण रूपेण परिवर्तन मिलेगी। इस मौके पर वाचन निरीक्षण में मंडल अध्यक्ष गोविंद तिवारी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अक्षयवट पांडेय, जिला महामंत्री मिथिलेश गुप्ता, स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी गणेश प्रसाद साहू, विकास मालाकार, बबलू सोनी, राजेंद्र सिंह, प्रमोद सिंह, रामचंद्र प्रसाद गुप्ता, रूबी देवी, संजू देवी, सरिता देवी, फूलचंद साहू, महेश वर्मा, विजय साहू, हेमराज साहू, राजेश तुरी, सुरेश ठाकुर, अजय सिंह, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 05 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in


# चुनावी बॉन्ड का भविष्य

सुप्रीम कोर्ट में चल रहे इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़े अहम मामले में गुरुवार को सुनवाई पूरी हो गयी। चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ की अगुआई वाली बेंच ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है, लेकिन सुनवाई के दौरान जिस तरह से इस मसले के अलग-अलग पहलू उभरे वह भी काफी महत्वपूर्ण है। इस दौरान न केवल चुनावी फंडिंग से बल्कि डोनेशन देने वाली कंपनियों, डोनेशन पाने वाले दलों और इन राजनीतिक दलों को अपने वोट से चुनने वाले वोटरों के अधिकारों से भी जुड़ी अलग-अलग राय सामने आयी। यह सवाल उठा कि सुप्रीम कोर्ट को इस मसले पर विचार करने का अधिकार है भी या नहीं। अदालत ने साफ किया कि चुनावी फंडिंग का जो फॉर्मेट कार्यपालिका ने बनाया है, वह संविधान की कसौटियों पर खरा उतरता है या नहीं, यह देखना उसकी जिम्मेदारी है और इसी सवाल पर वह विचार करेगी। अगर उसमें कमी पायी जाती है, तो उसे कैसे ठीक किया जाये या उसकी जगह कोई दूसरा फॉर्मेट लाना है, तो वह कैसा हो और कैसे आये, यह देखना सरकार का काम होगा। सुनवाई के दौरान यह बात बार-बार कही गयी कि चुनावी बॉन्ड से जुड़ा कानून लाने के पीछे मंशा अच्छी थी। इस पर किसी पक्ष ने आपत्ति भी नहीं की। बावजूद इसके, फंडिंग के इस तरीके में कई तरह की दिक्कतों की बात सामने आयी। भले ही कानून लाने के पीछे कैश डोनेशन रोकने और फर्जी कंपनियों के डोनेशन पर लगाम लगाने का इरादा रहा हो, लेकिन व्यवहार में हो यह रहा है कि डोनेशन से जुड़े डीटेल्स तक सिर्फ सरकार और सत्तारूढ़ पार्टी की पहुंच होती है किसी और की नहीं। इसका परिणाम यह देखा जा रहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड का तकरीबन सारा हिस्सा सत्तारूढ़ दलों को जाता है और बाकी पार्टियों को नाम मात्र का हिस्सा मिलता है। इस धारणा की पुष्टि के लिए हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए मिले फंड का ब्योरा पेश करने को कहा है, लेकिन यहां दो सवाल उभरते हैं। पहला यह कि कहीं इससे विभिन्न राजनीतिक दलों के समानता के अधिकार की धज्जियां तो नहीं उड़ रहीं और दूसरा, कहीं यह रिश्वत को लीगलाइज करने का तरीका तो नहीं बन गया है। एक अहम पहलू यह भी सामने आया कि अपने डोनेशन को गोपनीय रखने का कंपनियों का अधिकार ज्यादा महत्वपूर्ण है या राजनीतिक दलों को मिल रही फंडिंग का सोर्स जानने का आम नागरिकों और वोटरों का हक। इस मसले से जुड़े इन तमाम पहलुओं पर सुप्रीम कोर्ट आखिरकार क्या रुख अपनाता है, यह तो उसके फैसले से ही पता चलेगा, लेकिन फिलहाल यह उम्मीद जरूर की जा सकती है कि कोर्ट का आदेश आने वाले दिनों में चुनावी फंडिंग का स्वरूप तय करने के साथ ही चुनाव सुधारों को भी नयी दिशा देने का काम करेगा।

**अदालत ने साफ किया कि चुनावी फंडिंग का जो फॉर्मेट कार्यपालिका ने बनाया है, वह संविधान की कसौटियों पर खरा उतरता है या नहीं, यह देखना उसकी जिम्मेदारी है और इसी सवाल पर वह विचार करेगी।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**मन में प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि जब यह वास्तविकता है, तो नायक और खलनायक की पहचान कैसे हो और क्या केवल युद्ध में विजयी होना ही इसकी कसौटी है? इस ओर ध्यान क्यों नहीं केंद्रित होता कि न्यायपूर्ण शासन व्यवस्था, सामान्य जन की भलाई के लिए किये गये काम, जिंदगी को आसान बनाने के लिए की गयी खोज और अनुसंधान, लीक से हट कर परंपराओं को बदलने और कुरीतियां मिटाने के लिए किये गये परिवर्तन और उनके लिए जीवन भर संघर्ष करने वालों को वह आदर सम्मान क्यों नहीं मिलता, जितना युद्ध में विजयी व्यक्ति को मिलता है?**

# नायक, अधिनायक और खलनायक

**पूरन चंद सरीन**

नायक, नायिका, अधिनायक, खलनायक, ऐसे शब्द हैं जो अक्सर विभिन्न परिस्थितियों में किसी व्यक्ति द्वारा किये गये कार्यों के प्रति अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के लिए आम तौर से लोग इस्तेमाल करते हैं। उदाहरण के लिए नेपोलियन, मंडेला और महात्मा गांधी जैसे महापुरुष जीवन, समाज, देश और संसार के लिए हीरो की छवि रखते हैं, परंतु बहुत से लोग उन्हें विलेन समझते हैं और उनकी छोटी से छोटी बुराई को इतना बड़ा बना कर बतायेंगे कि वह धूमिल और कालिमा जैसी लगे। इससे एक बात तो सिद्ध होती है कि हरेक इंसान अच्छाई और बुराई का पुतला है, केवल उसके कर्म ही तय करते हैं कि उसका नाम किस तरह लिया जाये।

**पहचान का नजरिया**

हीरो, सुपर हीरो या किसी भी नाम से पुकारें आखिर इन लोगों की पहचान या उसका तरीका क्या है, जो हम इन्हें यह पदवी या सम्मान देने के लिए तैयार ही नहीं, जल्दबाजी में इन्हें ऐसा मान भी लेते हैं और यदि कोई हमारा विरोध करे, तो उसके प्रति शत्रुता का भाव अपना लेते हैं? राम-रावण का युद्ध, कौरव-पांडवों की लड़ाई से लेकर आज तक जितने भी संघर्ष हुए हैं, उनके उदाहरण देकर अधिकतर यही पढ़ाया, दिखाया, सिखाया और समझाया जाता रहा है कि इन हिंसक, अत्याचार, शोषण और अमानुषिक हरकतें करने वालों का अंत उनका सर्वनाश ही होता है। यह बात अनदेखी कर दी जाती है कि चाहे विजयी हो या हारने वाला, उसने कुछ और भी बहुत कुछ किया होगा। एक-दूसरे का दुश्मन हो जाना जीवन का अंतिम पड़ाव था, जिसमें एक जीतता और दूसरा हारता है।

**नायक, अधिनायक, खलनायक की पृष्ठभूमि लेखक, कहानीकार और उपन्यासकार तथा आज के दौर में फिल्मकार तैयार करता है।**



**किसी की जीवनी, आत्मकथा, बायोपिक या फिर काल्पनिक किरदार हमें संतोष तो प्रदान कर सकते हैं, लेकिन हम उन्हें अपना आदर्श यानी हीरो या सुपर हीरो मान कर उन्हीं के जैसा आचरण करने लगें, तब समझना चाहिए कि हमारी सोच में ही कहीं गड़बड़ है और जितनी जल्दी इस धारणा या आदत से छुटकारा पा लें, बेहतर होगा।**

मन में प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि जब यह वास्तविकता है, तो नायक और खलनायक की पहचान कैसे हो और क्या केवल युद्ध में विजयी होना ही इसकी कसौटी है? इस ओर ध्यान क्यों नहीं केंद्रित होता कि न्यायपूर्ण शासन व्यवस्था, सामान्य जन की भलाई के लिए किये गये काम, जिंदगी को आसान बनाने के लिए की गयी खोज और अनुसंधान, लीक से हट कर परंपराओं को बदलने और कुरीतियां मिटाने के लिए किये गये परिवर्तन और उनके लिए जीवन भर संघर्ष करने वालों को वह आदर सम्मान क्यों नहीं मिलता, जितना युद्ध में विजयी व्यक्ति को मिलता है? देखा जाये तो वास्तविक नायक वही हैं, जिन्होंने गरीबी, भुखमरी, बीमारी, प्राकृतिक प्रकोप से बचने के उपाय किये। बहुत से गुमनामी के अंधेरों में खो गये या फिर चुपचाप अपना काम करते रहे और जीवन की अंतिम सांस ले ली।

**विडंबना क्या है**

असल में होता यह है कि चाहे कोई भी युग हो, अत्याचार और शोषण से निपटने को ही महत्वपूर्ण माना जाता रहा है और उनके खिलाफ लड़ने वाले को नायक मानने की सोच रही है, बाकी का कई बार तो इतिहास तक में जिक्र नहीं होता। कभी-कभार प्राचीन इमारतों के विध्वंस, पुरातत्व सर्वेक्षण, इतिहास लेखकों के वर्णन और अचानक किसी अजूबे जैसी वस्तु के प्रकट हो जाने से ही किसी गुमनाम व्यक्ति के काम का पता चलता है।

नायक, अधिनायक, खलनायक की पृष्ठभूमि लेखक, कहानीकार और उपन्यासकार तथा आज के दौर में फिल्मकार तैयार करता है। इसमें कुछ तो वास्तविकता का पुट होता है और शेष काल्पनिक होता है। होता यह है कि हमें वही बात अधिक सुहाती है, जो कल्पना के आधार पर बुनी गयी हो।

समस्या तब होती है, जब हम उसे अपना नायक मान लेते हैं, जिसका अस्तित्व केवल इतना है कि उससे हमारा मनोरंजन होता है। खाली समय व्यतीत होता है और यदि हम निराशा के भंवर में हिचकोले खा रहे हों, तो उससे बाहर निकलने का उत्साह पैदा होता है।

यह भाव पैदा होता है कि कागज या पर्दे पर जो हीरो है, उसकी तरह हम भी जीवन में आयी कठिनाई को पार कर ही लेंगे। किसी की जीवनी, आत्मकथा, बायोपिक या फिर काल्पनिक किरदार हमें संतोष तो प्रदान कर सकते हैं, लेकिन हम उन्हें अपना आदर्श यानी हीरो या सुपर हीरो मान कर उन्हीं के जैसा आचरण करने लगें, तब समझना चाहिए कि हमारी सोच में ही कहीं गड़बड़ है और जितनी जल्दी इस धारणा या आदत से छुटकारा पा लें, बेहतर होगा। जीवन को अर्थपूर्ण और सार्थक बनाने के लिए जरूरी है कि अपने सामान्य जीवन में कुछ ऐसा असाधारण करने के अवसर अपने हाथ से न निकलने दें, जो अधिकतर अनायास अथवा अचानक हमारे सामने आ जाते हैं।

जरूरी नहीं कि इसमें किया योगदान स्वयं को ही याद रहे, किसी अन्य के याद रखने की बात तो बहुत दूर की है। ऐसे काम होते भी बहुत मामूली हैं, जैसे किसी की पढ़ाई-लिखाई का प्रबंध कर दिया, बिना किसी स्वार्थ के रोजगार की व्यवस्था कर दी, कहीं कुछ कमी या असुविधा देख कर उसे दूर कर दिया, किसी को जाने बिना उसके लिए कुछ ऐसा इंतजाम कर दिया कि वह अपने पैरों पर खड़ा हो गया, कुछ ऐसा भी किया जा सकता है, जिससे अपना तो फायदा न हो लेकिन एक बड़े समुदाय के लिए उसकी जरूरतें पूरा करने जैसा हो, सामाजिक दायित्व भी कदाचित यही है।

## जमशेदपुर की खबरें

### वाटर फिल्टर प्लांट का विधायक ने किया निरीक्षण, ठेकेदार नदारद, मंत्री से की शिकायत

# वाटर फिल्टर प्लांट में लगेगी 4 नयी मोटर, कुसुम घाट के इंटक वेल में 46 लाख की लागत से लगेगा पर्सनल फीडर : विधायक

**46 लाख के लागत से कुसुम घाट के इंटक वेल में पर्सनल फीडर का कार्य कराया जायेगा।**

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**जमशेदपुर।** जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र के रहने वाले लोगों ने पानी की समस्या को लेकर विधायक से शिकायत की। जानकारी मिलते ही शनिवार को विधायक मंगल कालिंदी ने नगर परिषद क्षेत्र के वाटर फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया। समय पर लोगो को पानी नहीं मिलने व ठेकेदार के मनमानी की जानकारी मिलने पर विधायक ने उपस्थित ठेकेदार के कर्मियों को फटकार लगाई। उन्होंने कहा हेमंत सरकार में ऐसा नहीं चलेगा। जनता की मूलभूत सुविधा को गंभीरता पूर्वक लेना पडेगा। अन्यथा ठेकेदार पर कार्रवाई की जायेगी। विधायक ने मौके पर ही पेयजल मंत्री मिथिलेश ठाकुर से फोन में वार्ताकर वर्तमान स्थिति से अवगत कराते हुए ठेकेदार की शिकायत की। निरीक्षण के दौरान विधायक ने कहा वाटर फिल्टर प्लांट में 4 मोटर की आवश्यकता है। विधायक ने जुगसलाई नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी व विभाग के एसडीओ को जल्द ही इसका एस्टीमेट बनाकर विभाग को भेजने का निर्देश दिया। ताकि पेयजल आपूर्ति में किसी प्रकार की समस्या ना हो। उन्होंने कहा लगभग 46 लाख के लागत से कुसुम घाट के इंटक वेल में पर्सनल फीडर का कार्य कराया जायेगा। ताकि इंटक वेल में 24 घंटे बिजली लगातार मिले।वही निरीक्षण के दौरान विधायक ने नियमित जलापूर्ति के लिए उपस्थित अधिकारियों को जरुरी दिशा निर्देश दी। मौके पर मानिक मल्लिक, मोहम्मद जमील, शामू मालिक, मुकेश शर्मा, रंजन पांडेय, दिनेश जायसवाल,मिलन मजूमदार सहित झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विधायक की पहल, सड़क दुर्घटना में 11 दिनों से घायल पड़ी युवती को एमजीएम में कराया भर्ती

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला विधान सभा स्थित बड़ाडीह गांव के समीप गंधनिया के सामने बीते दिनों रावण दहन के दिन मोटरसाइकिल के चपेट में आने दो नाबालिक युवती बुरी तरह घयाल हो गयी थी। स्थानीय लोगो ने इलाज के लिए सिंह नर्सिंग होम में भर्ती कराया। जहा स्थिति नाजुक देख घायलों को रेफर कर दिया। बताया जा रहा है इलाज नहीं होने पर एक 8 वर्षीय युवती की मौत हो गयी। वही अन्य युवती की स्थिति नाजुक बनी हुई है। शनिवार को घटना की सूचना मिलते ही विधायक रामदास सोरेन ने घयाल 16 वर्षीय छितामढ़ी हेंब्रम के परिजन से मुलाकात की। जानकारी मिलते ही विधायक ने तत्काल घयाल युवती को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया। मिली जानकारी के अनुसार 8 वर्षीय दुलारी सोरेन और 16 वर्षीय छितामढ़ी हेंब्रम रावण दहन देखने के लिए पैदल गालूडीह जा रही थी। पीछे से मोटरसाइकिल सवार युवकों ने मार कर दोनो युवती को घयाल कर दिया। उस दौरान 8 वर्षीय दुलारी सोरेन की मौत हो गई और 16 वर्षीय छितामढ़ी हेंब्रम को स्थानीय लोगो ने नर्सिंग होम में भर्ती कराया। जहा स्थिति नाजुक देख रेफर कर दिया गया था। उधर जानकारी मिलते ही विधायक ने घयाल युवती के परिजनों से संपर्क कर 16 वर्षीय छितामढ़ी हेंब्रम को इलाज के लिए एमजीएम में भर्ती कराया। बताया जा रहा है छितामढ़ी हेंब्रम का शरीर में गंभीर चोट है। वे चल फिर नही सकती और जरूरतमंद परिवार उचित इलाज के लिए सक्षम नहीं है। इस परिस्थिति में युवती घर पर पड़ी रही। फिलहाल विधायक ने अस्पताल के अधीक्षक को बेहतर इलाज के लिए निर्देश दिया। उन्होंने तत्काल घायल के परिजनों को सहायता राशि प्रदान कर हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाया बच्ची की उत्तम ईलाज होगा और स्वस्थ होकर के घर लौटेगी। इस अवसर पर झामुमो के वरिष्ठ नेता वीर सिंह सुरेन, स्यामल रंजन सरकार, राजा सिंह, गुरमीत सिंह गील, बाबु मानसिंह बेसरा सहित अन्य शामिल रहे।


# सूर्य मंदिर प्रकरण में समिति के आठ अन्य को मिली जमानत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर परिसर में मारपीट के मामले मे शनिवार को जमशेदपुर कोर्ट ने आठ लोगों की जमानत को मंजूरी दे दी। जमानत मिलने पर समिति के सदस्यों में हर्ष है। मौके पाए भूपेंद्र सिंह ने फैसले पर न्यायालय के प्रति आभार जताया। समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह ने न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए कहा न्यायालय ने सूर्यभक्तों के ऊपर साजिश के तहत केस दर्ज कराने वालों को आईना दिखाया है। उन्होंने कहा ऐसी बाधाएं हमारी सेवा भावना और संस्कृति संरक्षण के संकल्प को और मजबूत करती है। सूर्य मंदिर समिति प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी छठ महोत्सव का आयोजन पूरे धूमधाम से करेगी। जमानत मिलने वाले में संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, पूर्व महासचिव गुंजन यादव, कमलेश सिंह, सुशांत पांडा, कंचन सिंह, कुमार संदेश, विश्वजीत कुमार विशु शामिल है।

# फुटबॉल मैदान का किया शिलान्यास



**पोटका (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका विधानसभा स्थित डोमजुड़ी पंचायत के ग्राम राजदोहा के फुटबॉल मैदान में मंच सह मैदान समतलीकरण कार्य का शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि पोटका विधायक संजीव सरदार शामिल हुए। मौके पर विधायक ने स्थानीय लोगों के उपस्थिति में विधि विधान के साथ कार्यक्रम का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। इस अवसर पर जिला परिषद हिरणमय दास, प्रखंड अध्यक्ष सुधीर सोरेन, विद्यासागर दास, क्रांतिकारी बबलू चौधरी, मुखिया अनिता मुर्मू, पंसस दुखू मार्डी, समीर दास, सुरेंद्र नाथ टुडू, दुर्गा प्रसाद हांसदा, जालिम मार्डी,प्रकाश टुडू, लखींद्र मुर्मू, माझी बाबा युवराज टुडू, घासीराम हेंब्रम, फुरलाई सोरेन, फागू राम हेंब्रम, जितेंद्र कंसारी सहित क्षेत्र के ग्रामीण व झामुमो के गणमान्य नेतागण उपस्थित रहे।

# आपसी विवाद में अपराधियों ने मारी गोली



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिले के कपाली ओपी क्षेत्र स्थित अलबेला गार्डन के पास अपराधियों ने 24 वर्षीय रागिब आलम को गोली मार कर घायल कर दिया। बताया जा रहा है घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। इधर, घायल अवस्था में घायल रागिब को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हालांकि परिजन उसे टीएमएच लेकर गए। इधर सूचना मिलते ही कपाली ओपी पुलिस घटनास्थल पहुंच कर मामले की जांच में जुट गई। बताया जा रहा पुलिस ने घटना स्थल से एक खोखा भी बरामद किया है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है किसी बात को लेकर रागिब का विवाद हो गया था। जिसके बाद अपराधियों ने उसकी गोली मार कल मौके से फरार हो गया। फिलहाल पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# धार्मिक स्थल से छेड़छाड, कार्रवाई नहीं होने पर आक्रोश, सड़क जाम

**एक सप्ताह के अंदर दोषियों को गिरफ्तार करने के आश्वासन के बाद अक्रोशित लोग हुए शांत**

आजाद सिपाही संवाददाता





**गढ़वा।** जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत पंचायत के बलीगढ़ में तीन नवंबर दिन शुक्रवार की रात असामाजिक तत्वो द्वारा देवी मन्दिर मे पिंड और त्रिशूल के साथ छेड़छाड़ किया गया था। धार्मिक स्थल पर छेड़छाड़ होने की जानकारी जब सुबह स्थानीय लोगों को हुई तो लोगो की भीड जमा हो गयी। और यह खबर पूरे गांव में जंगल मे आग की तरह फैल गयी। जैसे ही लोगों ने यह सुनी उनके पैरों तले जमीन खिसक गयी। और लोगों ने देवी मां के स्थल पर पहुंच वैसे लोगों के गिरफ्तारी की मांग करने लगे इसके बाद गढ़वा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अवध कुमार यादव और थाना प्रभारी के के साहू घटना स्थल पहुंच मामले की पूरी जानकारी लेते हुए इस तरह के धार्मिक स्थलों से खिलवाड़ करने वाले आरोपियों पर जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन देते हुए लोगों को आश्वस्त कराया था। किंतु घटना के 24 घंटा बीत जाने के बाद भी किसी भी तरह की कोई कार्रवाई नहीं होने के बाद लोगों ने अपने धार्मिक भावना को आहत होने और कार्रवाई नहीं होने को लेकर शाहपुर मार्ग के तिलदाग मोड पर पहुंच घंटो तक मुख्य सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम की सूचना जैसे ही सदर थाना प्रभारी को मिली सदर थाना प्रभारी केके साहू अपने दल बल के साथ जाम स्थल पहुंचे सड़क जाम किये ग्रामीणों से बात कर उनके मांगों के अनुसार एक सप्ताह के अंदर असामाजिक तत्वों के लोगों की गिरफ्तारी करने की बात कही और सड़क को जाम से मुक्त कराया। अब देखना यह होगा की लगातार दुसरी बार कार्रवाई की बात कहने वाले पुलिस अधिकारी कब तक असमाजिक तत्वों को गिरफ़्तार करते हैं और फिर से ग्रामीणो को आक्रोशीत होने से रोक पाते हैं।

## प्राथमिक विद्यालय पतागाड़ा कला में खेलते समय घटी घटना

# एक बच्चे का सिर फटा, शिक्षक ने नहीं कराया इलाज, परिजनों में आक्रोश

आजाद सिपाही संवाददाता






**विशुनपुरा।** उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पतागाड़ा कला में बच्चों के खेलने के क्रम में एक बच्चा का सिर फटने से हुआ घायल। घायल बच्चे का शिक्षक द्वारा इलाज नही कराने पर परिजन काफी आक्रोश है। घायल बच्चा पातागाड़ा गांव निवासी उल्फत अंसारी का पुत्र अयान राजा है। अभिभावक ने आरोप लगाया है कि मेरा बच्चा अयान राजा स्कूल में खेलने के क्रम में चोटिल हो गया। चोटिल बच्चे का सर से खून टपकता रहा, लेकिन लापरवाह शिक्षक द्वारा इसकी सूचना परिजनों को नहीं दी गयी। जबकि विद्यायल में मेडिकल किट भी रहता है, उसके बावजूद भी शिक्षक ने बच्चे का उपचार नही किया। जो घोर लापरवाही को दर्शाता है। अभिभावक ने बताया की विद्यालय से घायल अवस्था में जब बच्चा घर पहुंचता है। तो देखा की बच्चे के सिर से खून टपक रहा था।

जिसके बाद निजी चिकित्सक के पास उपचार कराया है। अभिभावक उल्फत अंसारी ने इसकी लिखित सूचना थाना को दी है। तथा शिक्षा विभाग को भी सूचना देने की बात कही है। वही विद्यालय में उपस्थित बच्चो से पूछे जाने पर बच्चो ने मीनू के अनुसार मध्यान भोजन नहीं देने का आरोप शिक्षक सेख अनवर हुसैन पर लगाया है। विद्यालय के बच्चों ने बताया की भोजन में सिर्फ दाल, चावल, खिचड़ी, आलू के भुजिया के अलावा कुछ नही मिलता है। बच्चों ने बताया की महीनो से अंडा, फल और हरी सब्जी नही मिलता है। वहीं विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक शेख अनवर हुसैन से पूछे जाने पर बताया की मध्यान भोजन में बच्चों को हरा सब्जी दिया जाता है। अंडा महंगा होने के कारण बच्चों को फल दिया जा रहा है। शुक्रवार को विद्यालय में अकेले होने कारण फल नही ला पायें थे। वहीं सीआरपी महेंद्र गुप्ता से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि विद्यालय में किसी भी बच्चों का तबियत खराब होने या चोट लगने पर अविलंब उपचार करना है और उनके घर तक पहुंचाना है या उनके अभिभावक को सूचना देना है। शिक्षक की लापरवाही को लेकर जांच कर कारवायी किया जायेगा।

# सुदूरवर्ती कुसमही पहुंचे सीओ, जाना विलुप्त होती आदिम जनजाति कोरवा परहिया का हाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** अंचलाधिकारी यशवंत नायक शनिवार को पंचायत प्रतिनिधियों के साथ प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव कुशमही पहुंचकर विलुप्त होता आदिम जनजाति कोरवा परहिया परिवार का हाल जाना। मौके पर उमरतिया कुंवर, पार्वती कुंवर तथा कमलेश परहिया आदि से राशन पेंशन मिलने की जानकारी ली। लोगों ने परिवार के साथ-साथ गांव के लोगों की स्थिति से अवगत कराते हुए कहा कि राशन पेंशन मिलता है, यहां स्वास्थ्य उप केंद्र भवन बना है परंतु इसका लाभ हम सभी को नहीं मिल रहा है, परिवार के किसी सदस्य को बीमार पड़ जाने के बाद बहुत मुश्किल होता है। साथ ही लोगों ने बताया कि लगाया हुआ फसल को जंगली जानवरों द्वारा नुकसान पहुंचा दिया गया है। जिस पर सीओ श्री नायक ने लोगों को आवेदन बनाकर कर्मचारी के माध्यम से उपलब्ध कराने की बात कही, उन्होंने कहा कि वन विभाग से लोगों को क्षतिपूर्ति राशि दिलायी जायेगी। अंचलाधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य उप केंद्र में स्वास्थ्य कर्मियों की प्रतिनिधि के लिए उपायुक्त को पत्राचार किया जायेगा। उस मौके पर कमलेश परिया ने रोजगार नहीं मिलने की बात कही, जिस पर मुखिया पति शंभू राम द्वारा मनरेगा से गांव के बेरोजगार लोगों को रोजगार मुहैया कराने का आश्वासन दिया गया। मौके पर हल्का कर्मचारी मुकेश किस्को, एजीएम सतीश सिंह, जेएमएम नेता लक्ष्मी विश्वकर्मा सहित कई अन्य लोग थे।

# कैरियर गाइडेंस विषय पर सीबीपी दो दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** आरकेभीएस के सभागार में आज सीबीएसई पटना की ओर से कैरियर गाइडेंस विषय को लेकर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में आरकेपीएस गढ़वा, ऊंचरी, ओरिएंट पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर, ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। रिसोर्स पर्सन के रूप में ग्रीनफील्ड एके-डमी चन्दवा से रंजन शर्मा और डीएभी पब्लिक स्कूल चतरा से अभय प्रकाश आर्य उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर और मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर सरस्वती स्तुति से किया गया। इसके पूर्व में दोनो ही रिसोर्स पर्सन को अनुप कुमार पांडेय के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया और पी के झा के द्वारा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। स्कूल की कक्षा 8वीं के छात्राओं के द्वारा सभी अतिथियों व शिक्षक-शिक्षिकाओं को तिलक लगाया गया और सुंदर स्वागत गान व नृत्य प्रस्तुत किया गया। आज कार्यशाला के पहले दिन दोनों ही प्रशिक्षकों ने कैरियर गाइडेंस के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। दोनों प्रशिक्षकों ने विभिन्न क्रिया कलापों के माध्यम से बच्चों के भविष्य को उज्जवल बनाने हेतु कारगर सुझाव दिये। उनका कहना था कि इस विषय का मतलब ही है कि ऐसे मुकाम को हासिल करना जिससे आप समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पित होकर अपनी जीविकोपार्जन को व्यवस्थित बना सकें। उन्होंने उदाहरण के रूप में महान क्रिकेटर धौनी का उदाहरण देते हुए बताया कि किस प्रकार रेलवे की नौकरी को छोड़ अपनी इच्छा व क्रिकेट के प्रति जूनून ने उनका कैरियर बना दिया।

## उपायुक्त ने कृषक पाठशाला का किया निरीक्षण



**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चामा पंचायत स्थित समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना -सह- कृषक पाठशाला का आज दिनांक 04 नवंबर 2023 को उपायुक्त शेखर जमुआर ने निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने स्ट्रॉबेरी की खेती, ड्रैगन फ्रूट की खेती, टमाटर, बैंगन, निंबू, फूलगोभी, बंदगोभी, ब्रोकली शिमला मिर्च और अन्य पौधों तथा तालाब का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने एक-एक कर प्रतिनियुक्त कर्मियों से भी जानकारी प्राप्त की और उत्तरदायित्व पूर्ण समयसीमा के अंदर कार्यों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने वृक्षारोपण भी किया तथा तालाब एवं भवन निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया गया। उपस्थित जिला कृषि पदाधिकारी शिव शंकर प्रसाद को कृषक पाठशाला का पूर्ण विकास हेतु फरवरी 2024 तक टाइम लाइन का निर्धारण कर आवश्यक निर्देश दिए। उक्त मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मेराल जागो महतो तथा डिप्टी पीडी आत्मा के योगेंद्र सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, पीआईए के आरआईसीएचए के कोषाध्यक्ष संतोष कुमार चौबे तथा कृषक पाठशाला में कार्यरत कर्मी प्रोग्राम मैनेजर विभु रंजन सिंह, कंसल्टेंट एग्रीकल्चर सुमित पुष्कर, एग्रीकल्चर मार्केटिंग राकेश कुमार, अकाउंटेंट राहुल कुमार चौबे, बिरसा विलेज कोऑर्डिनेटर रितेश, अभिषेक कुमार आदि।

## मेराल के तीन पंचायतों को मिला बालू उठाव के लिए परमिट



**मेराल (आजाद सिपाही)।** बरसात में लगे नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के रोक हटने के बाद बालू की समस्या का समाधान निकाला जा रहा है। अब बालू के लिए लोगों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। हालांकि व्यवसायिक कार्यों के लिए बालू का उठाव वर्जित है। सरकारी योजना जैसे पीएम आवास, शौचालय सहित अन्य निर्माण कार्य के लिये अब लाभुकों को परेशानी नहीं होगी तथा अवैध बालू उठाव से सरकारी राजस्व की चोरी बंद होगी। बालू की ढुलाई शुरू होने से आम लोग और मजदूर खुश हैं क्योंकि उनका रुका हुआ निर्माण कर जहां शुरू होगा वहीं अवैध रूप से वसूली जा रही मनमानी पैसों से लोगों को निजात मिलेगा। बालू के लिए लाभुकों को प्रति ट्रैक्टर 100 रुपया पंचायत को रॉयल्टी के रूप में देना होगा। जानकारी के अनुसार प्रखंड मुख्यालय के ग्राम पंचायत मेराल पूर्वी तथा हासनदाग पंचायत को शनिवार को परमिट दिया किया गया है। जबकि करकोमा पंचायत को पूर्व में ही बालू उठाव के लिए परमिट दिया गया था।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा की युवा प्रखंड कमेटी के गठन को लेकर बैठक



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पीडब्ल्यूडी डाक बंगला में आज दिन शनिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा प्रखंड कमेटी गठन करने हेतु एक बैठक आहूत की गयी। इसमें मुख्य अतिथि युवा जिला अध्यक्ष संजय सिंह छोटू व महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे मुख्य रूप से उपस्थित थे। आज इस सभा की अध्यक्षता करते हुए हरदास तिर्की ने अपने सम्मानित जिला से आये पदाधिकारी को माला पहनकर और सम्मानित करते हुए युवा मोर्चा प्रखंड कमेटी और महिला मोर्चा प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। युवा मोर्चा में प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह और उपाध्यक्ष अर्जुन राम, महिला मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष प्रियंका कुमारी को चुना गया है। चुने गये झारखंड मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारी को महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे ने संबोधित करते हुए कहा कि माननीय मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के द्वारा जो विकास का कार्य हमारे गढ़वा विधानसभा में हो रहा है वह बीते 25 वर्षों में कोई भी जनप्रतिनिधि नहीं किया गया था आज इसी विकास को देखकर विरोधी घबराए हुए हैं। जिला अध्यक्ष संजय छोटू ने कहा कि यह झारखंड मुक्ति मोर्चा धर्म की राजनीतिक नहीं करती है यह पार्टी सभी धर्म के लोगों को लेकर चलने वाली पार्टी है। इस मौके पर अनुमंडल उपाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह मीडिया प्रभारी अशोक प्रसाद प्रखंड उपाध्यक्ष रवि शंकर कश्यप सचिव लॉरेंस तिर्की लाजारूस तिर्की उदित सिंह सहित सैकड़ो झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल हुनरमंद बच्चों के हुनर को कई वर्षों से निखार रहा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल के द्वारा शांति निवास उच्च विद्यालय गढ़वा में छात्र छात्राओं के बिच पिस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन पुर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला० डॉ आर एस दिवाकर की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें बच्चों ने स्वच्छता, पर्यावरण, स्वस्थ, कोरोना महामारी बिमारी और उससे बचाव पर, इस तरह के अनेक तरह कि चित्र बनाकर जब लायंस विशाल के पदाधिकारियों को सौंपा तो लोग बस देखते ही रह गये और बच्चों को खड़े होकर उनके जज्बे और हौसले को बढ़ाया। इस प्रतियोगिता में कुल 40 छात्र छात्राएं शामिल हुए जिन्हें दो घंटे का समय निर्धारित कर दिया गया जिसमें से सभी बच्चों ने अपनी हुनर दिखाया। इसमें से प्रथम, द्वितीय, तृतीय, का चयन किया जाएगा उसके बाद लायंस इंटरनेशनल 322 ऐ के तहत बच्चों को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया जायेगा। बताते चलें कि लायंस इंटरनेशनल 322 ऐ में सबसे पहले पिस पोस्टर प्रतियोगिता कि शुभारंभ गढ़वा से लायंस विशाल के द्वारा किया गया था जो अब पुरे 322 ऐ के तहत सभी क्लबों के द्वारा पिस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है जो लायंस विशाल के लिए गौरव का पल माना जाता है और लगातार 1986 से लायंस विशाल मानवता कि सेवा में समर्पित होकर सेवा दे रही है, शांति निवास की प्राचार्या सिस्टर रोशमा ने हर्ष व्यक्त करते हुए कही कि हर वर्ष लायंस विशाल के द्वारा मेरे विधालय के बच्चों के बिच पिस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है जो बहुत ही सराहनीय है ऐसे ऐसे प्रतियोगिता से बच्चों का मनोबल बढ़ता है और बच्चे की हुनर को देश दुनिया के लोग देखते हैं लायंस क्लब के माध्यम से और बच्चे जब पुरस्कृत होते है तो बच्चों की मनोबल कई गुने और बढ़ जाती है इस कार्यक्रम के लिए हम क्लब को आभार व्यक्त करते हैं। आज के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल होने वालों में डॉ एनके रजक, डॉ ज्वाला प्रसाद सिंह, ब्रजमोहन प्रसाद, डॉ अर्जुन विश्वकर्मा, गिरिश कमलापुरी, पीआरओ शौकत खान समेत विधालय परिवार से बहुत सारे लोग उपस्थित थे।

## जबलपुर-हावड़ा-शक्तिपुंज एक्सप्रेस (11447/48) गाड़ी का रमना स्टेशन पर ठहराव बीती रात से शुरू



**रमना (आजाद सिपाही)।** जबलपुर-हावड़ा-शक्तिपुंज एक्सप्रेस (11447/48) गाड़ी का रमना स्टेशन पर ठहराव रेल मंडल धनबाद की और से जारी अधिसूचना के मुताबिक बीती रात से शुरू हो गयी। इधर शनिवार को भाजपा सांसद बीडी राम, विधायक भानु प्रताप शाही, प्रमुख करुणा सोनी, एडिआरएम धनबाद रामसूरत सिंह, डिटीम चोपन अभिषेक विशाल ने लगभग दो घंटे से विलंब चल रही शक्तिपुंज एक्सप्रेस गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वही गाड़ी के चालक व उपचालक को फूल माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इसके पूर्व कार्यक्रम के संबोधित करते हुए सांसद बीडी राम ने कहा कि जनता के हर मांग को पूरा करने को लेकर मैं दृढ़ संकल्पित हूं। कहा की रमना में गाड़ी के ठहराव होने से यहां के तीन प्रखंड रमना सहित विशुनपुरा व डंडई के यात्रियों को काफी सहूलियत होगी। उन्होंने मार्च से पूर्व बरवाडीह चुनार पैसेंजर को प्राथमिकता के आधार पर चालू करवाने का भरोसा ग्रामीणों को दिया। कहा कि मेराल में पटना सिंगरौली एक्सप्रेस का ठहराव और डाल्टनगंज, गढ़वा और नगर उंटारी का मॉडल स्टेशन का काम जल्द शुरू होगा। वहीं विधायक भानु प्रताप शाही ने सांसद बीडी राम को बधाई देते हुए कहा कि यहां के सांसद केवल संसद में नहीं बल्कि विदेश में भी जाकर पलामू का मान सम्मान बढ़ाने का काम किये है। उन्होंने त्रिवेणी एक्सप्रेस और बरवाडीह चुनार पैसेंजर का ठहराव कराने की मांग सांसद बीडी राम व रेल प्रबंधक से की। विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा की शक्तिपुंज गाड़ी के ठहराव हो जाने से यहां के ढाई लाख जनता को फायदा होगा। वही एडी आर एम अभिषेक विशाल ने कहा की यातायात के लिए रेल बहुत ही कम पैसे में सरल व सुविधाजनक साधन है। शारदा महेश प्रताप देव,प्रमुख करुणा सोनी सहित अन्य लोगो ने संबोधित किया। मौके पर प्रतिनिधि प्रभात कुमार,मंडल अध्यक्ष बलजीत सोनी विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार सिंह, भाजपा के वरिष्ट नेता अजय कुमार सिंह, रामकेवल पासवान अमित प्रकाश, मंतोष पासवान शंकर चंद्रवंशी, बिशनपुर मंडल अध्यक्ष अवध बिहारी गुप्ता, राजेश सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## छठ पर्व को लेकर युवा कार्यकर्ताओं ने छठ घाट की साफ सफाई प्रारंभ की



**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था का महापर्व छठ पर्व को लेकर युवा कार्यकर्ताओं के द्वारा छठ घाट की साफ सफाई प्रारंभ कर दिया गया है। कांडी प्रखंड के चौबे मझिगावां के घटही नदी व निकट के तालाब के छठ घाट पर भास्कर युवा क्लब चौबे मझिगावां बस्ती के युवा कार्यकर्ताओं के द्वारा बीते तीन दिनों से लगातार छठ घाट की सफाई की जा रही है जिसमें छठ घाट पहुंच मार्ग की सफाई के साथ रास्ते में पड़ने वाले कचरे को भी हटा कर साफ किया जा रहा है। वही अध्यक्ष ने बताया कि तालाब में ज्यादा शैवाल हो गया है उसे भी कार्यकर्ताओं के श्रम दान के सहयोग से बाहर किया जा रहा है और नदी तथा तालाब के पास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जायेंगे। प्रतिदिन श्रम दान करने वाले युवा कार्यकताओं में टिंकू चौबे, प्रिंस चौबे, मुन्ना साह, संजय पासवान, इंद्रजीत राम, मिथलेश राम, रंजीत रजवार, वीरेंद्र, धर्मेन्द्र, संतोष कुमार, रोहित, ओमप्रकाश रजवार, रोहित ठाकुर और वीरेंद्र पासवान सहित कई युवा कार्यकत्ताओं का नाम शामिल है।

# नहीं रहे पूर्व सरपंच सह समाजवादी नेता बीरझन वर्मा

**बीरझन वर्मा का निधन निधन पैतृक गांव परसोडीह स्थित अपने घर पर 96 वर्ष की आयु में शुक्रवार को हो गया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**केतार।** भूतपूर्व सरपंच सह समाजवादी नेता बीरझन वर्मा का निधन पैतृक गांव परसोडीह स्थित अपने घर पर 96 वर्ष की आयु में शुक्रवार को हो गया। वे काफी वृद्ध हो गये थे। उनके मृत्यु की सूचना पाते ही अपने प्रखंड के अलावे दूसरे प्रखंड से कई लोग उपस्थित होकर अंतिम दर्शन कर पुष्पांजलि दिया।उनका अंतिम संस्कार पंडा नदी मुक्तिधामनके तट पर किया गया। जिसमें सैकड़ो लोग उपस्थित हुए। बीरझन वर्मा ने डॉ राम मनोहर लोहिया जी के हाथों 1952 में सोशलिस्ट पार्टी के सदस्यता ग्रहण किया। 1959 में परसोडीह पंचायत के अधिनायक रहे। 1970 से 95 तक परसोडीह पंचायत के सरपंच रहे। जिसमें दो बार निर्विरोध चुने गये। उसके बाद तत्कालीन बिहार राज्य में राष्ट्रीय जनता दल के निगरानी समिति के अध्यक्ष के साथ साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों के अगुवाई किया। अपने राजनीतिक जीवन में 17 बार जेल गये, जिसमें 2 वर्ष 11 महीना 17 दिन रहे। स्वर्गीय लाल हेमेंद्र प्रताप देहाती को विधायक बनने में उनकी अहम भूमिका रही। कई नेताओ के साथ रहकर गरीब लोगों का हक अधिकार दिलवाया। स्व गिरवर पांडे को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाकर भारतीय जनता दल से चुनाव लडवाकर विधानसभा क्षेत्र से विजयी करवाया। विश्रामपुर विधानसभा के विधायक सह पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी को नाजिर पड़ से इस्तीफा दिलवाकर राजनीतिक जीवन में कदम रखवा कर मंत्री तक बनाने का महत्वपूर्ण साथ दिया। कपूर्री ठाकुर, जयप्रकाश नारायण के साथ इमरजेंसी में जेल गये। इस मौके पर उनकी निधन की सूचना पाकर विधायक भानु प्रताप शाही सहित भाजपा के सैकड़ो नेता, जिला परिषद कांडी प्रतिनिधि दिनेश राम, भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य शर्मा रंजनी, खरौंधी जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान, केतार जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद, जेएमएम नेता ताहिर अंसारी, समाजसेवी पंकज कुमार सिंह, मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया मुंगा साह, भागीदारी पार्टी के जिला अध्यक्ष देवेंद्र प्रजापति, भीम आर्मी जिला अध्यक्ष ललित राम, साथी योगेंद्र कुमार सूर्य देव सिंह, रामेश्वर प्रसाद सिंह, मनोरंजन प्रसाद गुप्ता, संतोष सिंह निरंजन तिवारी, दिव्यम शुक्ला सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 05 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in
08

## विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे मंत्री सांसद

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव एवं राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू दिनांक 5 नवंबर 2023 दिन रविवार को लोहरदगा जिले के विभिन्न कार्यक्रम में शामिल होंगे। सबसे पहले विधायक निधि से निर्मित बीएस कॉलेज लोहरदगा में पुस्तकालय भवन का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत लोहरदगा जिले में जुरिया, तिगरा, लालपुर से अरकोसा पथ का शिलान्यास करेंगे। सेन्हा प्रखंड के नंदगांव में फुटबॉल फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उक्त जानकारी विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में लोहरदगा जिला कांग्रेस कमिटी के सभी सम्मानित पदाधिकारीगण, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, ओबीसी कांग्रेस, सेवादल, अल्पसंख्यक कांग्रेस, एनएसयूआई एवं प्रखंड कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारीगण, प्रखंड प्रमुख प्रखंड के सभी पंचायत समिति सदस्यगण, प्रखंड के सभी मुखियागण सभी पंचायत अध्यक्षगण और बूथ स्तर के सभी कांग्रेसी कार्यकर्तागण गठबंधन दल के नेतागण उक्त तिथि को निर्धारित समय पर अवश्य पधारें।

## बीडीओ सोमा उरांव ने आफताब आलम से सीडीपीओ का प्रभार लिया



बालूमाथ (आजाद सिपाही)। शनिवार को बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव ने बालूमाथ सीडीपीओ का प्रभार ले लिया है। उन्होंने तत्कालीन अंचलाअधिकारी आफताब से प्रभार लिया। वहीं बालूमाथ बीडीओ सह सीडीपीओ सोमा उरांव ने अपने कार्यालय में आफताब आलम को बुके और सौल अंगवस्त्र दे कर विदाई किया। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मेरा प्राथमिकता, सभी जनप्रतिनिधियों, पत्रकारो, समाजसेवियो को सम्मान करना, वंचित लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम वर्ग तक पहुंचाना दायित्व होगा। इस मौके पर बाल विकास परियोजना के पर्वेक्षिका कामीनी कुमारी विमला कुमार अनिता देवी, मनिष कुमार, सुमीत सिन्हा, मो एराज, आशिष केशरी, अरविंद प्रसाद, बीपीओ मजफर कमाल, बाबुलाल उरांव, मो राशीद, आशिष रंजन, रीना कुमारी, मोनिका मिंज, ममता, बालूमाथ प्रखंड, अंचल बाल विकाश परियोजना समेत कई अन्य विभाग के कर्मचारी, मौजूद थे।

## आरसीसी ने एसवीएम को 67 रन से हराया



लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित स्कूली क्रिकेट लीग ए ग्रुप का अंतिम मैच एसवीएम तथा आरसीसी के बीच खेला गया। जहां आरसीसी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में सभी विकेट खोकर 151 रन पर ही सिमट गयी। जिसमें राम प्रजापति ने 36, रोहित 26 तथा अमित ने 26 रन का योगदान दिया। एसवीएम की ओर से विद्यांशू 3, अभिषेक 2 सकेंद्र 2 तथा किशन ने 2 विकेट चटकाए। लक्ष्य की पीछा करने उतरी एसवी एम की पूरी टीम 84 रन पर ढेर हो गयी। जिसमें सूरज ने 20, हर्ष ने 14 तथा किशन ने 11 रन का योगदान दिया। आरसीसी की ओर से राम प्रजापति ने 6, प्रणव 2 तथा विकास ने 2 विकेट चटकाये। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार आरसीसी के राम प्रजापति को मैच पर्यवेक्षक सह कोच श्रवण महली के द्वारा दिया गया। मौके पर संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह समेत कई खिलाड़ी तथा दर्शक उपस्थित थे।

## मंगरा स्टेंशन के समीप मालगाड़ी की चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से हुआ घायल

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। मालगाड़ी की चपेट में आने से मानिसक रूप से ग्रस्त एक व्यक्ति गम्भीर रूप से हुआ घायल। घटना शनिवार की दोपहर मंगरा स्टेंशन के समीप घटी है। जहां ट्रेन की चपेट में आने से पहले व्यक्ति घायल हो गया। जिसे मौके पर मौजूद लोगों ने सामुदायिक अस्पताल इलाज के लिए लेकर गए चिकित्सक व ड्रेसर राजेश चन्द्र उर्फ बबलू की देखरेख में प्राथमिक उपचार किया गया। जहां उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए एमएम सीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया। इस संबंध में आरपीएफ सब इंस्पेक्टर सचिन कुमार ने बताया कि शनिवार दोपहर सूचना मिली कि कोई व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया है जिसके बाद उसे अस्पताल भेजा गया। उसकी पहचान को लेकर प्रयास किया जा रहा है।

## विद्यालय परिसर में किशोरियों को दी गयी शारीरिक मानसिक और चारित्रिक संबंधी जरूरी जानकारी



कैरो (आजाद सिपाही)। कैरो सरस्वती शिशु विद्या मंदिर प्रांगण कैरो में 04 नवंबर दिन शनिवार को बालिका शिक्षा व्यक्तित्व विकास के विषय में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कैरो के छात्राओं को को बालिका शिक्षा व्यक्तित्व विकास वर्ग प्रमुख रीता यादव जी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप मे मातृ भारती कैरो के सचिव महोदया सीता देवी जी की उपस्थित में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुभारंभ सर्वप्रथम भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा पंचम से दशम तक के बहनों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बहनों के सर्वांगीण विकास, चारित्रिक विकास, आध्यात्मिक विकास के साथ नारी के सातों गुणों को विस्तार पूर्वक बताते हुए सचिव महोदया ने कही कि नारी जीवन के बिना संसार की कल्पना नही की जा सकती है। शिक्षा के क्षेत्र में भी यदि एक बेटी शिक्षित होती है तो मायके से ससुराल तक इसका प्रभाव पड़ता है। कार्यक्रम में मातृ भारती के सचिव सीता देवी, बालिका शिक्षा के प्रमुख आचार्या रीता यादव, रूपा देवी, शांति नाग के साथ सैकड़ो बहने उपस्थित थे।

## स्थापना दिवस पर लगेगा मेला, विभागीय स्टॉल, होगा ऋण परिसंपत्तियों का वितरण

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में राज्य स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर बैठक की गयी। 15 नवंबर 2023 को राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला/ प्रखंड स्तर पर कार्यक्रम किया जायेगा। जिला स्तर पर विकास मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिसमे 15/11/2023 को 9:30 बजे पूर्वाह्न से 10.30 बजे पूर्वाह्न तक भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा और अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जायेगा। कार्यक्रम के लिए प्रतिमाओं की साफ सफाई कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद लोहरदगा द्वारा किया जायेगा। समाहरणालय परिसर मैदान में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभुकों को लाभान्वित करने परिसंपत्ति वितरण के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जिला योजना पदाधिकारी विभिन्न पदाधिकारियों से समन्वय करते हुए विकास योजनाओं को प्रदर्शित करते हुए विकास मेला की आयोजन हेतु जिला स्तरीय पदाधिकारी से संबंधित विभागीय स्टॉल की स्थापना की प्रभार में रहेंगे।

# टीपीसी नक्सली पलामू से गिरफ्तार

### लोहरदगा में कंस्ट्रक्शन कंपनी से 10 लाख की मांगी थी लेवी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** लोहरदगा पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीपीसी के नक्सली कुलेश्वर कुमार यादव उर्फ डिटोल यादव को पलामू से गिरफ्तार कर लोहरदगा जेल भेज दिया है। इसके विरुद्ध पेशरार थाना कांड संख्या - 09/23, दिनांक 02.11.2023, धारा 385/387 /34 भादवि और 17 सीएलए एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस संदर्भ में एसपी हारिश बिन जमां ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि पेशरार थाना क्षेत्र में हाई लेवल ब्रिज निर्माण कर रहे प्राइवेट कंपनी राइट वे कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड के संवेदक से दस लाख रुपए की लेवी मांगी गयी थी। यह लेवी प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीपीसी के जोनल कमांडर प्रभात जी और विकास जी के कहने पर मांगी गयी थीं।

कांड के वादी संतोष प्रसाद के आवेदन के मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पेशरार थाना प्रभारी अख्तर अली के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। दिनांक 03/11/2023 को रात्रि में गठित छापामारी टीम, पलामू जिला के पिपराटांड थाना पुलिस की सहायता से ग्राम बिदरा पहुंचकर सशस्त्र बल की सहायता से एक घर का घेराबंदी करते हुए विधिवत छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम घर पर एक व्यक्ति मिला, जिससे नाम- पता पूछने पर इनके द्वारा अपना नाम कुलेश्वर कुमार यादव उर्फ डिटोल यादव बताया गया और मोबाईल से धमकी दिये जाने की बात के संबंध में पूछताछ करने पर इन्होने अपना अपराध स्वीकार किया। तत्पश्चात कब्जे में लिए व्यक्ति से दो एंड्रोयड मोबाईल फोन सीम लगा हुआ बरामद किया गया। जिस मोबाईल फोन से ही बादी को फोन कर लेवी के पैसे की मांग और जान मारने की धमकी दिया जा रहा था। उसके बाद उपस्थित गवाहों के समक्ष बरामद दो मोबाईल फोन, तीन सिम कार्ड लगा सहित विधिवत जप्ती सूची बनाकर जब्त किया तथा कब्जे में लिए गये व्यक्ति कुलेश्वर कुछ यादव उर्फ डिटोल यादव, उम्र करीब 27 वर्ष, पिता गुलैची यादव सा बिदरा, थाना पिपराटांड़, जिला पलामू को कारण बताते हुए विधिवत गिरफ्तार किया गया है।

# अंशकालिक शिक्षक संघ ने मंत्री परिषद में अवधि विस्तार मिलने पर विधायक का जताया आभार

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** लातेहार जिले के कल्याण विभाग द्वारा संचालित घंटी आधारित अंशकालिक शिक्षकों ने राज्य सरकार मंत्री परिषद द्वारा सेवाअवधि विस्तार मिलने पर स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया है। इस संबंध में जिले के कल्याण विभाग द्वारा संचालित विद्यालयों में कार्यरत घंटी आधारित अंशकालिक शिक्षकों ने सेवा अवधि विस्तार हेतु जिला अध्यक्ष राजदीप कुमार (बरवाडीह) और अमृता कुमारी के एक नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल द्वारा स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह को मांग पत्र देकर घंटी आधारित शिक्षकों का सेवा अवधि विस्तार करने की मांग किया था। जिस पर स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह ने मुख्य मंत्री के समक्ष इस मांग को प्रमुखता से रखा था। विधायक के मांग पर 3 अक्टूबर को मंत्री परिषद में लिए गये अहम निर्णय में इसकी स्वीकृति प्रदान किया गया है। इस संबध में संघ के अध्यक्ष राजदीप कुमार ने बताया कि अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति/पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में प्रशिक्षण कार्य हेतु कार्यरत घंटी आधारित शिक्षक एवं शिक्षिकाएं जो विगत 8 वर्षों से सुदूरवर्ती क्षेत्रों में शिक्षा का अलख जगाने का कार्य कर रहे हैं। इनकी सेवा अवधि विस्तार एक वर्ष के लिए बढ़ायी गयी थी जो वर्तमान में 14 जुलाई 2023 तक की पूर्व से अवधी विस्तारित थी, जिसे सेवा अवधि विस्तार दिया गया है। इस नेक कार्य हेतु हम सभी राज्य के कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयो में कार्ययत घंटी आधारित शिक्षक और शिक्षिकाएं संघ के राजदीप कुमार, अमृता कुमारी, (अध्यक्ष) अभिषेक भारती, देवराज सिंह, सुनीता, संगीता, सरसोदर महतो, प्रदीप नाग, अरुंजय, जीतन, रवींद्र, उषा, अनुपमा मरांडी, शेखर राज, सिलवश मरांडी, साना, अभिशेक समेत संघ के सभी सदस्यों ने राज्य के मुखिया मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विभागीय मंत्री चंपई सोरेन, प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का समेत इस मुद्दा को प्रमुखता से रखने के लिए स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह का आभार और धन्यवाद दिया है।

### कांग्रेस कार्यालय में विधानसभा अध्यक्ष ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा

# कांग्रेस के कार्यों को देख भाजपा के लोग मानसिक संतुलन खो बैठे हैं

आजाद सिपाही संवाददाता





**मनिका।** लातेहार मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित कांग्रेस कार्यालय में युवा कांग्रेस अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव की अध्यक्षता में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन कर मनिका विधानसभा क्षेत्र के युवा कांग्रेस अध्यक्ष मिथिलेश पासवान ने भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष छोटू राजा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निर्माण का दोबारा शिलान्यास करने के बयान का पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस के कार्यों को देख भाजपा के लोग मानसिक संतुलन खो बैठे हैं आगामी लोकसभा चुनाव नजदीक आते ही लोगों को भ्रमित करने में लगे हैं हॉस्पिटल निर्माण का भाजपा के पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह ने अपने चहते भाजपा नेता को टेंडर दिलवाया था और इसका शिलान्यास भी किये थे। जिसके बाद इस जनकल्याणकारी योजना का आधा अधूरा काम कर योजना की राशि निकालकर बंदरबांट कर लिए जिसके कारण इसका काम अधूरा मे ही लटक रहा था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद विधायक रामचंद्र सिंह के प्रयास से योजना का रिटेंडर कराया गया। उन्होंने कहा कि 5 जनवरी 2019 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सांसद सुनील कुमार सिंह के द्वारा मंडल डैम का ऑनलाइन शिलान्यास किया गया था। लेकिन 4 वर्ष के बाद भी काम शुरू नहीं हुआ है।

वहीं भाजयुमो जिला अध्यक्ष छोटू राजा ने कहा कि सितंबर 2019 में रघुवर दास के कार्यकाल में विधायक हरिकृष्ण सिंह के द्वारा अस्पताल निर्माण का शिलान्यास किया गया था इसके बाद इसका कार्य तिर्वगति से चल रहा था। 3 महीने के बाद मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह के आते ही अस्पताल का निर्माण का कार्य रोक दिया गया। 3 महीना में जितना कार्य हो सकता था, वह जनता के सामने है उन्होंने कहा कि भाजपा के शासनकाल में विधायक हरीकृष्ण सिंह के द्वारा कुमंडीह पुल निर्माण, रांकीकला पुल निर्माण, सेमराहट पुल निर्माण, हेरहंज मनिका पथ निर्माण, डिग्री कॉलेज मनिका निर्माण,सरजू चौपत पुल निर्माण, सरजू गारू सड़क निर्माण इनके कार्यकाल में किये गये हैं और इन्हीं के कार्यकाल में सरजू प्रखंड बना है उन्होंने कहा महागठबंधन के कार्यकर्ता विधायक रामचंद्र सिंह के कार्यों को बताये। उन्होंने बरवाडीह में डिग्री कॉलेज खुलवाने का प्रयास किया और मनिक में गुरुकुल बंद करवाने का प्रयास किया, लेकिन आज तक असफल रहे विधायक रामचंद्र सिंह विधानसभा क्षेत्र के विकास के कार्यों में हमेशा ही असफल साबित हुए हैं और भाजपा के योजनाओं में काम कर लीपापोती करने का काम कर रहे हैं।

# आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम 15 नवंबर से

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बैठक की गयी। बैठक में निर्देश दिया गया कि सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर जनता की समस्याओं का निराकरण के लिए आवेदन प्राप्त किये जायेंगे। ऑन स्पॉट समाधान होने वाले समस्याओ का निराकरण करते हुए उन्हें पोर्टल पर अपलोड किया जायेगा। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम, जिसमेः अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, राजस्व से संबंधित कार्य किये जायेंगे। आयुष्मान कार्ड के छूटे सभी लाभुकों को चिन्हितकरण 10 नवंबर तक करने का निर्देश दिया गया। शिविर में सामुदायिक वन पट्टा और व्यक्तिगत वन पट्टा के लिए संबंधित आवेदन प्राप्त करना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, आधार कार्ड ,मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लाभुक होंगे। श्रमाधान-प्रवासी श्रमिको को पोर्टल पर शत प्रतिशत रजिस्ट्रेशन हो। साइकिल की राशि का डीबीटी, स्वयं सहायता समुह के सदस्यों के बीच आईडी कॉर्ड वितरण, धोती साड़ी लूंगी वितरण, कंबल वितरण, ऑन द स्पॉट निष्पादित आवेदनों का निष्पादन करते ही पोर्टल पर अपलोड किए जायेंगे। ऑन द स्पोट् सर्विस जैसे आधार/राशन कार्ड में संशोधन किया जाना है। मुख्यमंत्री के आगमन पर जिले में विशेष शिविर लगेगा। छात्र छात्राओं को साइकिल के लिए अनिवार्य रूप से उसी दिन डीबीटी के माध्यम से राशि प्राप्त होने का प्रावधान, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के कूप स्वीकृति पत्र, रोजगार सृजन योजना के लाभुकों में वितरण, पशुधन विकास योजना, वन पट्टो का वितरण सहित जिले के विकासात्मक योजनाओ का शिलान्यास और उद्घाटन किया जायेगा। विशेष शिविर के सफलता के लिए अपर समाहर्ता, जिला अनुमंडल पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को दायित्व निर्वहन का निर्देश दिया गया है। बैठक में उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता, जिला परिवहन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## वनकर्मियों ने आकाशी वन से नीलगाय को दूसरे वन में पहुंचाया



भंडरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के कुम्हरिया गांव में कुछ दिनों से नीलगाय का आतंक व्याप्त था। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत वन विभाग में किया। जिसपर संज्ञान लेते हुए वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार के निर्देश पर वनपाल जया उरांव के नेतृत्व में सभी वनरक्षी एवं कुछ ग्रामीणों के सहयोग से नीलगाय को आकासी वन से निकाल कर बड़े वन की ओर ले जाने का प्रयास किया। वहीं वनकर्मियों ने ग्रामीणों को बताया कि किसी भी प्रकार से वन्य जीवों को नुकसान न पहुंचाएं। अगर फसल क्षति हुई है तो विभाग की ओर से उचित मुआवजा प्राप्त करे। बताते चले कि विगत कुछ दिनों से आकाशी वन मे कुछ नीलगाय डेरा डाले हुए थे और रात को आसपास के खेतो में लगे फसलों को नुकसान पहुंचा रहे थे। मौके पर वनरक्षी पंकज सिंह, नवनीत, गौतम, पंकज, महावीर, रिशी सिंह, सुमित, अनूप शाहदेव, प्रवीण, प्रदीप, संदीप आदि मौजूद थे।

## श्रम अधीक्षक ने सीजेएम के पास हिंडाल्को समेत अन्य पर मुकदमा दायर किया



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। मोटर परिवहन कामगार अधिनियम 1961 के तहत जितने भी लोहरदगा जिला में कमर्शियल गाड़ी संचालित है सभी गाड़ी का निबंधन इस एक्ट के तहत करने का प्रावधान है तथा ड्राइवर और हेल्पर को वर्षा और सर्दी मौसम में उसी के अनुकूलित वस्त्र देने का प्रावधान है। ड्राइवर से 8 घंटे से अधिक कार्य कराया जाता है तो दुगुना राशि भुगतान करेंगे तथा सभी ड्राइवर हेल्पर को ड्रेस उपलब्ध करायेंगे और उसकी धुलायी भत्ता का खर्च वहन नियोजक के द्वारा किया जायेगा। वैसे नियोजक जो इस नियम के तहत अपने गाड़ी का निबंधन नहीं कराए हैं उनको निर्देश दिया जा रहा है की निबंधन करायें। हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड, सुबोध प्रसाद, शालू ट्रांसपोर्ट एंड एसोसिएट और कृष्ण प्रसाद साहू नियोजक/ प्रतिष्ठानों को मोटर परिवहन कामगार अधिनियम 1961 के तहत निबंधन करने का लगातार निर्देश दिया जा रहा था लेकिन उनके द्वारा निबंधन नहीं कराये जाने के कारण श्रम अधीक्षक लोहरदगा के द्वारा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी लोहरदगा के पास मुकदमा दायर कर दिया गया है। इसकी जानकारी श्रम अधीक्षक दिनेश भगत द्वारा दी गयी है।

## महिलाओं के बीच ट्रैक्टर सहित रोटावेटर का वितरण



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र के अरेया पंचायत के तेतरटॉड़ गांव में लोक महिला मंडल महिलाओं के बीच भूमि संरक्षण विभाग लोहरदगा के द्वारा कृषि के कार्य क्षेत्र में बढ़ावा देने की उद्देश्य से कृषि कार्य सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार, मुखिया जसोदा उरांव के द्वारा विधिवत तरीके से पूजा अर्चना और नारियल फोड़कर उद्घाटन किया गया। जिसके बाद संदीप कुमार की उपस्थिति में ट्रैक्टर, रोटावेटर, कैजुअल, मिनी राईस मिल, सिंचाई मशीन, पंपसेट जैसे कई सामग्रियों का वितरण किया गया। वही महिला मंडल के महिलाओं में खुशी बना हुआ है। मौके पर पंचायत के मुखिया जसोदा उरांव, राजकुमार उरांव, सीताराम महतो, जगदीश उरांव, पुष्पा उरांव, सीमा देवी, गुलनाज खातून, जैसे बड़ी संख्या स्थानीय ग्रामीण और महिलाएं मौजूद थे।

## काली पूजा महोत्सव को लेकर युवा जागृति क्लब का गठन, साहिल अध्यक्ष और दीपू बने सचिव



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय की सुभाष चौक में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी काली पूजा महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। काली पूजा महोत्सव के आयोजन को लेकर युवा जागृति क्लब के द्वारा कमेटी का गठन करते हुए पूजा की तैयारी शुरू कर दी गयी है। जहां इस वर्ष युवा जागृति क्लब के सदस्यों के द्वारा सर्वसम्मति से साहिल कुमार सिंह को अध्यक्ष चुना गया। जबकि वरीय अनुभाग अभियंता आसिफ इकबाल राजू, सांसद प्रतिनिधि दिलीप सिंह यादव, महिला समिति अध्यक्ष रेखा पाठक, सुनीता पाल, दीपक राज दीपू को सचिव, कोषाध्यक्ष पवन शर्मा डब्लू ठाकुर, उपाध्यक्ष अभिषेक कुमार बिक्की, सागर कुमार विवेक कुमार, उज्जवल कुमार चंद्रा पूजा प्रभारी प्रमोद कुमार चौहान, रितेश कुमार,सुमन कुमार, अनूप कुमार, पंडाल ववस्था प्रभारी पुटुन सिंह, अभय नाथ, मुन्ना, संदीप कुमार अनीश कुमार सुनील कुमार कार्यकारणी सदस्य यश पासवान रितेश कुमार, आशीष कुमार, लालू राय, विकास पाल समेत अन्य शामिल हैं। समिति के अध्यक्ष साहिल सिंह ने बताया की दीपावली की सुबह मां काली की प्रतिमा की स्थापना के साथ दीपावली तय समय पर पूजा अर्चना पूरे विधि विधान से होगी। वहीं अगले दिन समिति के महाप्रसाद के वितरण करने का काम जायेगा।

## चतरा में विकास की गंगा बहाऊंगा : केएन त्रिपाठी



हेरहंज-(लातेहार) (आजाद सिपाही)। पलामू जिले के पूर्व विधायक सह पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री केएन त्रिपाठी आगामी चतरा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राय सुमारी दौरे पर हेरहंज पहुंचे। कहा चतरा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत 336 पंचायत आते हैं। सभी पंचायत में 15 दिसंबर तक जमीनी स्तर पर डोर टू डोर ग्रामीणों से मिलकर स्थिति का आकलन कर राय सुमारी कर रहे हैं। राय सुमारी संपन्न होते ही यदि सभी लोगों का विचार हुआ तो मैं चतरा लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए कांग्रेस पार्टी के आलाकमान के पास पहुंचेंगे। कहा चतरा लोकसभा क्षेत्र में आज तक कोई भी लोकल प्रत्याशी जीत कर नहीं पहुंचे हैं। सभी चुनाव में बाहर का ही प्रत्याशी जीत कर आये हैं। और चतरा लोकसभा क्षेत्र को किसी ने विकास करने का काम नहीं किया है। यहां तक कि विकास तो दूर है कभी भी जल्दी जनताओं से मुलाकात करना दुर्लभ है। जो भी सांसद चतरा लोकसभा क्षेत्र से जीतकर जाते हैं उसके बाद इधर जनताओं से मिलने नही आते हैं। अगर पार्टी के आलाकमान मुझे टिकट देते हैं तो जनताओं के विचार से मैं आगामी चतरा लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लडूंगा और चतरा लोकसभा क्षेत्र में विकास का गांगा बहाऊंगा। मैं सेना का नौकरी से त्यागपत्र देकर राजनीतिक दल में आया और आकर जनताओं के बीच रहकर काम किया और क्षेत्र का विकास करना चाहता हूं। श्री त्रिपाठी का काफिला हेरहंज पहुंचा तो सबसे पहले स्वयं सेवक संघ द्वारा माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया। मौके पर साथ में परमदेव कुशवाहा, सुरेश पाठक,चैनपुर बीससूत्री अध्यक्ष रंजन दुबे,कांग्रेस महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष लातेहार गीता देवी, स्वयं सेवक संघ जिलाध्यक्ष लातेहार मंटू कुमार, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष हेरहंज लाडले खान, नागेंद्र उरांव, राजू राम, राजू कुमार समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## चौकीदार बहाली में दौड़ व फिटनेस के लिए जल्द ही निकलेगी तारीख

# पारदर्शी होगी चौकीदारों की नियुक्ति : डीसी

**अभी आवेदन लिस्टिंग की प्रक्रिया चल रही है। जिसके पश्चात फिटनेस टेस्ट की तिथि जारी कर दी जायेगी।**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिले में चौकीदारों की नियुक्ति की प्रक्रिया काफी तेजी से चल रही है। इस संबंध में उपायुक्त ने बैठक बुला कर होम गार्ड नियुक्ति के संबंध में विशेष चर्चा की। उन्होंने प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक निर्देश भी दिये। उपायुक्त ने होम गार्ड नियुक्ति की चयन प्रक्रिया को पारदर्शी रूप से करने को कहा। उन्होंने फिटनेस और दौड़ टेस्ट के लिए तिथि निर्धारित करने का निर्देश दिया। दौड़ और फिटनेस टेस्ट के लिए अलबर्ट एक्का स्टेडियम को प्रथम विकल्प के रूप में चुना गया। अभी आवेदन लिस्टिंग की प्रक्रिया चल रही है। जिसके पश्चात फिटनेस टेस्ट की तिथि जारी कर दी जायेगी। इसके अलावा उपायुक्त द्वारा बैठक में अन्य कई मुख्य बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया इस दौरान बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, एसडीओ गुमला सदर, एसडीओ बसिया, परियोजना निदेशक आईटीडीए, उप पुलिस अधीक्षक, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, कारा अधीक्षक, संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

## सविमं में कौशल विकास कार्यशाला का आयोजन

# परिवर्तनकारी भविष्य के लिए किताबी ज्ञान के साथ बच्चों में कौशल विकास जरूरी



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** परिवर्तनकारी भविष्य के लिए किताबी ज्ञान के साथ बच्चों में कौशल विकास का होना आवश्यक है। उक्त बातें प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने सरस्वती विद्या मंदिर गुमला में आयोजित कौशल विकास कार्यशाला में कहीं। विद्या भारती योजना के अनुसार शनिवार को कौशल विकास कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसमें कक्षा नवम तथा अष्टम की कुल 95 बहनों ने भाग लिया। कौशल विकास प्रशिक्षक आचार्या अन्नपूर्णा देवी ने उपस्थित सभी बहनों को कागज द्वारा माला तथा कलश निर्माण और सज्जा से अवगत करवाया। बहनों के द्वारा एक से बढ़कर एक आकर्षक माला और कलश का निर्माण किया गया। आचार्या अन्नपूर्णा देवी ने मौके पर कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यालय में समय-समय पर आयोजित होते रहती है जो बच्चों को रोजगार, अच्छे काम और उद्यमिता के लिए कौशल से लैस करने में सहायक है। प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने उपस्थित बच्चों को उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि आप इस प्रकार की कार्यशालाओं के द्वारा नए-नए चीजों का निर्माण करना सीखते रहे जो स्वावलंबी भारत के निर्माण में सहायक होंगे।

# पुलिस की कार्रवाई, आठ जुआरियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल



आजाद सिपाही संवाददता

**सिसई।** सिसई पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को आठ जुआरियों को पकड़कर शनिवार को जेल भेज दिया है। जेल जाने वालों में भदौली गांव निवासी राकेश (41) बरगांव बरटोली के नन्दलाल महतो (27) व दीपक कुमार (31) छारदा गांव के शंभु साहु (36) व मोहन कुमार (31) महादेव चेगरी भरनो के अशोक महतो (39) लावागाई चेगरी के राजेश साहु (42) कॉलेज रोड सिसई के अक्षय कुमार साहु (30)शामिल हैं। इन जुआरियों के पास से पुलिस ने 31470 रुपया नगद राशि, 50 ताश की गड्डी, दो चटाई, 9 बाइक व अन्य सामान सहित दर्जनों चप्पल बरामद कर जप्त किया है। इस बावत पालकोट थाना में प्रेस वार्ता कर एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि बाहर से इकट्ठा होकर छारदा गांव में बड़े पैमाने पर जुआ का खेल हो रहा है और कुछ जुआ खेलवाने के लिए कमीशन वसूल रहे हैं, इसकी गुप्त सूचना मिली थी। एसपी के निर्देश पर थानेदार आदित्य कुमार चौधरी ने छापेमारी दल गठित कर त्वरित कार्रवाई करते हुए छारदा गांव के लोहराडीपा स्थित मड़वारी महली के सेड को घेर कर अवैध रूप से जुआ खेल रहे आठ लोगों को मौके से गिरफ्तार किया गया। वहीं कई लोग भागने में सफल रहे। पकड़े गये सभी जुआरियों के विरुद्ध भादवि की धारा 290/420/34 व 11 बंगाल सार्वजनिक जुआ अधिनियम 1867 के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। वहीं एसपी ने कहा कि जुआरियों के विरुद्ध छापेमारी की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। दिवाली में भी जुआरियों पर पुलिस विषय नजर रखेगी। उन्होंने लोगों से अपने क्षेत्र में संगठित होकर खेले जाने वाली जुआ के विषय मे गुप्त रूप से थाना या एसपी कार्यालय को देने की अपील किया है। उन्होंने कहा कि गरीब लोगों को लोभ लालच देकर जुआ खेलने के लिए प्रेरित किया जाता है। जुआ के कारण कई लोगो का घर बर्बाद हो गया है। जुआ को पुलिस साधारण अपराध के रूप में न लेकर सामाजिक अपराध के रूप में देखती है। जुआरियों के विरुद्ध आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। छापेमारी टीम में थानेदार आदित्य कुमार चौधरी, पुअनि भवेश कुमार, सअनी रघुनंदन प्रसाद राव, हवलदार बिहारी राम, निमन उरांव, सिपाही प्रकाश उरांव सुबोध गोप शामिल थे। प्रेस वार्ता में इंस्पेक्टर एसएन मंडल, थानेदार आदित्य कुमार चौधरी व जवान मौजूद थे।

## हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया



**सिसई (आजाद सिपाही)।** बीते 15 साल से हत्या के फरार आरोपी थाना क्षेत्र के लाल पंडरिया गांव निवासी सुकरा उरांव (48) को उसके घर से गिरफ्तार कर सिसई पुलिस शनिवार को जेल भेज दिया। इस बावत थानेदार आदित्य कुमार चौधरी ने बताया कि सुकरा उरांव के विरुद्ध लाल वारंट जारी था। पूर्व में इसके घर का कुर्की जप्ती भी हो चुका है। सुकरा उरांव सहित दो लोगों के विरुद्ध 2008 में दिकदोन गांव निवासी फिरनी खड़ियाईन ने अपनी बेटी एतवारी खड़ियाईन की हत्या करने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराई थी। कांड दर्ज होने के बाद से सुकरा फरार चल रहा था। गुप्त सूचना पर शुक्रवार की शाम को उसके घर से गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया गया। वहीं दूसरा आरोपी इस मामले में कोर्ट से बरी हो चुका है।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम का जागरूकता रथ हुआ रवाना

# तीनों विधानसभा के कुल 994 मतदान केंद्रों में विशेष कैंप का हुआ आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** फोटो मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत दिनांक 01.01.2024 को अर्हता तिथि मानते हुए सभी अर्हता प्राप्त व्यक्तियों को मतदाता सूची में नाम शामिल किया जा रहा है। इसे लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने निबंधन हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता रथ रवाना किया। जागरूकता रथ के द्वारा जिले के सभी प्रखण्डों में भ्रमण कर मतदाता को जागरूक किया जायेगा। मौके पर उप विकास आयुक्त, गुमला, उप निर्वाचन पदाधिकारी गुमला, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 68 गुमला (अजजा) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-सह-अनुमण्डल पदाधिकारी, गुमला एवं निर्वाचन कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे। यहां बता दें कि भारत निर्वाचन आयोग, नयी दिल्ली के निर्देश के आलोक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, रांची द्वारा विशेष कैम्प की निर्धारित तिथि 04 नवंबर 2023 और 05 नवंबर 2023 को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, गुमला के आदेशानुसार 67 सिसई के 332, 68-गुमला के 313 और 69- विशुनपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के 349 कुल 994 मतदान केन्द्रों विशेष कैम्प का आयोजित किया गया है। विशेष कैंप का औचक निरीक्षण जिला स्तर से प्रतिनियुक्त वरीय पदाधिकारियों के द्वारा की गई और आगामी 05 नवंबर को भी किया जायेगा।

# जमीन विवाद में मारपीट, शिकायत दर्ज



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जमीन विवाद को लेकर शनिवार को खड़ियापाड़ा में दो गुटों में मारपीट की घटना हुई है। मारपीट की घटना मामले में खड़िया पाड़ा निवासी सुनीता मिंज ने क्रिस्टिना टोप्पो, बेरोनिका सुड़ी, मेरी पुष्पा टोप्पो, संध्या, पास्कल मिंज और इनके सहयोगी मो असजद, मो इकबाल और रेहान राजा के खिलाफ एसटीएससी थाना में शिकायत की है और प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है। थाना प्रभारी को दिए गये आवेदन में सुनीता मिंज का कहना है कि शनिवार को उसके पति घर पर नहीं थे। वे कोर्ट काम से गये थे। इसी दौरान कुछ महिला उनके घर आए और बताया कि उन लोगों के खतियानी जमीन पर कुछ लोग बांस लगाकर अवैध तरीके से घेराबंदी कर रहे हैं। सूचना मिलने पर मैं अपने रिश्तेदार अंजेला मिंज, सालोमिना मिंज, शिरोमणि बाड़ा, मधु उसुर्ला सहित अन्य महिलाओं के साथ अपने जमीन पर पहुंची और घेराबंदी करने से मना की। तभी क्रिस्टिना टोप्पो, बेरोनिका सुड़ी, मेरी पुष्पा टोप्पो, संध्या, पास्कल मिंज ने उन लोगों को घेर लिया। मो असजद, मो इकबाल और रेहान राजा ने जाति सूचक गाली देते हुए अभद्र व्यवहार किया। हमलोगों को जमीन पर पटक दिया और कपड़ा फाड़कर सबके सामने बेइज्जत किया।

सुनीता मिंज ने आदिवासी महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करने वाले लोगों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

# बैंक ऑफ इंडिया चैनपुर में लगेगा कर्ज चुकाओ सुकून बढ़ाओ शिविर

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** बैंक ऑफ इंडिया चैनपुर में 9 नवंबर को कर्ज चुकाओ सुकून बढ़ाओ शिविर लगाया जायेगा। जानकारी देते हुए शाखा प्रबंधक रजनीश श्रीवास्तव ने बताया कि चैनपुर, डुमरी और जारी बैंक ऑफ इंडिया शाखा में ऋण मुक्ति शिविर चैनपुर में लगेगा। इस शिविर में एनपीए खाता धारकों का लोन समायोजन (समझौता) किया जायेगा। साथ ही खाता धारक शिविर में अपने ऋण से संबंधित जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं, उन्होंने चैनपुर शाखा के तमाम ऋण धारकों से इस शिविर का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

# हाइवा ने कुचला युवक को, मौके पर हुई मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** थाना क्षेत्र के गरियाटोली के समीप शनिवार की सुबह चिप्स से ओवरलोडेड हाइवा ने युवक को कुचल दिया। जिससे गरियाटोली निवाड़ी लछु उरांव की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। वही हाइवा ट्रक घटना के बाद फरार हो गया और जलका में चिप्स खाली करने लगा। वही ग्रामीणों ने उसका पीछा कर जलका से पकड़ा ग्रामीणों द्वारा उक्त वाहन और ड्राइवर को पकड़कर घाघरा थाना लाया गया। वही पुलिस शव को पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार मृतक लछु प्रातः5 बजे घर से शौच के लिए निकला था, इसी क्रम में गरियाटोली मुख्य पथ पार कर रहा था। जहां चपका की ओर से जा रही चिप्स से भरे ओवरलोड हाइवा ट्रक ने लक्षु को कुचल दिया और वह भागने लगा। इस क्रम में ग्रामीणों द्वारा उसका पीछा किया गया। जहां जलका के समीप हाईवा ट्रक को पकड़ा। ग्रामीणों ने कहा कि नवनी से आदर तक बन रहे कालीकरण सड़क निर्माण में दर्जनो हाइवा ट्रक का आवागमन लगातार हो रहा है और सभी हाईवा ओवरलोडेड जा रहै है फिर भी ना तो प्रखंड प्रशासन और नहीं जिला प्रशासन को इस ओर ध्यान है। वही ग्रामीणों ने सभी वाहनों की जांच कर और उक्त रास्ते में धीरे-धीरे हाइवा वाहनों को जाने का लेकर मांग की है ताकि घटना ना हो।

# गैस एजेंसी का एजेंट बताकर कुजूर के बैंक खाते से 97 हजार रुपये की निकासी कर ली

आजाद सिपाही संवाददात



**गुमला।** इंडेन गैस एजेंसी का एजेंट बताकर साइबर अपराधी ने ग्रामीण पोलिकार कुजूर के बैंक खाते से चेक द्वारा 97 हजार रुपये की निकासी कर ली। मोबाइल पर राशि निकासी का मैसेज आने पर सिलम पांदनटोली निवासी पोलिकार कुजूर ने रायडीह थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने और साइबर अपराधी की पहचान कर कार्रवाई करने की मांग की है। थाना में दिए गए आवेदन में पोलिकार कुजूर ने कहा है कि 30 अक्टूबर 20 23 को एक अज्ञात व्यक्ति उसके घर आया और अपने को इंडेन गैस एजेंसी का एजेंट बताया। गैस सेफ्टी रेगुलेटर व इंश्योरेंस के एवज में दो चेक मांगे। एसबीआई बैंक खाता का चेक संख्या 315141 में पांच सौ और चेक संख्या 315142 में एक सौ रुपये का चेक काट दिया। जिसमें राशि सिर्फ अंक में भरा गया था। मेरे द्वारा निर्गत किए चेक से शुक्रवार को 48 हजार और 49 हजार रुपये की राशि उड़ीसा राज्य के सुंदरगढ़ जिला थाना बिसरा कपाटमुंडा गांव के महेश्वर लोहार के बैंक खाता में ट्रांसफर हुआ है। उन्होंने साइबर अपराधी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए राशि की वापसी के लिए रायडीह थाना प्रभारी से अनुरोध किया है।

# ऑटो पलटने से पांच लोग घायल, सभी को लाया गया सदर अस्पताल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** पालकोट थाना क्षेत्र के पिंजरा डीपा पुल के समीप ऑटो के पलटने से पांच लोग घायल हो गये। वहीं अन्य को मामूली चोट लगी। सभी घायलों को उप स्वास्थ्य केंद्र पालकोट ले जाया गया जहां सभी का इलाज किया गया। वहीं गंभीर रूप से घायल पांच लोगों इलाज के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार एक ही परिवार के 10 लोग ऑटो से पालकोट प्रखंड के तिलोडीह गांव करमा पर्व मनाने गये थे। वहीं वापसी के क्रम में पिंजरा डीपा के समीप ऑटो पलट गया। जिससे सोसो गुमला निवासी मुनिका कुमारी, मनीषा केरकेट्टा, तेलगांव निवासी चंदन उरांव, सुलेखा उराईन और जमगई निवासी बिरस मुनी देवी गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## बाइक चालक अनियंत्रित होकर गिरा, लगी गंभीर चोट, रिम्स रेफर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना क्षेत्र अंतर्गत हनुमान मंदिर चपका के समीप बाइक से अनियंत्रित होकर घाघरा निवासी बाबूलाल भगत गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में उसके सिर व शरीर के अन्य हिस्से में गंभीर चोट लगी है। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल को सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के उपरांत गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे रिम्स रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक घायल युवक करमा पर्व मनाने सीसी कतरी मेहमान गया था। जहां कार्यक्रम खत्म होने के बाद अपने घर लौट रहा था तभी यह घटना घटी। बताया जाता है कि उसने शराब का बहुत ज्यादा सेवन कर लिया था।

# छठ पूजा में बिखरेगी रागी की बहार, स्टॉल लगाकर रागी का ठेकुआ बेचेंगी सखी मंडल की दीदियां

**यह निर्णय उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी और छठ पूजा समीतियों की बैठक में लिया गया।**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** इस बार छठ पूजा में वातावरण में रागी का सुगंध फैलेगा। सखी मंडल की दीदियो द्वारा स्टॉल लगा कर रागी मिशन अंतर्गत निर्मित सामग्रियों और मिट्टी के दीयों और अन्य सामग्री का विक्रय किया जायेगा। यह निर्णय उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी और छठ पूजा समीतियों की संयुक्त बैठक में लिया गया। शनिवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में छठ पूजा समिति के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में उपायुक्त द्वारा आगामी छठ महापर्व को देखते हुए छठ की तैयारियों के साथ साथ अन्य मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की। इस दौरान समिति के सदस्यों को रागी मिशन अंतर्गत जिले के दीदियों द्वारा बनाये जा रहे रागी के ठेकुवे को भी पूजा में शामिल करने की सलाह दी। साथ ही आगामी 08 नवंबर को गुमला जिला के सभी 12 प्रखंडो में दिवाली मेला सह मिलेट दिवस का आयोजन किया जाने की जानकारी दी गयी। इस अवसर पर जिला में पुलिस लाइन, सदर अस्पताल, सीआरपीफ कैंप और अन्य प्रमुख स्थलों पर सखी मंडल की दीदियो द्वारा स्टॉल लगाकर सामग्रियों की बिक्री की जायेगी। बैठक में मुख्य रूप से जेएसएलपीएल, डीपीएम , वन तालाब छठ पूजा समिति, मुरली बगीचा छठ पूजा समिति, डूमरडीह छठ पूजा समिति, सिसई रोड छठ पूजा समिति के सदस्य और जेएसएलपीएल के अन्य सदस्य उपस्थित रहें।

## नंदलाल ने फांसी लगा कर की आत्महत्या



**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के छारदा गांव निवासी नन्दलाल उरांव (28) ने शुक्रवार की रात को अपने घर के अंदर फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया। चौकीदार किशोर कुमार महली के सूचना पर थानेदार आदित्य कुमार चौधरी शनिवार को घटना स्थल से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौप दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव में मृतक का नया और पुराना दो घर है। शाम को वह अपने पत्नी व बच्ची को नये घर में सोने के लिए पहुंचाकर खुद पुराने घर मे सोने के लिए आ गया। सुबह उसकी पत्नी उसे उठाने आई तो वह अंदर से कोई जबाब नहीं दे रहा था। शोर मचाने पर लोग दरवाजा तोड़कर अंदर गये तो मृतक को फंदे से झूलते देखा। शुक्रवार को छारदा गांव में सिसई पुलिस ने जुआरियों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए छापामारी कर कई जुआरियों को गिरफ्तार किया है। गांव में चर्चा है कि उक्त जुआ में मृतक का भी काफी पैसा लगा हुआ था। वहीं पिछले कई महीनों से मृतक को जुआ में भारी नुकसान उठाना पड़ा था, अपनी पुश्तैनी जमीन भी गिरवी व बिक्री कर दिया गया था। वह परेशान रहा करता था, जुआ के चक्कर में वह 12 से 15 एकड़ जमीन बेच चुका है, वहीं कई पहचान वालों से लाखों रुपया उधार लेकर जुआ में गवां चुका है। लोग दबी जुबान से आत्महत्या को उसी मामले से जोड़कर बोल और देख रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार गांव में मृतक की पहचान एक बड़े जुआरी के रूप में होती है।

**श्रद्धांजलि : पूर्व भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री स्व मधु सिंह की मनायी गयी जयंती**

# त्याग व बलिदान के प्रतीक थे पूर्व मंत्री मधु सिंह: लाल सूरज

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** झारखंड सरकार के पूर्व भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री स्वं मधु सिंह का कोनवाई बाजार प्रांगण में शनिवार को स्मारक व तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर जयंती मनाई गई। पांकी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी एवं पांकी अनुमंडल संघर्ष समिति के संयोजक लाल सूरज ने फूल माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कहा कि पूर्व मंत्री मधु सिंह के संघर्षों को भुलाया नहीं जा सकता है। पूर्व मंत्री मधु सिंह त्याग और बलिदान के प्रतीक थे। इनके आंदोलन से ही पांकी विधानसभा क्षेत्र की जनता को शोषण से मुक्ति मिली। मधु सिंह ने अपने जीवन काल में गरीबों, शोषितों और वंचितों का मसीहा बनकर क्षेत्र में जन आंदोलन खड़ा किया, परिणाम स्वरूप पांकी विधानसभा की जनता को जुल्म से मुक्ति मिली है। पांकी विधानसभा के पूर्व विधायक सह झारखण्ड सरकार के पूर्व राजस्व, भूमि सुधार मंत्री मधु सिंह ने अपने प्राणों की आहूति देकर गरीबों की सेवा करते रहे। यही नहीं पूरे संयुक्त बिहार में मधु सिंह की अगुवाई में एक जन आंदोलन की शुरूआत हुई। इनके आंदोलन का पूरे झारखण्ड-बिहार में असर हुआ था। मधु सिंह के उद्देश्य को पूरा करने के लिए संघर्ष करने के लिए तैयार रहना होगा। इस मौके पर कोनवाई पंचायत के मुखिया पति वृजदेव सिंह, पंचायत समिति लक्ष्मण कुमार सिंह, प्रसिद्ध सिंह, बाबूलाल सिंह, छठन सिंह, राकेश कुमार सिंह, बच्चन ठाकुर, पांकी पश्चिमी जिला पार्षद निधि सिंह, अन्नपूर्णा सिंह, जलसहिया करूणा सिंह, रामबली सिंह, डॉ सत्यनारायण सिंह, बच्चू मवार साहब सहित क्षेत्र के सैकड़ों की संख्या में पुरुष, महिलाएं समेत नौजवान उपस्थित थे।


पूर्व मंत्री मधु सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देते समर्थक।

## दुलसुलमा पंचायत के किसानों के बीच चना बीज का किया गया वितरण

**सतबरवा/पलामू ( आजाद सिपाही)।** सतबरवा प्रखंड के दुलसुलमा पंचायत के किसानों के बीच शनिवार को प्रखंड खाद आपूर्ति पदाधिकारी अरविंद कुमार, एटीएम प्रियंका कुमारी कृषि मित्र अरविंद सिंह और पंचायत समिति सदस्य जगदीश सिंह की देखरेख में किसान सरस्वती देवी, श्यामलाल सिंह, केशर सिंह, शीतल सिंह, गौतम कुमार, शंकर सिंह, कामाख्या सिंह, ऋतुराज सिंह, प्रदीप सिंह, प्रमोद सिंह, अरविंद सिंह, रति कुमार, रविंद्र सिंह, नारकेश्वर सिंह, अखिलेश सिंह, संजय सिंह के बीच पांच-पांच किलो चना के बीज का वितरण किया गया। इस दौरान एटीएम प्रियंका कुमारी ने कहा कि बीज को वैज्ञानिक तरीके से बोया जाए तो अच्छी फसल होगी। बीज के साथ कीटनाशक दवा और यूरिया का स्प्रे दिया गया है जो पानी में घोलकर छिड़काव करना है। इस पर किसान सरस्वती देवी ने कहा कि 5 किलो चना बीज में क्या होगा। कम से कम 10 किलो चना बीज प्रति किसान को मिलना चाहिए। वहीं, एमओ अरविंद सिंह ने कहा कि पूरे प्रखंड के लिए 40 क्विंटल चना बीज आया है जो 10 पंचायत में चार-चार क्विंटल दिया जा रहा है। जिन किसानों को चना बीज दिया गया है उनका चयन कृषि मित्र और जनप्रतिनिधि द्वारा किया गया है।

## एम तौसीफ ने दाता शाह के मजार पर की चादरपोशी



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य डॉक्टर एम तौसीफ ने दाता शाह की मजार पर चादरपोशी कर राज्य में अमन चैन भाईचारगी और राज्य की उन्नति के लिए दुआएं मांगी। चादरपोशी में झामुमो अल्पसंख्यक विभाग के केंद्रीय सचिव डॉक्टर एजाज आलम, नेहाल असगर, कांग्रेस नगर अध्यक्ष रंजीत पासवान, मोहम्मदगंज प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नदीम खान, मेहताब सिद्दीकी, इजहार अंसारी, अर्जुन सिंह, सद्दाम हुसैन, अजीज अख्तर और अब्दुर रहीम आदि उपस्थित थे।

## चतरा से भाजपा का टिकट मिला तो लड़ूंगा चुनाव : धीरेंद्र



**नीलांबर पीतांबरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** चतरा संसदीय क्षेत्र से मेरा पुराना रिश्ता है। हमेशा लोगों के सुख दुख में शामिल रहा हूं। एक लम्बे अंतराल के बाद भी लोगों का प्यार कम नहीं हुआ है। अगर भाजपा से मुझे चतरा संसदीय क्षेत्र से टिकट मिला तो चुनाव लड़ूंगा और चुनाव मेरे पक्ष में होगा। उक्त बातें चतरा के पूर्व सांसद धीरेंद्र अग्रवाल ने शनिवार को नीलांबर पीतांबरपुर में अपने कार्यकर्ता मुन्ना सोनी के आवास पर पत्रकार वार्ता में कही।

## दिवंगत मधु सिंह ने गरीब, शोषित और पीड़ितों के लिए किया आजीवन संघर्ष : धीरेंद्र अग्रवाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**पांकी/पलामू।** चतरा लोकसभा के पूर्व सांसद धीरेंद्र अग्रवाल ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान कोनवाई में राज्य के प्रथम राजस्व एवं भूमिसुधार मंत्री मधु सिंह की जयंती पर उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रंद्धाजलि दी। इस अवसर पर पूर्व सांसद धीरेंद्र अग्रवाल ने कहा कि स्वः मधु सिंह ने गरीब, शोषित एवं पीड़ितों के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनका जीवन गरीबों के लिए समर्पित था। उन्होंने मजदूरी और कंडक्टरी करते हुए पांकी विधानसभा का दो बार विधायक एवं झारखण्ड सरकार में मंत्री तक का सफर तय किया। इनका पूरा जीवन संघर्ष से भरा रहा है। उन्होंने शासक नहीं, बल्कि सेवक की भूमिका निभाई। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, मध्य जिला परिषद निधि सिंह, उपप्रमुख अमित चौहान, मुखिया बृजदेव सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## विश्रामपुर सेवा भारती समाजसेवी संस्था का हुआ गठन, विजय पांडेय बने अध्यक्ष



**विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)।** विश्रामपुर नप मुख्यालय स्थित शिव घाट परिसर में शनिवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता वरीय समाज सेवी विजय पांडेय व संचलन संतोष केशरी ने किया। बैठक में विचार विमर्श के बाद विश्रामपुर सेवा भारती नामक एक सामाजिक संस्था का गठन किया गया। सर्वसम्मति से विजय पांडेय को कमेटी का अध्यक्ष चुना गया। वहीं, निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील कुमार चौधरी को उपाध्यक्ष, विजय कुमार रवि को सचिव, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय को मंत्री, अमित कुमार चौधरी को कोषाध्यक्ष और पूर्व नप अध्यक्ष देवनारायण सिंह को कमेटी का संरक्षक बनाया गया है। इसके अलावा कई युवाओं को कार्यकरणी सदस्य में रखा गया है। वहीं, अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि कमेटी के बैनर तले क्षेत्र में समाजिक कार्य किया जायेगा। सनातन धर्म के सभी प्रमुख त्योहारों पर भी कमेटी सक्रिय रूप से कार्य करेगी। इसके अलावा यह कमेटी विश्रामपुर के विकास में भी अपनी भूमिका तय करेगा। मौके पर विनोद कुमार विश्वकर्मा, करन केशरी, शिवम सोनी, मुकेश चौधरी, राकेश केशरी, जयंत चौहान, डॉ चांदसी, कमाख्या कुमार, अभिषेक कुमार, संतोष मेहता, विकास गुप्ता, रामकेश विश्वकर्मा, अजित सोनी, विक्की सोनी, रामचंद्र राम, भरदुल राम, अनुज कुमार, चंदन कुमार, बुल्लू साव, आकाश कुमार और अरुण सोनी आदि मौजूद थे।

# आंखों की ज्योति लौटाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य : डॉ दीपक

**जिला अंधापन नियंत्रण समिति व राधा लक्ष्मी ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में मोतियाबिंद शिविर का आयोजन**
**- 50 मोतियाबिंद मरीजों का हुआ नि:शुल्क ऑपरेशन**

आजाद सिपाही संवाददाता


मोतियाबिंद शिविर का उद्घाटन करते डॉ दीपक सिन्हा व अन्य गणमान्य।

**हुसैनाबाद।** जिला अंधापन नियंत्रण समिति और राधा लक्ष्मी ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में हुसैनाबाद स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को शिविर आयोजित हुआ। जिसमें 50 मोतियाबिंद मरीजों का नि:शुल्क ऑपरेशन किया गया। शिविर का उद्घाटन अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक डॉ दीपक कुमार सिन्हा, डॉ विनोद कुमार, निवर्तमान नगर उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी, दंगवार मुखिया अमरेंद्र ठाकुर व डॉ अखलेश कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर अनुमंडलीय अस्पताल उपाधीक्षक ने कहा कि आंखों की ज्योति लौटाना सबसे बड़ा पुण्य का काम है। संस्था की ओर से प्रत्येक वर्ष दो-तीन महीना शिविर लगाकर इस तरह के गरीब और असहाय लोगों को कल्याणकारी कार्य किए जाने की सराहना की है। जानकारी देते हुए राधा लक्ष्मी ट्रस्ट के डॉ अखिलेश कुमार गुप्ता ने बताया कि मोतियाबिंद के 100 मरीजों के आंखों की जांच की गई थी। जिसमें से 50 सफल मरीजों को ही नेत्र चिकित्सक धीरज प्रसाद और विवेकानंद उपाध्याय द्वारा लेंस प्रत्यारोपण किया गया। उन्होंने बताया कि सोमवार को सभी मरीजों को नि:शुल्क दवा और चश्मा भी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो मरीज इस शिविर में किसी कारणवश जांच नहीं करा पाए हैं, वे आंखों की जांच करा लें। यहां प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दो बजे तक किया जा रहा हैं। इस मौके पर नेत्र सहायक कर्मी जयप्रकाश सिंह उर्फ बच्चा सिंह, लेखापाल राजीव कुमार, सुनील कुमार, परशु कुमार, सुषमा कुमारी, बसंती कुमारी, सचिन कुमार, काजल, रागिनी, दयानंद कुमार, प्रह्लाद ठाकुर, असगर उर्फ मिथुन आदि मौजूद थे।

## मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर विश्रामपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में हुई बैठक, दिये गये निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर विश्रामपुर प्रखंड के सभागार में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता सुरजीत सिंह की उपस्थिति में शनिवार को समीक्षात्मक बैठक हुई। जिसमें विश्रामपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। कार्यक्रम के संबंधित कार्यों के सफल संचालन के लिए सभी बीएलओ एवं सुपरवाईजर के साथ साप्ताहिक बैठक करते हुए कार्यों का अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया। वहीं सभी संबंधित एईआरओ एवं बीडीओ को सभी मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन एवं मतदान केंद्रों पर उपलब्ध बुनियादी सुविधा से संबंधित कार्य योजना तैयार करने को कहा गया। जिला की ओर से उपलब्ध कराये गये प्री फाइल फॉर्म- 6 की अद्यतन स्थिति पर भी चर्चा हुई। वैसे सभी मतदान केंद्र जहां पुनरीक्षण अवधि में मतदाताओं की संख्या 1500 से अधिक नहीं होनी चाहिए, वैसे मतदान केंद्रों को चिन्हित करते हुए आवश्यक कार्य योजना बनाने का निर्देश दिया गया। बैठक में 18 वर्ष पूर्ण करने वाले लोगों का नाम जोड़ने पर बल दिया गया। यह अभियान 27 अक्टूबर से नौ दिसंबर तक चलेगा। बैठक में विश्रामपुर बीडीओ विक्रम आनंद, पांडू बीडीओ राहुल उरांव, उंटारी बीडीओ परितोष प्रियदर्शी, नावा बाजार बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद, सांख्यकी पदाधिकारी बैजनाथ राम आदि उपस्थित थे।

## ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** उमेश सिंह एजुकेशनल वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से संचालित बेलचंपा के ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में शनिवार को शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के बेहतरीन भविष्य को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा की गयी। शिक्षा के गुणवता को बरकरार रखने का भी निर्णय लिया गया। इस दौरान अभिभावकों से सुझाव भी मांगा गया। स्कूल प्रबंधन ने अभिभावकों के सुझाव पर अमल करने का भरोसा दिलाया। गोष्ठी में निदेशक अमित कुमार सिंह उर्फ बाबूल सिंह ने अर्धवार्षिक परीक्षाफल घोषित किया। जो सत प्रतिशत रहा। प्रथम कक्षा की छात्रा अश्वनी आनंद सिंह 96.7 प्रतिशत लाकर स्कूल टॉपर बनी। निदेशक बाबूल सिंह ने परीक्षा परिणाम पर संतोष जाहिर किया। कहा कि यह शिक्षकों के कुशल नेतृत्व और बच्चों की कड़ी मेहनत का प्रतिफल है। इस मौके पर प्राचार्य दीपक तिवारी, सुधाकर पांडेय, अजीत तिवारी, विकासदीप चौबे, सुरेंद्र शर्मा, नंदन ठाकुर, पियूष पांडेय, गीता पांडे, आभा चौबे, मधु चौबे, प्रतिमा कुमारी, चंचल दीक्षित आदि मौजूद थे।

# स्पोर्ट्स



**पाकिस्तान ने वर्ल्ड कप में बारिश से प्रभावित मुकाबले में न्यूजीलैंड को डकवर्थ-लुइस मैथड के तहत 21 रन से हरा दिया शनिवार को मिली इस जीत से पाकिस्तान की टीम पॉइंट्स टेबल में 5वें पायदान पर पहुंच गयी और सेमिफाइनल की उम्मीदें बरकरार है।**

**बारिश से प्रभावित मैच में जीत दर्ज कर सेमीफाइनल की उम्मीदें रखी बरकरार**

# फखर जमान के शतक से जीता पाकिस्तान, न्यूजीलैंड को डीएलएस पद्धति के तहत 21 रनों के अंतर से हराया

एजेंसी



**बेंगलुरु।** पाकिस्तान ने वर्ल्ड कप में बारिश से प्रभावित मुकाबले में न्यूजीलैंड को डकवर्थ-लुइस मैथड के तहत 21 रन से हरा दिया है। शनिवार को मिली इस जीत से पाकिस्तान की टीम पॉइंट्स टेबल में 5वें नंबर पर आ गई है और सेमीफाइनल की रेस में बरकरार है। फखर जमान ने 81 बॉल पर नाबाद 126 और कप्तान बाबर आजम ने 63 बॉल पर नाबाद 66 रन बनाए। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड ने 50 ओवर में 6 विकेट पर 401 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में पाकिस्तान ने 21.3 ओवर में एक विकेट पर 160 रन बनाए थे, तभी बारिश आ गई और टारगेट रिवाइज करके 41 ओवर में 342 रन कर दिया गया। यहां पाकिस्तानी टीम को 19.3 ओवर में 182 बनाने थे। दोबारा खेल शुरू होने पर पाकिस्तान ने अगले 3.3 ओवर में 40 रन बना डाले। 25.3 ओवर के बाद जब दोबारा खेल रुका तब पाकिस्तान ने एक विकेट पर 200 रन बना लिए थे। इसके बाद मुकाबला नहीं हो सका।

**साउथ अफ्रीका टॉप-4 में :** डकवर्थ लुईस मैथड से न्यूजीलैंड पर जीत के बाद पाकिस्तान के 8 पॉइंट्स हो गए। टीम पॉइंट्स टेबल में पांचवें नंबर पर पहुंच गई है, जबकि न्यूजीलैंड इतने ही पॉइंट्स के साथ चौथे नंबर पर है, क्योंकि उनका रन रेट बेहतर है। पाकिस्तान का एक मैच अब इंग्लैंड से बाकी है, इसे जीतने पर टीम के 10 पॉइंट्स हो जाएंगे। वहीं न्यूजीलैंड अगर श्रीलंका के खिलाफ अपना आखिरी मुकाबला हार जाए तो पाकिस्तान चौथे नंबर पर फिनिश नॉकआउट स्टेज में क्वालिफाई कर जाएगा। न्यूजीलैंड अगर श्रीलंका के खिलाफ आखिरी मैच जीत गया तो पाकिस्तान को इंग्लैंड के खिलाफ बड़े अंतर से मैच जीतना होगा, ताकि टीम का रन रेट न्यूजीलैंड से बेहतर हो सके, क्योंकि इस सिचुएशन में दोनों टीमों के 10-10 पॉइंट्स रहेंगे और बेहतर रन रेट रखने वाली टीम ही सेमीफाइनल में क्वालिफाई करेगी।

## 9 नवंबर को नवादा में देंगे एक दिवसीय धरना : झारखंड क्रांति मंच

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। झारखंड क्रांति मंच के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु, उपाध्यक्ष सह मजदूर नेता गिरिजा प्रसाद विश्वकर्मा, अधिवक्ता प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष धीरेंद्र गुप्ता, मंच के पलामू जिलाध्यक्ष विजय राम ने मेदिनीनगर कचहरी स्थित जिलाध्यक्ष विजय राम के सीट पर शनिवार को संयुक्त प्रेस वार्ता की। जिसमें पीएचईडी के कनिय अभियंता सिन्हा जी, ठेकेदार आजाद सिंह और अखिलेश पाण्डेय द्वारा वादा खिलाफी करने के प्रतिवाद में नौ नवंबर को नवादा (पाटन) स्थित जलापूर्ति संयंत्र के प्रांगण में एक दिवसीय धरना दिया जाएगा। लगे हाथ भ्रष्टाचार के खिलाफ भी आंदोलन किया जाएगा। प्रेस वार्ता में भुक्तभोगी महेश्वर मोची आदि उपस्थित थे।**

## बाल विवाह को लेकर मीडियाकर्मियों के लिए जागरूकता सह कार्यशाला का आयोजन



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** समाज कल्याण विभाग की ओर से शनिवार को समाहरणालय के ब्लॉक सी सभागार में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत जिले के मीडिया कर्मियों के बीच उन्मुखीकरण सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने सभी मीडिया कर्मियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की। कहा कि मीडिया कर्मी लोकतंत्र के चौथे स्तंभ हैं। इस नाते बाल विवाह को रूकवाने में उनकी उतनी ही जिम्मेवारी है जितना कि हमारा। उन्होंने कहा कि बाल विवाह आज भी हमारे समाज में मौजूद है जो कहीं से सही नहीं है। इसे कैसे रोका जाये और इससे जुड़े कानूनों और प्रावधानों से आपको अवगत कराने के लिए यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। वहीं, कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने कहा कि बाल विवाह को लेकर आमजनों के बीच व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसे में सब सभी से अपील है कि जिले को बाल विवाह से पूरी तरह से मुक्त करने के इस अभियान में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि बाल विवाह से जुड़ी शिकायत के लिए चाइल्ड लाइन के नंबर 1098 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावे उन्होंने बाल विवाह के संबंध में मीडिया के दायित्वों, बाल संरक्षण से संबंधित विभिन्न कानून में मीडिया से संबंधित महत्वपूर्ण प्रावधानों के विषय पर चर्चा किया। इसके पूर्व यूनिसेफ के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनटर ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से सभी मीडिया कर्मियों को बाल विवाह से जुड़े आंकड़ो से अवगत कराया। मौके पर उपरोक्त के अलावे संरक्षण पदाधिकारी केडी पासवान, प्रकाश कुमार, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष आदि उपस्थित थे।

## अपील : चासनाला राजकीय मध्य विद्यालय के जर्जर भवन का झरिया विधायक ने किया निरीक्षण

# बच्चों को नियमित भेजें स्कूल : पूर्णिमा

- क्षेत्र में जल्द ही नए स्कूल भवन मिलने का आश्वासन

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने शनिवार चासनाला राजकीय मध्य विद्यालय के जर्जर भवन का निरीक्षण किया। वहां के शिक्षकों से विद्यालय की स्थिति और पढ़ रहे छात्र-छात्राओं के विषय में जानकारी ली। विधायक ने कहा कि विद्यालय की जर्जर स्थिति के कारण विद्यालय को मजदूर हाई स्कूल सिंदरी स्थानांतरण करने के संबंध में जानकारी स्थानीय लोगों ने दी। इसके बाद जिला शिक्षा अधीक्षक भूतनाथ रजवार से बात कर विद्यालय को अन्यत्र स्थानांतरण नहीं कर सीओ के रिपोर्ट के आधार पर बगल के सेल चासनाला के ऑफिसर्स क्लब भवन में शिफ्ट करवाने की बात चल रही है। नव विद्यालय भवन के निर्माण के लिए डीएमएफटी फंड से डीसी को मेरे द्वारा झरिया अंतर्गत 11 विद्यालयों के भवन निर्माण की अनुशंसा भेजी है, जिसमें यह विद्यालय भी शामिल है। 30 अक्टूबर को न्यू टाउन हॉल में आयोजित डीएमएफटी गवर्निंग कौंसिल की बैठक में योजना की स्वीकृत प्रदान की गई है। जल्द ही विद्यालय का नया भवन होगा। विद्यालय पहुंची विधायक ने अभिभावकों से मिल कर बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि सूरज सिंह, अजीत महतो, सुभाष शर्मा, संतोष पाण्डेय, अनु सिंह, रुपेश महतो, दीपू शर्मा, अनूप पाण्डेय, दिनेश राणा, उमेश महतो, सफुल्लाह खान, वरुण ओझा और राज महतो आदि उपस्थित थे।



जर्जर स्कूल का निरीक्षण करने पहुंची झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह।

### गायत्री शक्ति पीठ के भूमि पूजन में हुई शामिल

शनिवार को जामाडोबा जीतपुर स्थित गायत्री मंदिर में गायत्री शक्ति पीठ के भूमि पूजन में विधयाक पूर्णिमा नीरज सिंह ने शिरकत किया और लोगों के साथ बैठकर सामूहिक प्रसाद भी ग्रहण किया।

# नदियों-जल स्रोतों का हमारे जीवन में काफी महत्व: प्रियदर्शी आलोक

## नदियों-तालाबों को स्वच्छ बनाने को लेकर सभी आगे आयें : एसडीओ

- विभिन्न नदियों-जल श्रोतों को स्वच्छ बनाने को ले जागरूकता के लिए गंगा रन का किया गया आयोजन
- चास गरगा नदी घाट पर चला स्वच्छता अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** नमामि गंगे अंतर्गत गंगा उत्सव के तहत शनिवार को विभिन्न नदियों-जल श्रोतों को स्वच्छ रखने को लेकर जिला गंगा समिति की ओर से गंगा रन का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व पुलिस अधीक्षक (एसपी) प्रियदर्शी आलोक ने किया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर नगर आयुक्त (एएमसी) सौरव भुवानिया आदि उपस्थित थे। गंगा रन की शुरूआत बोकारो हवाई अड्डा से गुब्बारा उड़ाकर किया गया, जो बोकारो परिसदन, तिरंगा पार्क, पर्यावरण चौक होते हुए गरगा नदी पहुंचकर समाप्त हुई। एसपी प्रियदर्शी आलोक ने अपने संबोधन में कहा कि मानव जीवन में विभिन्न नदियों-जल श्रोतों का काफी अधिक महत्व है। अगर यह नदियां-जल श्रोत स्वच्छ है, सुरक्षित हैं, तभी हमारा जीवन भी सुरक्षित है। आमजनों में अपने आसपास के नदियों-जल श्रोतों को स्वच्छ रखने के लिए जन जागरूकता उद्देश्य से इस रन का आयोजन किया गया है। उन्होंने आम लोगों से जल श्रोतों को स्वच्छ बनाने की अपील की। वहीं, चास के एसडीओ दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि नमामि गंगे के तहत जागरूकता के उद्देश्य से गंगा रन का आयोजन किया गया। हमेशा से हमारा जीवन इन नदियों-जल श्रोतों पर निर्भर रहा है। उन्होंने आम जनों से अपने आस पास की नदियों/तालाबों एवं अन्य जल श्रोतों को स्वच्छ बनाने को लेकर आगे आने का आह्वान किया। कहा कि हम सब अपना थोड़ा-थोड़ा सहयोग करें तो नदियों-जल श्रोतों को स्वच्छ रखने का संकल्प पूरा होगा। इससे पूर्व, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों, आम जनों, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों आदि द्वारा चास स्थित गरगा नदी पुल घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके पर अपर समाहर्ता मेनका, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, जिला खेल पदाधिकारी हेमलता, नमामि गंगे के नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, नोडल पदाधिकारी पंकज दूबे, परियोजना पदाधिकारी मणीकांत, नेहरू युवा केंद्र के गौरव कुमार, सिविल डिफेंस के डॉ एसपी वर्मा, डालमिया सिमेंट के प्रतिनिधि, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

# महर्षि दयानंद सरस्वती की 200 वीं जयंती पर आयोजित ज्ञान ज्योति महोत्सव का सांसद पीएन सिंह ने किया उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती पर कतरास के डीएवी उच्च विद्यालय में शनिवार से दो दिवसीय ज्ञान ज्योति महोत्सव का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए धनबाद के सांसद पीएन सिंह ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। सांसद ने महर्षि दयानंद सरस्वती की जीवनी पर प्रकाश डाला। इसके पूर्व कार्यक्रम के प्रथम चरण में सुबह नौ बजे सद्भावना यात्रा निकाली गई। इसके बाद हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। भोजन अवकाश के बाद द्वितीय सत्र की शुरूआती सत्र में तीन से छह बजे और तृतीय सत्र का संचालन हुआ। इसके बाद रविवार की सुबह नौ बजे से सांगठनिक सत्र का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर संयोजक डॉक्टर मृणाल, राजेंद्र प्रसाद राजा, जयदेव अधिवक्ता, रणधीर ठाकुर, कतरास गुरुकुल की निदेशक डॉक्टर रंजीत कुमार, अधिवक्ता अमित भगत, भागीरथ, सुरेश शर्मा, प्रभात मिश्रा, निमाई दा, उमेश ऋषि, राजकुमार प्रमाणिक, भागीरथ, राधेश्याम अग्रवाल, मोहम्मद फिरोज रजा और परवेज इकबाल आदि उपस्थित थे।

# छठ पूजा के दौरान किये जायें सुरक्षा व सहूलियत के पुख्ता इंतजाम : उपायुक्त

- वरुण रंजन ने की छठ पूजा की तैयारी को लेकर नगर निगम और छठ पूजा समिति के सदस्यों के साथ बैठक
- घाटों की सफाई, स्ट्रीट लाइट की मरम्मती समेत सुरक्षा के इंतजाम को लेकर दिए आवश्यक निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



पदाधिकारियों व पूजा समिति के सदस्यों के साथ बैठक करते डीसी वरुण रंजन।

**धनबाद।** डीसी सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभागार में छठ पूजा समितियों के साथ बैठक हुई। इस दौरान छठ पूजा समिति से आए प्रतिनिधियों ने अपने-अपने छठ घाटों से संबंधित परेशानियों से डीसी को अवगत कराया। वहीं, डीसी ने नगर आयुक्त से छठ पूजा की तैयारी को लेकर जानकारियां ली। नगर आयुक्त ने बताया कि छठ घाटों की सफाई शुरू हो चुकी है। छठ घाटों तक पहुंचने के लिए एप्रोच रोड की मरम्मती, तालाबों एवं नदियों की साफ सफाई, जलकुंभी की सफाई, छठ घाट की समतलीकरण, स्ट्रीट लाइट की मरम्मती आदि पर कार्य किया जा रहा है जो त्योहार से पहले पूरा कर लिया जाएगा। डीसी ने सभी छठ पूजा समितियां से सीसीटीवी लगाने, महिला छठ व्रतियों के लिए चेंजिंग रूम बनवाने, पटाखों के लिए अलग स्थान चिन्हित करने, स्थानीय गोताखोरों को घाट पर रखने एवं वॉलिंटियर को सक्रिय रहने की अपील की। डीसी द्वारा नगर आयुक्त को निर्देशित किया कि जहां भी फल मंडियां लगती है एवं पूजा सामग्रियों का बाजार लगता है वैसे स्थान की विशेष तौर पर साफ सफाई करें। साथ ही जितने भी डेंजर जोन वाले तालाब है उन सभी में बैरिकेटिंग करें, ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी घटना ना घटे। ब्लीचिंग और चुना पाउडर अवश्य छिड़काव करवाएं। बैठक में उपायुक्त वरुण रंजन और नगर आयुक्त रवि राज शर्मा के अलावे अपर समाहर्ता विनोद कुमार समेत सहायक नगर आयुक्त व छठ पूजा समितियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## कार्यालय -सहायक निबंधक स0स0,गुमला अंचल गुमला

### आम सभा की सूचना

जिलान्तर्गत के निबंधित लैम्पस लि० (जहाँ निर्वाचन प्रक्रिया जारी हो या समिति अवक्रमित हो या प्रशासक नियुक्त हो, को छोडकर) के प्रबंध समिति द्वारा प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में सरकार द्वारा अनुमोदित आदर्श बहुउद्येशीय प्राथमिक सहकारी समिति लि० (MPCS) को लागू करने हेतु लैम्पस लि० की वर्तमान निबंधित उपविधियों की कंडिका –1 से 65 तक के प्रावधानों में संशोधन पर विचार करने हेतु लैम्पस लि० के नाम के आगे अंकित आमसभा की तिथि एवं समय पर निर्धारित आम सभा/असाधारण आम सभा की बैठक में भाग लेकर सभा को सफल बनाने की कृपा की जाय।

नोट– सभी संबंधित लैम्पस लि० के अध्यक्ष/प्रबंध समिति के सदस्यों/प्रबंधक से आग्रह है कि प्रकाशित इस सूचना को लैम्पस लि० के भवन/सामुदायिक भवन/पंचायत भवन/आंगन बाडी केन्द्र/स्वास्थ्य केन्द्र/विद्यालयों/हाट बाजार/अन्य महत्वपूर्ण केन्द्रों पर चिपकाना तथा रजिस्टर के माध्यम से व्यक्तिगत रुप से सम्पर्क कर सभी सदस्यों को अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

| प्रखण्ड का नाम | लैम्पस लि० का नाम | साधारण आमसभा/असाधारण आमसभा की तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| गुमला जिलान्र्गत सभी (12) प्रखंड | गुमला जिलान्तर्गत सभी (160) लैम्पस | 08.11.2023 | 11.00 बजे पूर्वाहन् से |

निवेदक

सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ
गुमला अंचल गुमला।

जिला सहकारिता पदाधिकारी,
गुमला।

PR 310656Co-opretive(23-24)#D

# झारखंड सरकार में कोई विजन नहीं: जयराम महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** रोंदा बाड़ी फुटबॉल मैदान में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के बैनर तले शनिवार को बदलाव संकल्प महासभा का आयोजन किया गया। जिसमें शामिल होने संगठन के अध्यक्ष जयराम महतो महुदा पहुंचे। इससे पूर्व महुदा मोड़ स्थित स्व विनोद बिहारी महतो चौक पर स्थित शाहिद विनोद बाबू की प्रतिमा पर माल्यर्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं, झारखंडी गायिका रेवती देवी द्वारा झारखंडी भाषा व संस्कृति के अनुसार गीत, संगीत पेश किया। जयराम महतो को सुनने के लिए बड़ी संख्या में आसपास के निकटवर्ती जिलों के युवा और महिलायें पहुंची थी। कार्यक्रम का संचालन निवेद महतो और मुरली महतो ने किया। जबकि अध्यक्षता रुपदेव रवानी ने किया। पांच घंटे तक चली सभा में समिति के अलग-अलग नेता युवाओं को संबोधित करते रहे और स्थानीय नीति को लेकर सत्तारूढ़ और विपक्ष के नेताओं की आलोचना की। वहीं, अपने संबोधन में जयराम महतो गिरिडीह के सांसद और बाघमारा के वर्तमान व पूर्व विधायक को भी आड़े हाथों लिये। कहा जो गरीब का बेटा बनकर तीन वर्षों तक शासन किया उसके बावजूद बाघमारा में कोई विकास अब तक नहीं दिखा। लेकिन उनका विकास जरूर दिख रहा है। वहीं, जयराम महतो ने कहा कि बेरोजगारी देश की बहुत बड़ी समस्या है। इस बेरोजगारी को खत्म करने के लिए झारखंड में जिस स्थानीय नीति को परिभाषित करने की आवश्यकता थी, उस पर किसी सरकार ने ध्यान नहीं दिया। बिहार से अलग होने के बाद भी बिहार की दखलंदाजी के कारण राज्य के युवा बेरोजगार हैं और आज पूरा राज्य पलायन का दंश झेल रहा हैं। कहा कि झारखंड धार्मिक नहीं सांस्कृतिक प्रदेश है। झारखंड में अगर नियोजन नीति नहीं बनी और रोजगार नहीं मिला, तो हम लोग सरकार बनाएंगे। झारखंड में जल्द से जल्द नियोजन नीति लागू किया जाय। कहा कि झारखंड सरकार के पास न तो विजन है ना ही योजना। यही कारण है कि राज्यपाल ने स्थानीय नीति को वापस कर दिया और सरकार अब बैकफुट पर है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी आलोचना की। कहा कि मोदी सरकार केवल पूंजीपतियों के विकास के बारे में ही सोच रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि उन्हें वोट दें, ताकि वे दिल्ली में झारखंड की माय-माटी की मुद्दों पर उठाये व राज्य का विकास कर सके। मौके पर महासचिव, फरजान खान, मोतीलाल महतो, मनोज यादव, दीपक रवानी, रैवती देवी आदि थे।

## झरिया में अब तो भगवान भी सुरक्षित नहीं : रागिनी सिंह



झरिया (आजाद सिपाही)। लाल बाजार सोना पट्टी स्थित प्राचीन सत्यनारायण मंदिर में चोरों ने शुक्रवार की रात मूर्ति समेत महंगे आभूषणों पर हाथ साफ कर लिया। मंदिर के पुजारी की लिखित शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। वहीं सूचना पाकर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह शनिवार को मंदिर पहुंची और पुजारी से घटना की जानकारी ली। उन्होंने दुख जताते हुए कहा कि झरिया में अपराधियों का पहले ही मनोबल सातवें आसमान पर था। झरिया में अब इंसान तो क्या भगवान भी सुरक्षित नहीं रहे। लूट, रंगदारी, कोयला चोरी के बाद अब भगवान के आभूषण व मूर्तियां भी चोरी हो रही हैं। उन्होंने झरिया पुलिस से मांग करते हुए कहा कि पुलिस मामले का उदभेदन कर चोरों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करें।

## आबकारी विभाग की टीम ने कई देशी भट्ठियों को किया ध्वस्त

झरिया (आजाद सिपाही)। आबकारी विभाग की टीम ने शनिवार को झरिया के कोढिया पट्टी, नई दुनिया, आशा बिहार सहित अन्य क्षेत्रों में दबिश देकर दर्जनों शराब भट्टी को ध्वस्त कर कच्ची शराब एवं लहन को बरामद कर नष्ट कर दिया। विभाग की कार्रवाई से कच्ची शराब बनाने वालों में खलबली मची हुई है। लोग भट्ठियों को धधकता छोड़कर फरार हो गए। अगामी त्योहार को देखते हुए पूरे जिले में अवैध शराब के विरुद्ध इन दिनों अभियान चलाया चलाया जा रहा है।

## सीसीएल के जीएम सिविल क्वॉलिटी ने किया कथारा की विभिन्न परियोजना का अवलोकन

# कार्य संतोषप्रद लेकिन और सुधार की जरूरत : पीके साहू

आजाद सिपाही संवाददाता



विभिन्न परियोजनाओं का अवलोकन करते पीके साहू।

**कथारा।** सीसीएल के महाप्रबंधक (असैनिक गुणवत्ता) पीके साहू ने शनिवार को कथारा क्षेत्र के विभिन्न परियोजना में चल रहे कार्य का अवलोकन किया। वे जारंगडीह परियोजना के बाबू क्वार्टर पहुंचे। यहां श्रमिकों के कॉलोनियों की साफ-सफाई और उनके आवास में चल रहे मरम्मती कार्य का मुआयना किया। आवास में लगाए जा रहे दरवाजे-खिड़कियों की गुणवत्ता देखी। इसके बाद हाई लेवल ब्रिज के कार्य का अवलोकन किया। वहीं, कथारा स्थित डीएवी स्कूल में जाकर कार्य के संबंध की रूपरेखा का जायजा लिया। पीके साहू ने कथारा से असनापनी तक बनाये गए मुख्य सड़क का भी अवलोकन किया। इसके बाद कथारा के अतिथिगृह में आजाद सिपाही से खास बातचीत में उन्होंने कहा कि जिन कार्यो का अवलोकन किया उसमें कई चीजे संतोषप्रद दिखी। जबकि कई चीजों में सुधार की जरूरत लगी। उसके लिए दिशा निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि कथारा के संदर्भ में विभिन्न प्रकार के मामले संज्ञान में आए हैं। प्रबंधन गंभीरता से उन मामलों को देख रही है। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में औचक निरीक्षण का सिलसिला चलता रहेगा। गुणवत्ता के साथ कोई खिलवाड़ करने का प्रयास करेगा तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। प्रत्येक कालोनी में किस प्रकार के कार्य करने हैं, इसको लेकर समग्र प्राकलन बनाने की जरूरत है। वर्तमान में एक ही कालोनी के अलग-अलग कार्यो के प्राकलन बनने की कुछ जानकारी मिली। ऐसी चीजो को बंद कराया जाएगा, क्योंकि इससे विभिन्न प्रकार के संशय की परिस्थिति होती है। मुख्यालय के असैनिक विभाग की कथारा के कार्यो के संदर्भ में विशेष नजर रहेगी। इस मौके पर वरीय प्रबंधक असैनिक संजय कुमार सिंह, मुख्यालय के असैनिक प्रबंधक प्रशिक्षु अमन कथारा के मैनेजमेंट ट्रेनी असैनिक मो फिरदौस आदि उपस्थित थे।

## कार्यालय, वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल

### निलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल के अन्तर्गत अंतिम रूप से अधिहरित राज्यसात वाहनों को जहाँ एवं जिस स्थिति में है, उसी स्थिति के आधार पर बिक्री हेतु मोहरबन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक **22.11.2023 को 11:30** बजे पूर्वाहन् तक प्रमंडलीय कार्यालय में प्राप्त की जायेगी तथा उसी दिन **12:30 बजे अपराहन्** में खोली जायेगी।

निलामी हेतु अधिहरित (Confiscated) सूचीबद्ध वाहनों के मालिक या संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि इस न्यायालय द्वारा पारित राज्यसात आदेश के विरूद्ध सुनवाई हेतु किसी न्यायालय/ अपीलीय न्यायालय में विचाराधीन हो या वाहन के निलामी से आपति हो तो सूचना प्रकाशन के दो दिनों के अन्दर अपना दावा स्वंय अथवा अधिवक्ता के माध्यम से साक्ष्य के साथ कार्यालय अवधि में प्रस्तुत करेंगे । यदि सूचना प्रकाशन के उपरान्त दो दिनों के अन्दर अधिहरित (Confiscated) वाहनों पर कोई दावा इस कार्यालय में प्राप्त नहीं होगा तो यह समझा जाएगा कि किन्हीं को अधिहरित (Confiscated) वाहन की निविदा द्वारा बिक्री करने पर कोई आपति नहीं है। निविदा द्वारा वाहन बिक्री किये जाने के पश्चात किसी भी वाहन पर प्रस्तुत दावा मान्य अथवा स्वीकार्य नहीं होगा।

निविदा फार्म एवं निविदा संबंधी नियम एवं शर्त्तो से संबंधित विस्तृत जानकारी कार्यालय सूचना पट या कार्यालय से कार्यालय अवधि में प्राप्त कर सकते हैं ।

वाहनों की सूची

| क्र0 सं0 | वाहन का प्रकार एवं निबंधन संख्या/ ईजन संख्या | वन वाद सं0 | राज्यसात सं0 | वाहन जहाँ रखा है |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | टाटा 407 चे0 सं0 3570101, 50818864, E497SP21/902.65370 | 462/2016 | 65/2016 | बरही प्रक्षेत्र |
| 2 | ट्रक 407 बिनानम्बर का | 694/2018 | 03/2019 | बरही प्रक्षेत्र |
| 3 | टाटा 207 संख्या JH 02M 1699 | 103/2017 | 45/2017 | बरही प्रक्षेत्र |
| 4 | महिन्द्रा ट्रैक्टर इंजन संख्या M&M(TD)C05552888R1 चे0 संख्या 751046R5 डाला सहित | 18/2021 | 02/2021 | बड़कागांव प्रक्षेत्र |
| 5 | इन्डो फार्म ट्रैक्टर इंजन संख्या C324306264NT चे0 संख्या CNT3035006135 डाला सहित | 58/2021 | 04/2021 | बड़कागांव प्रक्षेत्र |
| 6 | बजाज मोटरसाईकल डिस्कवर संख्या JH 02R 3747 | 1479/2022 | 22/2022 | बड़कागांव प्रक्षेत्र |
| 7 | टाटा टरबो संख्या JH 01F 5299 | 367/2020 | 19/2020 | बड़कागांव प्रक्षेत्र |
| 8 | बोलेरो मैक्स पिकअप जूनियर 2WDMA1RZ2GAA81K53109GA81K26458 | 667/2020 | 24/2020 | प्रमंडलीय कार्यालय |
| 9 | पॉवर ट्रैक ट्रैक्टर 434 Engine No. T9920001008H Ch. No. T77010010 डाला सहित | 809/2020 | 31/2020 | बड़कागांव प्रक्षेत्र |
| 10 | पावर ट्रैक्टर ई0 सं0 E3069831 चे0 सं0 B30644568 डाला सहित | 273/2018 | 40/2018 | बडकागांव प्रक्षेत्र |
| 11 | आयसर ट्रैक्टर इंजन संख्या 56828426231 | 87/2012 | 04/2012 | अम्बाटोला पुलिस पिकेट |
| 12 | मोटर साईकल इंजन संख्या HA10EA8HM47591 Ch. No. MBLHA10EE8AM30034 | 88/2017 | 44/2017 | बड़कागांव प्रक्षेत्र |
| 13 | मोटर साईकल संख्या JH 02F 7322 | 46/2009 | 04/2009 | बडकागांव प्रक्षेत्र |
| 14 | आयसर ट्रैक्टर ई0 सं0 515029199077 चे0सं0 91501023123 डाला सहित | 76/2018 | 59/2018 | प्रमण्डलीय कार्यालय |
| 15 | टाटा 407 बिना नम्बर का | 501/2019 | 17/2019 | प्रमंडलीय कार्यालय |
| 16 | मारूति भान बिना नम्बर का | 426/2018 | 49/2018 | हजारीबाग प्रक्षेत्र |
| 17 | मारूति भान बिना नम्बर का | 1487/2019 | 41/2019 | हजारीबाग प्रक्षेत्र |
| 18 | महिन्द्रा शक्तिमान ट्रैक्टर ई0 सं0 930CD3946 डाला सहित | 97/2016 | 31/2016 | बडकागांव प्रक्षेत्र |
| 19 | ट्रैक्टर ई0 नं0 C324403255NS डाला सहित | 43/2017 | 02/2017 | बडकागांव प्रक्षेत्र |
| 20 | पावर ट्रैक ट्रैक्टर इं0 सं0 T77010010A29C03 डाला सहित | 26/2017 | 55/2017 | बडकागांव प्रक्षेत्र |
| 21 | बजाज डिस्कभर मोटरसाईकिल सं0– JH-11F-1057 | 2175/2021 | 60/2021 | बडकागांव प्रक्षेत्र |
| 22 | मारूती भैन– BR-23B-7284 | 18/2014 | 03/2014 | प्रमण्डलीय कार्यालय |
| 23 | महिन्द्रा मैक्सी निबंधन संख्या– JH-02S-9920 | 425/2013 | 58/2013 | चौपारण प्रक्षेत्र परिसर |
| 24 | हिरो हौण्डा सी0डी0 डीलक्स अनिबंधित | 12/2016 | 06/2016 | बरही प्रक्षेत्र परिसर |
| 25 | हिरो हौण्डा मोटरसाईकिल संख्या– BR-14D-6764 | 554/2015 | 03/2016 | बड़कागांव प्रक्षेत्र |
| 26 | बजाज मोटरसाईकिल निबंधन संख्या– JH-02E-0942 | 521/2013 | 66/2013 | बरही प्रक्षेत्र परिसर |

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल

PR 310660 (Forest, Environment and Climate Changes) 23-24 (D)


# भुवनेश्वर से जयपुर कोरापुट के लिए दूसरी फ्लाइट कल से


**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** दूसरी फ्लाइट भुवनेश्वर से जयपुर कोरापुट के लिए उड़ान भरेगी। यह सेवा नवंबर 6 तारीख से शुरू हो जायेगी। विमान सप्ताह में 2 दिन सोमवार और शुक्रवार को उड़ान भरेगा। विमान सेवाएं देने वाली कंपनी इंडिया वन एयर ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। शुरुआती ऑफर में यात्री सिर्फ 2 हजार 999 रुपये में यात्रा कर सकते हैं। यह उड़ान राज्य सरकार के आर्थिक सहयोग से चलायी जायेगी। विमान सेवा इंडिया वन एयर द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी। यह फ्लाइट सुबह 7:10 बजे भुवनेश्वर से रवाना होगी और 8:45 बजे जयपुर पहुंचेगी। जयपुर से सुबह 9 बजे रवाना होगी और 10:35 बजे भुवनेश्वर पहुंचेगी। वहीं, इंडिया वन एयर ने इस की जानकारी दी है। इस हवाई सेवा को उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। हालांकि, पहले लॉन्च के लिए ऑफर 2999 रुपये है। पहले पहली फ्लाइट 6 दिनों के लिए हवाई सेवा दे रही थी, जबकि बाद में यह 3 दिनों के लिए सेवा दे रही थी।

# सीएम नवीन पटनायक ने प्रमोद भगत और सौंदर्या प्रधान को किया सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने पैरा-एथलीट प्रमोद भगत को 2 करोड़ रुपये और सौंदर्या प्रधान को 1.5 करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किये। प्रमोद और सौंदर्य प्रधान ने हाल ही में चीन के हांगझू में संपन्न पैरा एशियाई खेलों में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से ओड़िशा और देश को गौरवान्वित किया है। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने दोनों को सम्मानित करने के साथ पुरस्कार राशि प्रदान किये है। उन्होंने दोनों के प्रदर्शन की सराहना की और बधाई दी।

मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने आश्वासन दिया है कि आगामी पेरिस पैरा ओलंपिक की तैयारी के लिए प्रमोद भगत को पूरी मदद दी जायेगी। वहीं, मुख्यमंत्री ने कहा कि सौंदर्या प्रधान को आगे भी सरकारी सहायता उपलब्ध करायी जायेगी। वहीं, प्रमोद भगत और सौंदर्या प्रधान ने मुख्यमंत्री को उनके सहयोग और प्रोत्साहन के लिए धन्यवाद दिया और आभार व्यक्त किया। प्रमोद भगत ने मौजूदा पैरा एशियन गेम्स बैडमिंटन में उल्लेखनीय सफलता हासिल की। भगत ने एक स्वर्ण सहित तीन पदक जीते। इसी तरह सौंदर्या प्रधान ने शतरंज में एक स्वर्ण और एक रजत पदक हासिल किये है।

# पूर्व तट रेलवे के सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** सप्ताह भर चलने वाले सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आज समापन हो गया। इस अवसर पर पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक मनोज शर्मा, अतिरिक्त महाप्रबंधक शरद कुमार श्रीवास्तव आदि शामिल हुए।

महाप्रबंधक श्री शर्मा ने इस अवसर पर रेलवे कर्मचारियों और उनके बच्चों के साथ-साथ विभिन्न स्कूलों/कॉलेजों के छात्रों को मौके पर निबंध, वाद-विवाद और चित्रकला प्रतियोगिताओं में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान किये। सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 के उपलक्ष्य में रेलवे के सतर्कता विभाग द्वारा कर्मचारियों और रेल उपयोगकर्ताओं को संवेदनशील बनाने और स्वच्छता लाने के लिए इन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था, जो निष्पक्ष और प्रभावी तरीके से सेवा करने में मदद करेगी। पूर्व तट रेलवे के मुख्य सतर्कता अधिकारी संजय कुमार महापात्र ने समारोह का समन्वय किया।

# 5टी और नवीन ओड़िशा के अध्यक्ष ने श्रीमंदिर परिक्रमा परियोजना को 15 दिसंबर तक पूरा करने का दिया निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** नवीन ओड़िशा और 5टी के अध्यक्ष वीके पांडियन ने शनिवार को सुबह से पुरी का दौरा किया और सुबह साढ़े चार बजे श्रीमंदिर परिक्रमा परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि परिक्रमा परियोजना में तेजी लायी जाये और इसे 15 दिसंबर तक पूरा किया जाये। 5टी और नवीन ओड़िशा अध्यक्ष ने श्रीक्षेत्र में विभिन्न मठों के पुर्णोद्धार कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। श्री पांडियन ने परिक्रमा परियोजना के भूनिर्माण कार्य में जगन्नाथ संस्कृति से संबंधित विभिन्न देशी पेड़ और झाड़ियां लगाने का सुझाव दिया। उन्होंने मेघनाद पचेरी के पास मंदिर की एक छोटी प्रतिकृति बनाने का भी सुझाव दिया। श्री पांडियन ने मंदिर से जुड़ी सड़क को अवरोध मुक्त रखने का निर्देश दिया, ताकि भगवान के दर्शन के लिए आने वाले तीर्थयात्री निर्बाध रूप से मंदिर तक पहुंच सकें। इसके अलावा उन्होंने मेघनाद पचेरी से विभिन्न उपयोगिताओं को स्थानांतरित करने, परिक्रमा परियोजना के बिजली प्रणाली के काम को समय पर पूरा करने पर जोर दिया। 5टी और नवीन ओड़िशा के अध्यक्ष ने इसके लिए अधिक लोगों को नियुक्त करने के लिए सुझाव दिया। इस दौरे के दौरान विधायक प्रणब प्रकाश दास, पुरी जिला कलेक्टर, एसपी ओबीसीसी एमडी उपस्थित थे।

# एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय में सतर्कता जागरूकता पर सम्मेलन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची/भुवनेश्वर।** एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, रांची में 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इस वर्ष केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा चुना गया विषय भ्रष्टाचार को ना कहें, राष्ट्र के लिए प्रतिबद्ध हों है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत सतर्कता जागरूकता पर सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुमार गौरव, आइपीएस, एसपी ट्रैफिक, रांची मुख्य अतिथि और सम्मानित वक्ता थे। इस अवसर पर बोलते हुए श्री कुमार ने आजकल प्रचलित साइबर अपराध के विभिन्न पहलुओं और प्रकारों के बारे में बात की और कहा कि किसी की मेहनत की कमाई को बचाने के लिए ऑनलाइन बैंक लेनदेन करते समय व्यक्तियों द्वारा सतर्क और सतर्क रहने की आवश्यकता है।

इस सप्ताह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे कर्मचारियों के लिए समूह चर्चा, और स्कूली बच्चों के लिए भाषण आदि शामिल हैं। सतर्कता जागरूकता पर प्रचार करने के लिए प्रमुख स्थानों पर बैनर और पोस्टर प्रदर्शित किये जायेंगे।

# भारतीय खाद्य निगम भुवनेश्वर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** भारतीय खाद्य निगम, क्षेत्रीय कार्यालय, भुवनेश्वर में 30 अक्टूबर से एक सप्ताह तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 मनाया गया। इसको लेकर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गयी। सतर्कता संबंधी मामलों पर प्रशिक्षण सत्र और प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद, चित्रकला आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं, जिसमें कर्मचारियों ने बहुत उत्साह के साथ भाग लिया। शनिवार को आयोजित समापन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि सौम्येंद्र कुमार प्रियदर्शी, आइपीएस, पुलिस आयुक्त, भुवनेश्वर-कटक द्वारा अनुभव साझा किया गया और भाषण दिया गया। उन्होंने समाज से भ्रष्टाचार और अपराध को उखाड़ फेंकने के लिए नागरिकों में जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता पर जोर दिया। भारतीय खाद्य निगम के महाप्रबंधक बानोथ प्रेम सिंह ने पीआइडीपीआइ और भ्रष्टाचार पर नागरिकों को सचेत करने की आवश्यकता के बारे में बात की। इस अवसर को सफल बनाने वाले मुख्य अतिथि, अधिकारियों और कर्मचारियों को अभिनव आनंद, उप महाप्रबंधक (सतर्कता) द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया।

# पूर्व तट रेलवे ने पटाखे और ज्वलनशील पदार्थ नहीं ले जाने की सलाह दी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** रेल यात्रा के दौरान यात्री गाड़ियों में पटाखे, गैस सिलेंडर, एसिड, पेट्रोल, मिट्टी का तेल आदि जैसी ज्वलनशील और विस्फोटक वस्तुएं ले जाना रेलवे अधिनियम, 1989 के तहत दंडनीय अपराध है और अपराधी को 3 साल तक की कैद हो सकती है। ट्रेन यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए पूर्व तट रेलवे ने यात्रियों से सावधान रहने और यात्री ट्रेनों में यात्रा करते समय ज्वलनशील या विस्फोटक वस्तुएं न ले जाने और न ही अपने सह-यात्रियों को ले जाने देने का आग्रह किया है। जैसे-जैसे दिवाली नजदीक आ रही है, पूर्व तट रेलवे ने यात्री ट्रेनों में पटाखे ले जाने पर रोक लगाने के लिए अपनी मशीनरी तैयार कर ली है। रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं ले जाना सख्त वर्जित है।

पूर्व तट रेलवे ने अपने सभी तीन डिवीजनों को सलाह दी है। दिवाली समारोह के दौरान यात्रियों की सुरक्षा के लिए ट्रेनों में ज्वलनशील वस्तुएं ले जाने पर कड़ी निगरानी रखने के लिए खुर्दा रोड, संबलपुर और वाल्टेयर एक विशेष सुरक्षा अभियान शुरू करेंगे। आरपीएफ और जीआरपी कर्मियों वाली सुरक्षा शाखा सतर्क हो गयी है। इसके अलावा, टीटीइ, कोच अटेंडेंट, ट्रेन के गार्ड, स्टेशन प्रबंधकों को भी ट्रेन यात्रियों को खतरे से बचाने के लिए अपराधियों पर नजर रखने की सलाह दी गयी है। सह-यात्रियों से यह भी अनुरोध किया जाता है कि यदि वे किसी यात्री को ज्वलनशील वस्तुएं ले जाते हुए देखें तो वे ऑन-ड्यूटी रेलवे स्टाफ को सूचित करें। ट्रेन में पटाखे ले जाने से संबंधित किसी भी घटना की रिपोर्ट करने के लिए यात्री हेल्प लाइन नंबर 139 पर कॉल कर सकते हैं।


































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**